सूर्योदय 7:09 सूर्यास्त 5:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 12 .5 न्यू | 21 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,666 |
| निफ्टी | 25,839 |
| सोना | 1,27,409 |
| चांदी | 1,77,054 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 10 दिसंबर 2025 | 25 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 343, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### विक्रम भट्ट और पत्नी सात दिन के रिमांड पर

**एजेंसी, उदयपुर।** बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को एसीजेएम कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस सोमवार रात करीब 10 बजे मुंबई से उदयपुर लेकर आई थी। 30 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में 7 दिसंबर को दोनों को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने मंगलवार दोपहर में दोनों को कोर्ट में पेश किया। दोनों को चित्रकूट नगर स्थित महिला अपराध एवं अनुसंधान सेल में रखा गया था। मामले की जांच डीएसपी छगन सिंह राजपुरोहित कर रहे हैं। उदयपुर पहुंचने पर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी मीडिया के सामने चेहरा छिपाते रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली कोर्ट ने सोनिया गांधी को भेजा नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस दिया है। यह नोटिस उस याचिका पर आया है, जिसमें दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से जोड़ा गया था। इसके अलावा याचिका में मजिस्ट्रेट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया है और पूरे केस का रिकॉर्ड मंगाया है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। (अनंत ज्ञान)

### बीएलओ की सुरक्षा पर ईसी को सुप्रीम नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर और बीएलओ के सुसाइड से जुड़े एक मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। याचिका सनातनी संसद संगठन ने दायर की थी। इसमें एसआईआर प्रक्रिया के बाद पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट पब्लिश होने तक बंगाल पुलिस को चुनाव आयोग के अधीन करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट में बताया गया कि बंगाल में बीएलओ के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, इसलिए वहां सेंट्रल फोर्स तैनात की जाए। (अनंत ज्ञान)

### पुतिन के बाद जेलेंस्की भी आ सकते हैं भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बाद अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले महीने भारत दौरे पर आ सकते हैं। हालांकि अभी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। जेलेंस्की का यह पहला भारत दौरा होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपतियों ने 1992, 2002 और 2012 में अब तक सिर्फ तीन बार भारत दौरा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत, रूस और यूक्रेन बीच संतुलन बनाए रखना चाहता है। 2024 में भी भारत ने ऐसा ही किया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल में बढ़ता सूखे का दौर किसानों-बागवानों की बढ़ी चिंता -पेज 3
- अब ऑफलाइन 1500 रुपए में मिलेगी टिकट -पेज 5
- शक्तिपीठों में बेहतर सुविधाएं देने पर व्यय होंगे 100 करोड़ -पेज 6
- राजस्व खातों में विसंगतियों को लेकर नंबरदारों ने किया विरोध -पेज 9
- सोलन में सफाई का जिम्मा निजी हाथों में, फिर भी नहीं सुधरी व्यवस्था-पेज 12


# वंदे मातरम्–चुनाव सुधार पर गर्माई संसद

## राज्यसभा में गृहमंत्री के वार का नेता प्रतिपक्ष ने दिया जवाब

### वंदे मातरम् का विरोध गांधी परिवार के खून में: शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' पर मंगलवार को चर्चा हुई। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने 1937 में वंदे मातरम् के केवल दो अंतरों को मान्यता दी थी। यहीं से देश में तुष्टीकरण की राजनीति शुरू हुई।



शाह ने कहा, 'इस तरह के फैसलों ने आगे चलकर देश के विभाजन का रास्ता तैयार किया। अगर उस समय पूरा वंदे मातरम् स्वीकार किया जाता तो शायद भारत का विभाजन न होता। शाह ने कहा कि जब वंदे मातरम 100 साल का हुआ, पूरे देश को बंदी बना दिया गया। जब 150 साल पर कल सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे। वंदे मातरम् का विरोध नेहरू से लेकर आज तक गांधी परिवार के खून में है। दरअसल, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में 8 दिसंबर को लोकसभा और 9 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा हुई। (अनंत ज्ञान)

### नेहरू को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा : खड़गे

**राज्यसभा** में नेता विपक्ष कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मैं 60 सालों से यह गाना गा रहा हूं, चाहे विधायक, सांसद या राज्यसभा सदस्य के तौर पर 'वंदे मातरम्' गाना हमेशा मेरी आदत रही है। मैं उन लोगों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने हाल ही में इसे पहली बार गाना शुरू किया है। अपने संबोधन के दौरान खड़गे ने 'वंदे मातरम्, वंदे मातरम्' के नारे लगाए।'



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पंडित नेहरू, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र, सरदार पटेल, गोविंद वल्लभ पंत सहित कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें सिफारिश की गई थी कि राष्ट्रीय समारोहों में जहां भी वंदे मातरम् गाया जाता है, केवल पहले दो स्टैंजा ही गाए जाने चाहिए। क्या कांग्रेस कार्यसमिति में नेहरू अकेले थे? आप उन सभी बड़े नेताओं का अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने सामूहिक फैसला लिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पंडित नेहरू को ही क्यों निशाना बनाते हैं?

## लोकसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा सांसद उलझे

### वोट चोरी एक राष्ट्र विरोधी काम : राहुल

**एजेंसी नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र जारी है। मंगलवार को इसका 7वां दिन था। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव सुधार (एसआईआर) पर 28 मिनट की स्पीच दी। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित कर रही है।



इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग रखी कि मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए। सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए। चुनाव के बाद ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी से बड़ा कोई एंटी नेशनल काम नहीं है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती। राहुल की स्पीच के दौरान 5 बार हंगामा हुआ। हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल के जिक्र के समय कांग्रेस सांसदों द्वारा मॉडल की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिड़ला नाराज हो गए।

### दुबे ने कहा- ईवीएम तो राजीव गांधी ही लाए थे

**भाजपा** सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि देश में चुनाव के लिए ईवीएम तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ही लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि 1972 की जॉइंट कमेटी की रिपोर्ट में वोटिंग अधिकार 21 साल से घटाकर 18 साल किया गया। अगर कांग्रेसियों में हिम्मत है तो इसे नकार कर दिखाएं। अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी ने इस बदलाव को इम्प्लीमेंट किया।



उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस-आरजेडी को जिन सीटों पर जीत मिली है। वहां पर एसआईआर में कई वोट डिलीट हुए थे। हम इन सीटों पर हारने वाले हैं। हम देश की राजनीति करते हैं। 70 साल का आलिमनगर का व्यक्ति तजीमुल कहता है कि मैं वोटर लिस्ट में अपना नाम डालना चाहता हूं। क्यों, बांग्लादेशी वोटर से बिहार में सरकार बनेगी। बिहार में एसआईआर का फायदा कांग्रेस को हुआ है। संविधान में 121 बार राष्ट्रपति का जिक्र है। एक संशोधन के माध्यम से कांग्रेस ने राष्ट्रपति के अधिकार खत्म कर दिए। प्रेस की पूरी स्वतंत्रता खत्म हुई।

# हर पीड़ित परिवार तक राहत राशि पहुंचाना संकल्प: सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के दर्द को राज्य सरकार ने अपनी साझा जिम्मेदारी माना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट कहा कि टूटी हुई जिंदगियों, उजड़े आशियानों और बिखरे मनोबल को फिर से खड़ा करना ही सरकार के व्यवस्था परिवर्तन अभियान का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसी सोच के साथ राहत के नियमों में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए मुआवज़े की राशि कई गुना बढ़ाई गई है, ताकि लोगों को वास्तविक मदद और नई उम्मीद मिल सके।



- आपदा राहत फैसलों से पीड़ित परिवारों को मिला सहारा
- सरकार ने राहत राशि में भी की ऐतिहासिक बढ़ोतरी

उनके अनुसार, सरकार द्वारा जारी नए प्रावधानों के अनुसार पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों पर मिलने वाली सहायता राशि को 1.30 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है। वहीं, आंशिक रूप से नुकसान झेलने वाले घरों के लिए मुआवजा 12,500 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। इतना ही नहीं, दुकान या ढाबा क्षतिग्रस्त होने पर भी अब 10,000 रुपए की जगह 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। यह बदलाव न केवल आर्थिक सहारा प्रदान करते हैं, बल्कि प्रभावित परिवारों को फिर से खड़े होने का भरोसा भी देते हैं।

सरकार की प्रतिबद्धता, दर्द से उबरने की नई शक्ति। सुक्खू ने कहा कि हर प्रभावित परिवार की पीड़ा को समझना और उन्हें नई शक्ति देना ही उनके प्रयासों की दिशा है। आपदा से टूट चुके घरों को फिर से बसाने और लोगों के मनोबल को मजबूत करने के लिए सरकार ने पूरी ईमानदारी से काम किया है। उनका कहना है कि यह राहत केवल सहायता राशि नहीं, बल्कि सरकार की संवेदना, जिम्मेदारी और हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का प्रतीक है।

# सोलन में अब सेना की जमीन पर बनेगी शहर की सबसे बड़ी पार्किंग

## सरकारी जमीन का होगा हस्तांतरण, सेना को अतिरिक्त भूमि भी देगा प्रशासन

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** प्रति व्यक्ति वाहनों की संख्या की लिहाज से सोलन एशिया में नंबर वन माना जाता है, लेकिन पार्किंग की दृष्टि यह शहर पिछड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए अब सेना की जमीन पर शहर की सबसे बड़ी पार्किंग बनेगी। इसके लिए जमीन के बदले जमीन की नीति अपनाई जा रही है। प्रशासन ने सेना की 2307 वर्ग मीटर भूमि के बदले में 3451 वर्ग मीटर भूमि का तबादला किया था। इसमें 288 वर्ग मीटर वह भूमि थी जिस पर सेना का पहले से ही कब्जा था। दोनों ओर से भूमि के तबादले की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी लेकिन सेना की और से भूमि के राजस्व रिकार्ड से संबंधित क्लारिफिकेशन लगातार जा रही थी।

सेना का कहना था कि उन्हें तबादले में जमीन 288 वर्ग मीटर कम मिली है। इस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों ने रिकॉर्ड साझा करते हुए बताया कि पूरी 3451 वर्ग मीटर भूमि का तबादला किया गया है। इसमें से 288 वर्ग मीटर भूमि को सेना के अधिकारियों ने अपना बताया, जिससे मामला लंबित हो गया। हाल ही में सेना और प्रशासन की हाई लेवल मीटिंग में सेना को अतिरिक्त जमीन देने पर सहमति बन गई है। अब प्रशासन को सरकार की 288 वर्ग मीटर भूमि सेना के नाम करनी होगी।



पार्किंग के लिए प्रस्तावित ओल्ड बस स्टैंड के साथ लगती सेना की जमीन।

### 17 वर्ष से अधर में लटका है प्रोजेक्ट

**नगर** निगम पार्किंग के निर्माण की प्रक्रिया को शुरू नहीं कर पा रहा था क्योंकि सेना से तबादले में मिली भूमि पर अभी उन्हीं का कब्जा था। इस मामले को सुलझाने के लिए एस्टेट ऑफिसर अंबाला, सीईओ डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने सेना के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें डिफेंस और अन्य सेना अधिकारियों के साथ नगर निगम आयुक्त एकता कापटा सहित राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ने 17 वर्षों से लटके इस प्रोजेक्ट का हल निकालने के लिए सेना को 288 वर्ग मीटर भूमि देने पर सहमति दे दी। इस पर दोनों पक्षों के बीच में सहमति बन गई।

> **सेना** के अधिकारियों ने तबादले में दी जा रही भूमि के संबंध में कुछ क्लैरिफिकेशन मांगी थी। क्लैरिफिकेशन भेजने के बाद भी सेना की ओर भूमि का कब्जा नहीं दिया गया। अब डीसी की अध्यक्षता में सेना के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सहमति बन गई है। 288 वर्ग मीटर भूमि सेना के नाम होते ही प्रशासन को सेना से तबादले में मिली भूमि का कब्जा भी मिल जाएगा।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन**

### संजय सूद बने प्रदेश वन विभाग के मुखिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 1993 बैच के भारतीय वन सेवा अधिकारी और स्टेट फॉरेस्ट डवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक संजय सूद को वन विभाग का प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (पीसीसीएफ) और हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स नियुक्त कर दिया है। कार्मिक विभाग ने मंगलवार को उनकी नियमित नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की। पूर्व पीसीसीएफ समीर रस्तोगी के 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद संजय सूद को विभाग का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। अब चयन समिति की सिफारिश पर राज्य सरकार ने उन्हें औपचारिक रूप से विभाग का सर्वोच्च पद सौंप दिया है। नियमित नियुक्ति के साथ ही संजय सूद को अब प्रति माह दो लाख पच्चीस हजार रुपये वेतन प्राप्त होगा, और यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू माना जाएगा। अपने कार्यकाल के दौरान वे प्रदेश के वन प्रबंधन, संरक्षण रणनीतियों और पर्यावरणीय संवर्द्धन की रूपरेखा को नई दिशा देने की जिम्मेदारी संभालेंगे। संजय सूद वर्ष 2026 के अक्टूबर महीने में सेवानिवृत्त होंगे। वे आईएफएस अधिकारियों के संघ के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं तथा वन प्रशासन में उनके अनुभव को प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियुक्ति से विभाग में नेतृत्व की निरंतरता बनी रहेगी।



# एक्शन में केंद्र सरकार, इंडिगो की उड़ानों में की 10 प्रतिशत कटौती

## रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा असर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने इंडिगो पर भी सख्त एक्शन लिया है। मंगलवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान एयरलाइन की 10% फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया। यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 230 फ्लाइट्स घट जाएंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक डीजीसीए को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है। उधर, इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी है। मंगलवार को 400 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हुईं। (अनंत ज्ञान)





### दस बडे एयरपोर्ट पर अफसर तैनात

**केंद्र** सरकार ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बडे एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं। 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

### अब हमारे ऑपरेशन स्टेबल: सीईओ

**इंडिगो** के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को कहा कि इंडिगो फिर से पटरी पर आ गया है, और हमारा ऑपरेशन स्टेबल है। लाखों कस्टमर्स को उनका पूरा रिफंड मिल गया है। हम रोजाना ऐसा कर रहे हैं। हम अपने नेटवर्क में सभी 138 जगहों पर वापस आ गए हैं और सरकार के साथ को-ऑपरेट कर रहे हैं। इंडिगो की फ्लाइट्स में कटौती की गई है। यह स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को दिया गया है।

### भारतीय चावल पर लगाएंगे एक्स्ट्रा टैरिफ: ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाली खाद पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। उनका कहना है कि दूसरे देशों से आने वाला सस्ता सामान अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। ट्रंप ने यह बात व्हाइट हाउस में उस समय कही, जब वे किसानों के लिए नई आर्थिक मदद की घोषणा कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देश अमेरिका में बहुत सस्ता चावल बेच रहे हैं, जिससे यहां के किसानों की कमाई कम हो रही है। (अनंत ज्ञान)



### इंडोनेशिया में इमारत में लगी आग, 20 की मौत

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में मंगलवार को एक 7 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हादसे में अब तक 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इनमें 5 पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हैं। इनमें स कुछ की मौत दम घुटने से हुई। जिस इमारत में आग लगी, वह टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का दफ्तर है। यह कंपनी माइनिंग और एग्रीकल्चर से जुड़े कामों के लिए ड्रोन सर्वे सेवाएं देती है। आग की शुरुआत इमारत की पहली मंजिल से हुई। जब आग लगी, तब कुछ कर्मचारी अंदर दोपहर का खाना खा रहे थे। देर शाम तक पूरी इमारत की तलाशी की जा रही थी। (अनंत ज्ञान)





## सरकार के 3 साल

### सम्मेलन स्थल 18 ब्लॉकों में विभाजित, वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा रही जिम्मेदारी

# तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, जन संकल्प सम्मेलन को पड्डल तैयार

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को पड्डल मैदान में आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं और प्रशासनिक अधिकारी मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं। मंगलवार को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों तथा आगंतुकों को किसी भी स्तर पर असुविधा न हो, इसके लिए हर व्यवस्था समयबद्ध व सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण की जाए। वहीं, उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि पड्डल मैदान को 18 ब्लॉकों में बांटकर प्रत्येक में वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं। लाभार्थियों की सूचियां अंतिम रूप ले चुकी हैं तथा उनके साथ समन्वय अधिकारियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित कर दी गई है।



जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।



भार क्षमता जांचने के लिए मंच पर चढ़े वल्लभ महाविद्यालय मंडी के बीएड के विद्यार्थी।

- नगर निगम मंडी को स्वच्छता की जिम्मेदारी

मैदान में हजारों कुर्सियां लग चुकी हैं। नगर निगम मंडी को स्वच्छता की जिम्मेदारी सौंपी गई है, मोबाइल शौचालयों की पूर्ण व्यवस्था कर दी गई है तथा पड्डल, भ्यूली, पुलघराट और खलियार में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए तीन-तीन चिकित्सा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसी बीच प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा शहर में कांग्रेस के ध्वज स्थापित कर स्वागत वातावरण को जीवंत कर रहे हैं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मंडी पहुंच चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार बुधवार को तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। राजस्व मंत्री जगत नेगी सहित तमाम अधिकारी पड्डल मैदान में सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिन-रात डटे हुए हैं।

### मंच की भार क्षमता जांची

**मंगलवार** को वल्लभ महाविद्यालय मंडी के बीएड के छात्रों को मंच की मजबूती जांचने के लिए बुलाया गया, जहां उन्होंने मंच की भार क्षमता की पुष्टि की। इससे पूर्व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी मंच की तकनीकी जांच करते हुए उसकी सम्पूर्ण क्षमता का परीक्षण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### एडीसी गर्ग ने किया शूटिंग रेंज का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एडीसी अभिषेक गर्ग ने मंगलवार को कॅरियर प्वाइंट विश्वविद्यालय खरवाड़ के परिसर में 10 मीटर शूटिंग रेंज का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने शूटिंग रेंज में उपलब्ध करवाई जा रही आधुनिक सुविधाओं की सराहना की तथा स्वयं भी टारगेट पर निशाना साधा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा, रजिस्ट्रार गुलशन संधू और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



### 91 प्रतिभागियों को दिए प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** किसी भी आपदा के समय स्थानीय समुदाय की सक्रिय और सुनियोजित प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह बात एडीसी अभिषेक गर्ग ने करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, खरवाड़ में आयोजित सात दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में कही। उन्होंने बताया कि बचाव और राहत कार्यों में एक-एक नागरिक की भूमिका जीवन रक्षक साबित हो सकती है। युवा आपदा मित्र योजना के तहत पंचायत स्तर पर स्वयंसेवी और विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड के कुल 91 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एडीसी ने छात्रों से नशे से दूर रहने और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने युवाओं में नैतिक और मानवीय मूल्यों के विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय और डीडीएमए के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आईटीबीपी जवान भूमि चंद पंचतत्व में विलीन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आईटीबीपी में तैनात हिमाचल प्रदेश के उपमंडल भोरंज के गांव डमूई के रहने वाले 56 वर्षीय जवान भूमि चंद का ब्रेन स्ट्रोक के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। करीब अढ़ाई महीने से उनका कर्नाटक में इलाज चल रहा था। 3 दिसंबर को उनका पुनः ऑपरेशन किया गया था और ऑपरेशन के बाद होश भी आ गया था, लेकिन 5 दिसंबर सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। हवाई उड़ान सेवा बाधित होने के कारण पार्थिव शरीर गांव पहुंचने में चार दिन की देरी हुई। अंततः मंगलवार सुबह उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव डमूई पहुंचा, जहां सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र अभिषेक ने मुखाग्नि दी। भूमि चंद अपने पीछे पत्नी सुनीता, पुत्र अभिषेक और विवाहित पुत्री अंजली को छोड़ गए हैं। गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। देश सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

### सीएचसी बिझड़ी को मिली एंबुलेंस सेवा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सीएचसी बिझड़ी अस्पताल में लंबे समय से चल रही एंबुलेंस सेवा की मांग पूरी हो गई है। मंगलवार को स्थानीय विधायक इंद्रदत लखनपाल ने एंबुलेंस सेवा को हरी झंडी देकर शुभारंभ किया। जजरी गांव की निवासी बीना शर्मा ने अपने पति डॉ. राम रोशन शर्मा की याद में यह एंबुलेंस अस्पताल को भेंट की। सीएचसी बिझड़ी में क्षेत्र की करीब 24 पंचायतों के लोग स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आते हैं, लेकिन इमरजेंसी के समय एंबुलेंस की अनुपलब्धता से लोग परेशान रहते थे। अब यह सेवा उपलब्ध होने से मरीजों और उनके परिवारों को राहत मिली है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बीएमओ अरविंद टडन, डॉ. दीपक और डॉ. विशाल शर्मा ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बिगड़ी पंचायत प्रधान संजय शर्मा, बोहारी पंचायत प्रधान रंजीत शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### भूमि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों की सुनवाई 18 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** तहसील नादौन के मौजा कोहला के गांव डोली घराना में खेल परिसर के निर्माण के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय नादौन में जनसुनवाई की जाएगी। एडीसी हमीरपुर और डोली घराना गांव के भूमि अधिग्रहण प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य के प्रशासक अभिषेक गर्ग ने बताया कि खेल परिसर के निर्माण के लिए गांव डोली घराना में 7561 वर्ग मीटर से अधिक जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। उन्होंने इस अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले परिवारों से 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय नादौन में जनसुनवाई में भाग लेकर अपना पक्ष रखने की अपील की है।

### सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 11-12 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लुधियाणा के निकट स्थित टाटा स्टील के एक प्रतिष्ठान में सिक्योरिटी गार्ड के 50 पदों को भरने के लिए बद्दी की कंपनी टैरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड 11 दिसंबर को सुबह साढे दस बजे उप रोजगार कार्यालय बड़सर में और 12 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 45 वर्ष तक के दसवीं पास पुरुष पात्र होंगे। इनकी लंबाई कम से कम 5 फुट 7 इंच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 18,236 रुपये मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### बस्सी-तताहर सड़क निर्माण में तेजी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भरेड़ी बाजार में बस्सी से तताहर सड़क निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। लगभग एक वर्ष से निर्माणाधीन इस परियोजना की लागत लगभग 11 करोड़ रुपए है। निर्माण के दौरान स्थानीय दुकानदारों और आम जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन हाल के दिनों में कार्य की रफ्तार बढ़ने से उम्मीद जगी है कि सड़क जल्द ही पूरी होगी। इससे क्षेत्रवासियों के आवागमन में सुविधा होगी और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और सहयोग प्रदान करने के लिए सड़क निर्माण कंपनी और लोक निर्माण विभाग का धन्यवाद किया। आभार व्यक्त करने वालों में पूर्व उपप्रधान धमरोल विपिन चैधरी, विकी शर्मा, अरुण शर्मा, अभिषेक मैहर, रिकू शर्मा, राजेश चैधरी, सोनू, मिल्खी राम और काकू चैधरी शामिल हैं। ग्रामीणों का मानना है कि सड़क के पूर्ण होने से क्षेत्र का विकास होगा और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा।

### बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय उच्च पाठशाला कंजयाण, प्राइमरी स्कूल कंजयाण और मिडल स्कूल ढो का संयुक्त वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। रामचंद्र पठानिया ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और मुख्यमंत्री के चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत 16 दिसंबर को हमीरपुर में आयोजित मैगा वॉकथॉन में भाग लेने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 7100 रुपये देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी दी गई, जैसे मुख्य सड़कों का डबल लेन निर्माण, पेयजल योजनाओं पर निवेश, और कंजयाण-सम्मूताल हैलीपैड का जीर्णोद्धार। मुख्याध्यापक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और शिक्षक, अभिभावक तथा स्थानीय नेताओं ने समारोह में भाग लिया।

### फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार पर दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम संजीत सिंह, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री, जिला राजस्व अधिकारी सुभाष कुमार, क्षेमा जनरल इंश्योरेंस और अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में रबी 2025-26 के लिए गेहूं की फसल बीमा की अंतिम तिथि 15 दिसंबर बताई गई। किसानों को प्रति कनाल केवल 36 रुपए प्रीमियम देने होंगे। प्राकृतिक आपदा से नुकसान होने पर क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बैंकिंग संस्थानों को किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को प्राथमिकता देने, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिकतम किसानों को लाभ मिल सके।

# माइनिंग लीज न देने पर अड़े ग्रामीण

## सीएम के गृह क्षेत्र में अवैध खनन से खतरे में उपजाऊ भूमि, सरकारी भवन व पुल

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार अवैध खनन को लेकर गंभीर है और अवैध खननकारियों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है, मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन की ग्राम पंचायत कश्मीर और मनसाई में अवैध खनन पर रोक नहीं लगा पा रही है।

कश्मीर गांव में जिसे माइनिंग लीज दी है उसकी अवधि समाप्त हो चुकी है बावजूद इसके अवैध खनन जारी है। यहीं नहीं इस मामले को ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में भी उठाया है, लेकिन फिर से कश्मीर गांव की मान खडड में माइनिंग लीज देने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन करने के लिए पांच साल की माइनिंग लीज दी थी वो मई 2025 में समाप्त हो चुकी है बावजूद इसके जिसे लीज दी है वो अवैध खनन कर रहा है। जिससे ग्रामीणों की उपजाउ भूमि के साथ सरकारी भवनों और घरों को भी खतरा पैदा हो गया है।



उपायुक्त और विभागों से ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग।

अवैध खनन से पानी का स्तर भी काफी नीचे चला गया है। मंगलवार को ग्राम पंचायत कश्मीर के कश्मीर, नूगरां और ग्राम पंचायत तूहणी और सदोह के ग्रामीण उपायुक्त से मिलने पहुंचे।

उन्होंने बताया कि अवैध खनन को लेकर जुलाई माइ में उक्त लीज कंपनी को दस हजार रूपए का जुर्माना भी किया गया था फिर अवैध खनन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के अलावा वन विभाग, राजस्व विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि जब तक मामला कोर्ट में तब तक किसी को भी माइनिंग लीज न दी जाए। उन्होंने बताया सभी ग्रामीण लीज विस्तार का विरोध करते हैं और वर्तमान में लीज डीड का विस्तार किसी भी कीमत पर न किया जाए। पंचायत में लीज डीड देने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खनन की वजह से कश्मीर गांव और तूहणी के लिए पुल बना है वो भी खनन की वजह से गिरने की कगार पर पहुंच गया है। मान खडड में 8 फुट तक अवैध खनन किया गया है जिससे चरागाह को भी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर को एडीसी सहित नादौन के अधिकारी भी ज्वाइंट इंस्पेक्शन के लिए आए थे और लीज डीड समाप्त होने के बाद भी हो रहे अवैध खनन करने की शिकायत की थी। कश्मीर गांव के ध्रुव सिंह राणा ने बताया कि उपायुक्त को दी गई शिकायत में प्रार्थना पत्र के साथ सभी प्रमाण पत्र और 336 लोगों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं। उन्होंने खनन अधिकारी से भी आग्रह किया कि जब भी यहां पर कोई भी रिपोर्ट तैयार करें तो गांव वासियों को भी पहले सूचना दें। उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि खनन अधिकारी इस मामले में पूरी तरह से निष्पक्ष कार्रवाई करेंगी।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 95 चुनाव हारे : अनुराग ठाकुर

**कहा- 2026 तक 100वीं चुनावी हार का रिकॉर्ड बनने की भविष्यवाणी**

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी चुनाव सुधार प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अब तक 95 चुनावों में हार का सामना कर चुकी है और 2026 तक 100 चुनावी हार का रिकॉर्ड बनाएगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई पुराने कानून हटाकर और नए कानून बनाकर चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अधिक अधिकार दिए हैं, और इसका विरोध कांग्रेस का राजनीतिक बहाना है।



सांसद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस बार-बार ईवीएम और वीवीपैट पर सवाल उठाती रही, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं के सामने मुद्दे को प्रस्तुत करने से परहेज किया। बिहार चुनावों के दौरान किसी ने भी वोट रद्द किए जाने का दावा नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के पास आपत्ति दर्ज कराने का पूरा समय था, लेकिन किसी ने इसे लागू नहीं किया। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है, न कि ईवीएम और मतदाता सूची पर आरोप लगाने की। उनका कहना था कि यह कवायद लोकतंत्र की पारदर्शिता और चुनावी निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है।

# भरेड़ी बाजार में फिर स्थापित हुए आधुनिक सीसीटीवी कैमरे

**'तीसरी आंख' की निगरानी से सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़**

अनंत ज्ञान, भोरंज

भरेड़ी बाजार में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए हाल ही में वर्षाशालिका के पास आधुनिक सीसीटीवी कैमरे पुनः स्थापित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही पूरा बाजार क्षेत्र अब फिर से 'तीसरी आंख' की निगरानी में आ गया है।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, पहले भी बाजार में कैमरे लगाए गए थे, लेकिन लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क निर्माण कार्य के दौरान इन्हें हटाना पड़ा था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन और बाजार प्रबंधन समिति के सहयोग से कैमरों को दोबारा इंस्टॉल किया गया है।

कैमरों के पुनः सक्रिय होने से बाजार में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद है। चोरी, झगड़े, छेड़छाड़ और अन्य अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखना अब पहले से ज्यादा आसान होगा। पुलिस इन कैमरों की मदद से किसी भी घटना की फुटेज तुरंत प्राप्त कर सकेगी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर पाएगी।

इसके अलावा, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने में भी इन कैमरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बाजार में अक्सर होने वाली भीड़ और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से निपटने में अब मदद मिलेगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी आसानी से कार्रवाई की जा सकेगी। बाजार के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि कैमरे लगने से लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि आने वाले समय में बाजार के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी ऐसी निगरानी व्यवस्था को विस्तार दिया जाए।

# सुजानपुर का नया बस स्टैंड एक वर्ष में होगा तैयार : कैप्टन रणजीत



सुजानपर में विधायक कैप्टन रणजीत ने भूमि पूजन कर शुरू करवाया निर्माण कार्य।

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

डोली में चिन्हित स्थान पर बन रहे नए बस स्टैंड का निर्माण कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा होगा। मंगलवार को विधायक सुजानपुर कैप्टन रणजीत ने निर्माण स्थल पर पहुँचकर विधिवत पूजा अर्चना की और खूंटी चलाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस परियोजना के लिए करीब 5 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है, जिसमें पहली किस्त 3 करोड़ 90 लाख रुपए जारी कर दी गई है।

विधायक ने बताया कि नया बस स्टैंड अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग वेटिंग एरिया, टिकट और बुकिंग काउंटर, चालक-परिचालक के लिए रात्रि ठहराव तथा लगभग आठ दुकानें शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि पुराने बस स्टैंड पर बस सेवाएं नियमित रूप से चलती रहेंगी, लेकिन लंबे समय तक खड़ी बसों के कारण जाम की समस्या को हल किया जाएगा। विधायक ने व्यापार मंडल और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करके पुराने बस स्टैंड को विकसित करने के उपायों पर चर्चा करने की बात कही।

स्वागत के लिए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, विभागीय एसडीओ विजय धीमान, ठेकेदार विनय गुप्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### चोरी की आरोपी निकली पीड़िता की बेटी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस ने थाना सदर क्षेत्र में हुई घर में चोरी की वारदात को आधुनिक तकनीक की मदद से सुलझा लिया है। पीड़िता सुमना देवी ने बताया कि उसके घर गांव रोपा से सोने-चांदी के गहने और नकदी दिनांक 27 नवंबर की रात को चोरी हो गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में एसएचओ निरीक्षक कुलवंत सिंह, थाना सदर और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई की। मौके का निरीक्षण किया गया, बयान लिए गए तथा मोबाइल कॉल डिटेल का विश्लेषण किया गया। जांच में पीड़िता की बेटी कोमल पर संदेह पुख्ता होने पर उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया, जहां उसने चोरी स्वीकार की। उसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया और पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर बरनाला (पंजाब) से करीब 17 लाख रुपए के गहने बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि यह सफलता पुलिस टीम की मेहनत, तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई का परिणाम है। आगे की जांच जारी है।

### मेडिकल कॉलेज में फर्जी रैगिंग मेल ने उड़ाए होश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के सैनिक स्कूल में रैगिंग का मामला सामने आने के बाद अब मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एक प्रशिक्षु ने मेल के माध्यम से रैगिंग होने की शिकायत की है। यह मेल दो तीन बार मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्राचार्य की मेल आईडी पर भेजी गई है। इस मामले के बारे में पुलिस को भी कोई सूचना नहीं दी गई है। जब कि मेडिकल कॉलेज ने जांच करने के बाद इसे फर्जी पाया है। फिर रैगिंग होने के मामले में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के होश उड़ाए दिए हैं। हालांकि इस बारे में मेडिकल कॉलेज के अन्य अधिकारियों को भी इसकी जानकारी नहीं है।

### पुल निर्माण, एक साल के लिए ट्रैफिक डायवर्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर-लंबलू सड़क पर बोहनी के पास नए पुल के निर्माण कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात को एक साल के लिए डायवर्ट किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि पुल के निर्माण कार्य के चलते बोहणी के पास मुख्य सड़क पर यातायात अगले वर्ष 25 नवंबर तक बंद किया गया है। इस दौरान हमीरपुर से लंबलू की ओर जाने वाले भारी वाहन बोहनी चैक से गांव छेओरीं से होते हुए हरसों-लघवाण सड़क पर बने गुधवीं पुल के पास मुख्य मार्ग तक पहुंच सकते हैं। इसी प्रकार लंबलू से हमीरपुर की ओर आने वाले भारी वाहन गसोता मंदिर के गेट से कोहली के रूट से हमीरपुर पहुंच सकते हैं। इसके अलावा छोटे वाहनों के लिए पुराने गुधवीं पुल के पास ही डायवर्जन रूट बनाया गया है।

### पेंडिंग बिलों की अदायगी की घोषणा का स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा और कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि प्रदेश के सभी पेंडिंग पेंशनर्स के मेडिकल बिल एक माह के भीतर भुगतान किए जाएंगे। हमीरपुर जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एस.के. कौड़ा और महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि पेंडिंग बिल तुरंत ट्रेजरी में प्रस्तुत किए जाएं, ताकि बजट प्रावधान के माध्यम से भुगतान समय पर हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पेंशनर्स का बिल किसी कार्यालय में लंबित न रहे, अन्यथा संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। पेंशनर्स संगठन ने सीएम की घोषणा का स्वागत किया व 17 दिसंबर को घुमारवीं में आयोजित राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि आने पर उनका धन्यवाद किया।

### संस्था 25 को मनाएगी वाजपेयी का जन्मदिन




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अटल प्रेम सेवा संस्था उटपुर सेक्टर की मीटिंग उहल विश्राम घर मे हुई। मीटिंग का आयोजन संस्था के अध्यक्ष विजय बहल की अध्यक्षता में हुई। इसमें अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसंबर के अवसर पर कार्यक्रम करवाने पर विस्तृत चर्चा हुई व इसमें श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा देश के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। इसमें सैकंडो लोगों ने भाग लिया जिनमें मुख्य रूप से संस्था के उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, सचिव अनिल शामा, एमएस चैहान, कैप्टन हरनाम सिंह, सूबेदार विचित्र चैहान, रामेश, ओंकार, डॉ प्रेम, बलवीर, विनोद ठाकुर, विधि चंद, विनोद ठाकुर, ओम प्रकाश साहित कई उपस्थित रहे।

### महादेवी स्टोन क्रशर के खिलाफ अवैध खनन रॉयल्टी चोरी की जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय हमीरपुर में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर मेसर्स महादेवी स्टोन क्रशर, री के खिलाफ अवैध खनन एवं रॉयल्टी चोरी की जांच शुरू की गई। जांच में लीज डीड, रॉयल्टी रसीदें, बिजली खपत रिकॉर्ड तथा डब्लयू एवं एक्स फॉर्म रजिस्टर के परीक्षण से गंभीर अनियमितताएं सामने आई है। फर्म ने डब्लयू फॉर्म' का दुरुपयोग करते हुए इसे आंतरिक परिवहन की बजाय बाहरी बिक्री हेतु प्रयोग किया, जिससे 28,180 मीट्रिक टन खनिज की अवैध निकासी व परिवहन हुआ। इसके अतिरिक्त अगस्त-दिसंबर 2022 के दौरान बिना रॉयल्टी भुगतान के 17,572 मीट्रिक टन खनिज का उत्पादन किया गया। कुल 45,752 मीट्रिक टन अवैध खनन से सरकार को लगभग 36.60 लाख रूपए का राजस्व नुकसान हुआ। इस मामले में थाना सुजानपुर में प्राथमिकी स धारा 379, 420, 468, 120-ठ प्ब्ब् के तहत दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि जांच जारी है तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तीन महीने से वेतन को तरस रहे पुन : रोजगार प्राप्त शिक्षक

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश में पुनः रोजगार प्राप्त शिक्षकों का वेतन सितंबर 2025 से अब तक लंबित है, जिससे ये शिक्षक गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति नहीं लेकर इस शिक्षकों ने स्कूलों में सत्रांत तक सेवाएं देने का विकल्प चुना नियमित रूप से अपनी सेवाएँ देने के बावजूद तीन माह से वेतन नहीं मिला और न ही पेंशन लगी। सेवानिवृत्ति के बाद देय वित्तीय लाभ भी नहीं मिले। इस तरह ये शिक्षक वेतन और पेंशन दोनों लाभों को तरस रहे हैं।

राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि सरकारी बजट प्रणाली के अनुसार इन शिक्षकों का वेतन मेजर हेड 2202 दूस्कूल शिक्षा तथा माइनर हेड 01 दूवेतन के अंतर्गत ही स्वीकृत और देय होना था मगर इसकी लिखित अधिसूचना वित्त विभाग ने नहीं की है जिसके चलते इनके वेतन बिल नहीं बन रहे। इन शिक्षकों को इसी हेड के अंतर्गत वेतन जारी करने में कोई तकनीकी बाधा नहीं है। दुखद तथ्य यह है कि पुनः रोजगार शिक्षकों को न तो पेंशन का लाभ दिया जा रहा है और न ही अन्य कोई वित्तीय सुविधा उपलब्ध है, ऊपर से शिक्षा विभाग ने इनके लिए किसी भी प्रकार का आकस्मिक अवकाश का भी प्रावधान नहीं किया है, जबकि लोक निर्माण विभाग में पुनः रोजगार प्राप्त कर्मियों को प्रति माह एक आकस्मिक अवकाश देने का स्पष्ट नियम है। संघ ने हिमाचल प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग स आग्रह किया है कि वे पुनः रोजगार प्राप्त शिक्षकों का लंबित वेतन तुरंत जारी करने हेतु संबंधित हेड अधिसूचित करें और एक सप्ताह के भीतर तीन माह का लंबित भुगतान करें। इसके अलावा प्रति माह एक आकस्मिक अवकाश का प्रावधान भी इन शिक्षकों हेतु अधिसूचित करें। साथ ही वित्तीय लाभों पर लगी रोक हटाकर इन शिक्षकों को सम्मानजनक स्थिति में अपनी सेवाएँ जारी रखने की सुविधा प्रदान की जाए। राज्य की शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अनुभवी शिक्षकों के साथ हो रहा यह अन्याय तुरंत समाप्त होना चाहिए।

### 16 को चिट्टे के विरोध में मेगा वॉकथॉन में लें भाग: अमरजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी जिलावासियों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे चिट्टे जैसे बेहद खतरनाक नशीले पदार्थ के विरोध में प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान के तहत 16 दिसंबर को हमीरपुर में आयोजित होने वाले मैगा वॉकथॉन में अधिक से अधिक संख्या भाग लें। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित किए जा रहे इस वॉकथॉन की अगुवाई स्वयं मुख्यमंत्री करेंगे। अमरजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री भी इस मेगा वॉकथॉन के दौरान शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान से नादौन चैक, गांधी चैक, मुख्य बाजार, अस्पताल चैक और बस स्टैंड से वापस स्कूल मैदान तक पैदल मार्च करके चिट्टा का विरोध करने का संदेश देंगे। इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों और अन्य लोगों के लिए पुलिस की ओर से विशेष व्यवस्था की जाएगी। पुलिस का प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा 'हॉरमनी ऑफ पाइन्स' और ब्रास बैंड अपनी शानदार प्रस्तुतियों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन एवं भरपूर मनोरंजन करेंगे।

**आयुर्वेदिक अस्पताल की दास्तां** बेहतर भवन व सुविधाओं के बावजूद बना 'सफेद हाथी', खाली पड़े वार्ड व मरीजों की संख्या न्यूनतम

# 6 के बजाए 8 डॉक्टर, फिर भी 'इंडोर पेशेंट' नहीं

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**हमीरपुर।** यहां जिला मुख्यालय पर स्थित 50 बिस्तरों वाले आयुर्वेदिक अस्पताल की दास्तां भी निराली है। मरीजों को इस अस्पताल का कितना फायदा हो रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि इंडोर पेशेंट न के बराबर है। गलती से कभी कभार इक्का-दुक्का मरीज दाखिल हो जाएं तो गनीमत, लेकिन बहुत ही बेहतर भवन वाले इस अस्पताल में व्यवस्थाएं तो सारी हैं, लेकिन मरीजों का टोटा आखिर क्यों है? इस पर न तो सरकार का ध्यान है और ना ही विभाग को इसे परखने का समय। अस्पताल को यदि सफेद हाथी कह दिया जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि जिला मुख्यालय के इस तरह के दर्जे के अस्पताल में जो व्यवस्थाएं होनी चाहिए, उनकी कमी इक्का दुक्का महीनों से नहीं, लंबे समय से चल रही है।

खूबसूरत दिखने वाली इसकी दोनों बिल्डिंग की ऊपरी मंजिलों में स्थित मरीजों के सभी वार्ड खाली हैं। सोमवार को जब यहां का दौरा किया गया, तो किसी भी वार्ड में कोई भी मरीज नजर नहीं आया। यह स्थिति केवल सोमवार की ही नहीं है, हर रोज यही स्थिति रहती है। अब मरीज यहां दाखिल क्यों नहीं हो रहे? इस पर किसी का भी कोई ध्यान क्यों नहीं है। यही सबसे बड़ा 'यक्ष' प्रश्न है।



**बवासीर सहित अन्य रोगों के इलाज के लिए वार्ड तैयार, पर डॉक्टरों की कमी**

**सरकार और विभाग की लापरवाही से उठ रहे सवाल क्यों खाली पड़े वार्ड?**

बवासीर के रोगियों की यहां कुछ समय पहले तक भीड़ लगी रहती थी। उनके ऑपरेशन हुआ करते थे, लेकिन उसे व्यवस्था के कमरे खाली पड़े हुए हैं। साजो समान सजा हुआ है मगर बीमारी का इलाज करने वाले डॉक्टर की यहां मौजूदगी नहीं है। कुछ दिन पहले एक डॉक्टर आए थे, लेकिन उन्हें डायरेक्टरेट तब्दील कर दिया गया है।

आयुर्वेदिक डॉक्टर के यहां आठ पद सृजित हैं, लेकिन डॉक्टर्स की तादाद यहां आठ है। कारण यह है कि दो डॉक्टर्स की तैनाती तो किसी दूसरी जगह है, मगर डेपुटेशन पर उनकी मौजूदगी इसी जिला मुख्यालय के अस्पताल में बनाई गई है। उसकी जरूरत कितनी है, इसका पता तो विभाग के आला अधिकारियों को होगा या फिर सरकार को? लेकिन जहां और सुविधाओं की कमी के बीच मरीज घट रहे हैं, वहां डॉक्टर्स की ज्यादा तैनाती का क्या औचित्य? एस्टल का कैंपस वाहनों की पार्किंग से सजा पड़ा है इलाके में आने वाले वाहन चालक यहीं पर अपनी पार्किंग करते हैं। हालांकि इससे अस्पताल को तो फायदा हो रहा है, मगर यहां जगह तो उन वाहनों की है, जो मरीजों के साथ आते हैं। लेकिन ठीक है, मरीज नहीं तो वाहन ही सही।

### लैब बंद और स्टाफ की कमी से मरीजों को नहीं मिल रही सुविधाएं

**मरीज** यहां दाखिल क्यों नहीं हो रहे इसका बहाना लैब के बंद होने पर मढ़ा जा रहा है। कुछ हद तक दो यह बात सही है। क्योंकि 1 साल से यदि लैब में टेक्नीशियन ही नहीं होगा, तो फिर खून के या फिर अन्य सैंपल कौन जांचेगा? यह कारण भी बड़ा है। जो भी हो यहां जिला मुख्यालय जैसी सुविधाएं मरीज को क्यों नहीं मिल पा रही सरकार और विभाग के आला अधिकारियों को सोचना चाहिए।

### एमएस बोले- सर्दी व लैब बंद होने के कारण मरीजों की संख्या कम

अस्पताल के एमएस डॉ दिलीप सिंह ठाकुर का कहना है कि ठंड का मौसम है और इन दिनों दाखिल होने वाले मरीजों की तादाद कम रहती है। उनके मुताबिक सोमवार को तीन मरीज दाखिल बताए गए हैं। लेकिन मौके पर किसी भी वार्ड में भर्ती मरीज दिखे नहीं है। उनका यह भी कहना था कि लैब भी बंद है शायद इसका भी कोई असर रहा होगा डॉक्टर के छह पद हैं और दो अतिरिक्त डॉक्टर भी यहां डेपुटेशन पर आए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल में राजभवन का नाम लोकभवन में बदलने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजभवन अब नए नाम लोकभवन के रूप में जाना जाएगा। राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल की मंजूरी के बाद मंगलवार को जारी अधिसूचना के साथ यह परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू हो गया है। अब सभी सरकारी पत्राचार, अभिलेख, भवन संकेतक, वेबसाइट और अन्य आधिकारिक रिकॉर्ड में राजभवन की जगह लोकभवन लिखा जाएगा। विभागों ने रिकॉर्ड अपडेट करना शुरू कर दिया है और भवन के नामपट्ट बदलने की प्रक्रिया भी जारी है। केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों के राजभवन का नाम लोकभवन करने के निर्णय के बाद हिमाचल में भी यह बदलाव लागू किया गया है, जिससे शासन व्यवस्था में जन-सरोकारों की अवधारणा को और प्रमुखता देने का संदेश दिया जा रहा है।

### हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग में प्रो. ममता मोक्टा 6 वर्ष के लिए बनीं सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की प्रोफेसर ममता मोक्टा को लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रो. मोक्टा वर्तमान में विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर और लोक प्रशासन विभाग की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब वे छह वर्ष की अवधि तक आयोग में सेवाएं देंगी, हालांकि यदि इस अवधि से पहले उनकी आयु 62 वर्ष पूरी होती है, तो कार्यकाल स्वतः समाप्त माना जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि उनकी सेवा शर्तें हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (सदस्य) विनियम 1974 के तहत ही लागू होंगी। गौरतलब है कि इससे पहले जुलाई में भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी डॉ. पवनेश कुमार को आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया था।

### हवलदार संजीव के निधन पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 13वीं बटालियन डोगरा रेजिमेंट के हवलदार संजीव कुमार के निधन ने पूरे हिमाचल प्रदेश को शोक में डूबा दिया है। बैजनाथ उपमंडल के डंडेरा गांव के रहने वाले हवलदार संजीव कुमार का कमांड अस्पताल, बेंगलुरु में बीमारी के कारण निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हवलदार संजीव कुमार ने राष्ट्र की सेवा में जो योगदान दिया, वह प्रदेश और देश के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि कठिन समय में प्रदेश सरकार संजीव के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हवलदार संजीव ने अदम्य साहस और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की सेवा की, जिसे सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहीद के परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# हिमाचल में बढ़ता सूखे का दौर किसानों–बागवानों की बढ़ी चिंता

## दिसंबर माह भी सूखा रहा तो बिगड़ेंगे हालात, सेब बागवानों की तैयारियां अधर में

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ऊंची पर्वत–शृंखलाओं पर हुई हल्की बर्फबारी के बावजूद निचले और मध्यम पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार शुष्क मौसम ने चिंता बढ़ा दी है। रोहतांग, बारालाचा और शिंकुला जैसे दर्रों पर फाहे जरूर गिरे हैं, लेकिन प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिसंबर की शुरुआत अब तक सूखी रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 13 और 14 दिसंबर के आसपास हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई गई है, लेकिन अभी तक आसमान साफ है और दिन में धूप खिली हुई है।

जानकारी के अनुसार लगातार चल रहे इस ड्राई स्पेल ने सेब उत्पादकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बागवानों का कहना है कि दिसंबर में मिट्टी की नमी बढ़ने के लिए बर्फबारी बेहद जरूरी होती है, ताकि जनवरी–फरवरी में पेड़ आराम की अवस्था में जा सकें। इस बार नमी की कमी के कारण नई पौध लगाने का काम ठप पड़ा है। जिन खेतों में नए प्लांटेशन की तैयारी होनी थी, वहां अब तक जुताई तक नहीं हो पा रही। गोबर–खाद भी कड़ी और सूखी मिट्टी में मिल नहीं पा रही, जिससे बगीचों की पोषण–संरचना पर सीधा असर पड़ रहा है।

सितंबर–अक्तूबर माह में लगातार बारिश और भूस्खलनों से किसान–बागवान पहले ही भारी नुकसान झेल चुके थे। कई खेत जलभराव के कारण खराब हुए, सड़कें बंद रहीं और आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई। अब जब नई फसल के लिए खेतों को फिर से तैयार करने का समय आया है, तो बारिश और बर्फबारी की कमी ने हालात और कठिन बना दिए हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि दिसंबर में भी इस तरह सूखा बना रहा, तो सेब, नाशपाती व अन्य बागवानी फसलों की समयबद्ध क्रियाएं प्रभावित होंगी, जिसका असर अगले सीजन की उपज पर पड़ सकता है।

### 14 दिसंबर से मौसम बदलने के आसार

**मौसम** विभाग ने 14 दिसंबर को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है, जिससे किसानों और बागवानों में थोड़ी उम्मीद जगी है, लेकिन अब तक मौसम की अनिश्चितता ने सभी को बेचैन कर रखा है। बागवानों का कहना है कि प्राकृतिक नमी के बिना बागवानी संभव नहीं हैं, और यदि दिसंबर के मध्य तक ठंड तथा बर्फ पर्याप्त नहीं हुई, तो हिमाचल की बागवानी पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में इस समय प्रकृति और खेती दोनों ही किसी राहत की प्रतीक्षा में हैं।

# हिमाचल सरकार ने वर्ष 2026 का अवकाश कैलेंडर किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के लिए राजपत्रित, प्रतिबंधित तथा महिलाओं के लिए विशेष अवकाशों का विस्तृत कैलेंडर जारी कर दिया है। आगामी वर्ष में विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों, धार्मिक उत्सवों और ऐतिहासिक तिथियों को ध्यान में रखते हुए छुट्टियों का यह वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया गया है। राज्य में कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह कैलेंडर प्रशासनिक सुचारुता और वर्षभर के नियोजन को सरल बनाता है।

जारी सूची के अनुसार वर्ष 2026 की शुरुआत राज्यत्व दिवस, गणतंत्र दिवस, गुरु रविदास जयंती और महाशिवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्वों से होगी। इसके साथ ही होली, ईद–उल–फितर, गुड फ्राईडे, अंबेडकर जयंती, हिमाचल दिवस, बुद्ध पूर्णिमा, ईद–उल–जुहा, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, गांधी जयंती, दुर्गा पूजा, दीपावली, गुरु

**वार्षिक राजपत्रित अवकाशों की घोषणा, महिलाओं के लिए विशेष अवकाश का प्रावधान**

नानक जयंती और क्रिसमस जैसे प्रमुख त्योहारों पर भी राजपत्रित अवकाश निर्धारित किए गए हैं। यह सभी पर्व प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता के प्रतीक माने जाते हैं।

राज्य सरकार ने वर्ष 2026 में महिला कर्मचारियों के लिए तीन विशेष अवकाश भी स्वीकृत किए हैं। इनमें रक्षाबंधन, करवाचौथ और भाई दूज शामिल हैं। ये अवकाश पारिवारिक और सामाजिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निर्धारित किए जाते हैं, जिनका लाभ सभी सरकारी, बोर्ड, निगम तथा शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मचारी उठा सकेंगी।

### प्रतिबंधित अवकाशों की सूची भी जारी

**सरकार** ने उन 12 पर्वों की भी घोषणा की है जिन्हें प्रतिबंधित अवकाश की श्रेणी में रखा गया है। इन अवसरों पर कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार अवकाश का चयन कर सकेंगे। इनमें नववर्ष दिवस, मकर संक्रांति, बसंत पंचमी, स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती, महावीर जयंती, ईस्टर संडे, रवींद्रनाथ टैगोर जयंती, गणेश चतुर्थी, दशहरा (महाष्टमी), गोवर्धन पूजा, गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस तथा क्रिसमस ईव शामिल किए गए हैं।

# सुन्नी में चिट्टा मुक्त समाज बनाने को जुटे हजारों लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सुन्नी में चिट्टा मुक्त रैली निकालते बच्चे, अधिकारी व स्थानीय लोग।

उपमंडल प्रशासन द्वारा चिट्टा मुक्त अभियान को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को सुन्नी में उपमंडल स्तरीय विशाल जन–जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में नशा मुक्ति का संदेश देते हुए समाज को जागरूक करने का संकल्प व्यक्त किया।

रैली का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सुन्नी राजेश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। शुरुआत के साथ ही बच्चों और युवाओं को नशा विरोधी शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का प्रण लिया। उपमंडल अधिकारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़ी गई मुहिम को अधिक प्रभावी बनाने और इसे जन–आंदोलन का स्वरूप देने के लिए सुन्नी में यह एंटी–चिट्टा रैली आयोजित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले हमारा सुन्नी रहे चिट्टा मुक्त थीम पर आयोजित मिनी मैराथन को व्यापक जनसमर्थन मिला था। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य अधिकारियों, कर्मचारियों, नवयुवकों और आम नागरिकों को इस महाअभियान से जोड़कर संपूर्ण समाज को नशा मुक्त वातावरण प्रदान करना है।

रैली पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, नया बस स्टैंड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंची, जहाँ इसका सफल समापन किया गया। समापन सत्र में भी प्रतिभागियों को नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई गई।

# वेतन को लेकर एचआरटीसी कर्मियों ने किया विरोध–प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आर्थिक संकट से जूझ रही हिमाचल सरकार नौ दिन बाद भी हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाई। मंगलवार को शिमला के पुराने बस अड्डे के बाहर ड्राइवर–कंडक्टरों ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर वेतन और वित्तीय लाभ नहीं दिए गए तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। यूनियन अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि हर महीने सड़कों पर उतरकर वेतन मांगना कर्मचारियों की मजबूरी बन गया है।

**बोले-15 दिनों में वेतन और वित्तीय लाभ नहीं दिए गए तो आंदोलन होगा उग्र**

मान सिंह ने बताया कि चौबीस दिसंबर को एसोसिएशन की बैठक में बड़े फैसले लिए जाएंगे, जिसमें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी मंथन होगा। उनका कहना था कि सरकार के रवैये ने कर्मचारियों को बसें खड़ी करने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ओवरनाइट भत्तों के सौ करोड़ रुपए लंबित हैं और वर्ष 2016 से एरियर का भुगतान अब तक नहीं हुआ, जबकि मेडिकल बिल भी पांच वर्ष से अधिक समय से अटके पड़े हैं।

मान सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि निगम की वर्कशॉप में कलपुर्जों और मैकेनिकों की कमी के कारण बसों की मरम्मत बाधित है, फिर भी खराब वाहनों को रूटों पर भेजने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में ड्राइवर–कंडक्टरों को चार्जशीट की धमकी दी जाती है और रूट पर बस ख़राब होने पर पब्लिक का गुस्सा कर्मचारियों पर आता है, जिससे उनकी दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

# दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिले सांसद सुरेश कश्यप और चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**


केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ सांसद सुरेश कश्यप और चेतन बरागटा।

हिमाचल प्रदेश के लिए शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष अक्तूबर के पहले सप्ताह में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है, जब केंद्र सरकार ने शिमला जिले के कोटखाई और सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में दो नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी। इन विद्यालयों के जुड़ने के साथ प्रदेश में केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़कर 28 हो जाएगी, जिससे हजारों विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह निर्णय पहाड़ी प्रदेश के लिए शिक्षा की नई रोशनी के रूप में देखा जा रहा है।

नई दिल्ली में मंगलवार को शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप और जुब्बल–कोटखाई के भाजपा नेता चेतन बरागटा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि कोटखाई और पांवटा साहिब जैसे क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालय का खुलना वहाँ के विद्यार्थियों और परिवारों के लिए लंबे समय से जुड़ी प्रतीक्षा का सुखद अंत है। इससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने घर–द्वार पर ही उपलब्ध होगी।

**कोटखाई और पांवटा साहिब में नए केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति पर जताया आभार**

भाजपा नेता चेतन बरागटा ने कहा कि इन विद्यालयों का खुलना वास्तव में पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा की ऊंचाइयों को नई दिशा देगा। कई वर्षों से कोटखाई और पांवटा साहिब के लोगों की मांग रही है कि उनके बच्चों को केंद्रीय विद्यालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों। अब यह सपना पूरा होने जा रहा है और इससे स्थानीय बच्चों को बेहतर वातावरण, उत्कृष्ट शिक्षण और आधुनिक सुविधाओं का लाभ उसी क्षेत्र में मिलेगा जहां वे रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने देश के हर क्षेत्र में शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता को मजबूत रूप से आगे बढ़ाया है और हिमाचल प्रदेश भी इस संकल्प का लाभ उठाने वाली प्रमुख भूमि बन रहा है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सांसद और भाजपा नेता को आश्वस्त किया कि विद्यालयों की स्थापना से जुड़े निर्माण, प्रबंधन और संचालन से संबंधित सभी कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि आने वाले शैक्षणिक सत्र से ही विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। कोटखाई और पांवटा साहिब में केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना लंबे समय से स्थानीय जनता की प्रमुख मांग रही थी और केंद्र सरकार द्वारा इसे पूरा किया जाना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

# मेयर कार्यकाल बढ़ाने के मामले में अगली सुनवाई 30 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नगर निगम के मेयर का कार्यकाल अढ़ाई वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर हिमाचल हाईकोर्ट ने सुनवाई 30 दिसंबर तक टाल दी है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि कार्यकाल बढ़ाने संबंधी अध्यादेश विधानसभा से पारित हो चुका है, इसलिए अब यह याचिका मान्य नहीं रहती। वहीं, याचिकाकर्ता अंजली सोनी वर्मा ने दलील दी कि राज्यपाल की मंजूरी अभी लंबित है, इसलिए कानून में कोई बदलाव प्रभावी नहीं माना जा सकता। याचिकाकर्ता का कहना है कि सरकार ने एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए यह कदम उठाया है। उनका तर्क है कि मौजूदा मेयर का कार्यकाल पूरा होने के बाद एससी कोटे की पात्र महिला को मेयर बनाने का संवैधानिक अवसर मिलना चाहिए था, जिसे अध्यादेश लाकर बाधित कर दिया गया। कोर्ट ने इस मामले में तीन महिला पार्षदों को भी पक्षकार बनाने का आवेदन पहले ही स्वीकार कर रखा है और प्रतिवादी पक्ष ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है।

**अध्यादेश पर कानूनी विवाद जारी, महिला अधिकारों के हनन का आरोप**

### राजनीतिक हलकों में बढ़ी हलचल

**इस** मुद्दे के राजनीतिक आयाम भी चर्चा में हैं। मेयर सुरेंद्र चौहान को मुख्यमंत्री सुक्खू का करीबी माना जाता है और उनका ढाई साल का कार्यकाल 15 नवंबर को पूरा हो चुका था। पुराने रोस्टर के अनुसार उन्हें पद छोड़ना था, लेकिन अध्यादेश लागू होने से वे अब भी पद पर बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के कुछ पार्षद भी इस निर्णय से असहमत हैं और उन्होंने एआईसीसी नेतृत्व तक अपनी नाराजगी पहुंचाई है। अब सबकी निगाहें 30 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

# जेपी नड्डा के स्वागत समारोह को लेकर तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी**


शिमला में भाजपा नेता डॉ. राजीव बिंदल की अगुवाई में विचार–विमर्श करते हुए।

राजधानी शिमला में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के 13 दिसंबर के दौरे को लेकर प्रदेश संगठन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल शिमला पहुंचते ही एक्शन मोड में आए और दीप कमल स्थित प्रदेश कार्यालय में संचालक समिति की महत्वपूर्ण बैठक कर सभी तैयारियों की गहन समीक्षा की। बिहार में भाजपा–एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नड्डा का यह पहला हिमाचल दौरा है, इसलिए पीटरहॉफ ग्राउंड में होने वाले अभिनंदन समारोह की भव्यता और अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया है। बिंदल ने सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों और मंडलों को स्पष्ट दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम संगठन को नई ऊर्जा देगा, इसलिए व्यवस्थाएं बारीकी से और समयबद्ध रूप में पूरी हों।

इसी के साथ जिला शिमला में महिला मोर्चा की विशेष बैठक भी आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐतिहासिक स्वागत को सफल बनाने के लिए महिला मोर्चा को अहम जिम्मेदारियां सौंपीं और बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक संजीव कटवाल के अनुसार, पीटरहॉफ में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह तथा नए राज्य स्तरीय कार्यालय के भूमि पूजन और शिलान्यास को लेकर मंच प्रबंधन, स्वागत, परिवहन, भीड़ नियंत्रण, मीडिया और सोशल मीडिया के लिए अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं। हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से यह आयोजन भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और आगामी चुनावी तैयारी की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देगा।

**ऑनलाइन पंजीकरण शुरू, बीएड डिग्री वाले प्राथमिक शिक्षक अब करेंगे विशेष प्रशिक्षण**

# प्राथमिक वर्गों को पढ़ाने के लिए बीएड डिग्री धारकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे बीएड डिग्री धारक शिक्षकों के लिए अब छह माह का ब्रिज कोर्स अनिवार्य कर दिया गया है। पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने की योग्यता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान यानी एनआईओएस द्वारा तैयार यह कोर्स शिक्षण पद्धति, बाल मनोविज्ञान और प्राथमिक स्तर की अध्यापन कला पर केंद्रित होगा। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि बिना इस प्रशिक्षण के शिक्षकों को प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन की मान्यता नहीं दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार एनआईओएस ने इस ब्रिज कोर्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी बीएड डिग्री धारक शिक्षक, जो प्राथमिक कक्षाओं में सेवाएं दे रहे हैं, को 25 दिसंबर तक आवेदन करना होगा। यह कोर्स उन सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य है जो 28 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच बीएड के आधार पर प्राथमिक पदों पर नियुक्त किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने यह छह महीने का विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया है, ताकि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर और प्रभावी बनाया जा सके।

### कोर्स पूरा करने के बाद ही मिलेगी मान्यता

**ब्रिज** कोर्स का संचालन एनआईओएस करेगा और सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने के बाद ही शिक्षक प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने के पात्र माने जाएंगे। शिक्षकों को अपना आवेदन एनआईओएस के निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर जमा करना होगा। सरकार का मानना है कि यह प्रशिक्षण राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण के स्तर को नई ऊर्जा और नई दिशा देगा, ताकि बच्चों की बुनियादी शिक्षा और अधिक मजबूत हो सके।

# हिमाचल में सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर हुआ गंभीर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के रोटरी टाउन हॉल में हिमाचल फॉर पीस एंड हार्मनी फोरम के बैनर तले दर्जनों जनवादी और प्रगतिशील संगठनों ने प्रदेश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शांति, सद्भाव और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. कुलदीप तंवर, राकेश सिंघा, टिकेंद्र पंवर सहित विभिन्न समुदायों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि सांप्रदायिकता की बढ़ती घटनाएं न केवल प्रदेश की सामुदायिक व्यवस्था को चोट पहुंचाती हैं, बल्कि पर्यटन और सेब अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख संसाधनों पर भी नकारात्मक असर डालती हैं। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के श्रमिकों, कारोबारियों और कामगारों के बिना शिमला और प्रदेश की रोजमर्रा की गति संभव नहीं, इसलिए सौहार्द और भाईचारा समय की सबसे बड़ी जरूरत है। संगोष्ठी में प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि हिमाचल की पहचान हमेशा शांति, भाईचारे और लोकतांत्रिक चेतना की रही है, जिसे सांप्रदायिक ताकतें कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे जाति, धर्म, नस्ल और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर मानव मूल्यों की रक्षा में एकजुट हों, क्योंकि प्रदेश पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं, आर्थिक चुनौतियों और नशे जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। फोरम ने घोषणा की कि 25 मार्च 2026 को शिमला में राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा और उससे पहले सभी जिलों में फोरम का गठन कर संगोष्ठियों का सिलसिला चलाया जाएगा, ताकि हिमाचल में शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द को और मजबूत बनाया जा सके।

# राज्यसभा में गूंजा हिमाचली युवाओं के पलायन का मुद्दा

## सांसद सिकंदर ने उद्योगों की कमी, स्टार्ट–अप मिशन और पर्यटन सुधार की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


सांसद सिकंदर कुमार राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए।

राज्यसभा में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के युवाओं के पलायन का गंभीर मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश का युवा पढ़–लिखकर रोजगार की तलाश में नोएडा, चंडीगढ़, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों की ओर जा रहा है। इससे न केवल उनका समय और पैसा खर्च होता है, बल्कि परिवारों से दूर रहने का संघर्ष भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में प्रतिभा की कमी नहीं, अवसरों का अभाव है, जिसे पूरा करना अब अत्यंत आवश्यक है।

सांसद डॉ. सिकंदर ने सदन में हिमाचल के लिए स्टार्ट–अप और वर्क–फ्रॉम–हिमाचल मिशन की स्थापना की मांग रखते हुए कहा कि आईटी सेवाओं, ई–कॉमर्स, छोटे उद्योगों और पर्यटन आधारित व्यवसायों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदेश के हर जिले में नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएं, जिनमें युवाओं को एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल व हेल्थ टेक जैसे भविष्य के कौशलों में प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि युवा आधुनिक उद्योगों का हिस्सा बन सकें।

उन्होंने कहा कि हिमाचल का पर्यटन केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि एडवेंचर टूरिज्म, इको–टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म और होमस्टे सेक्टर को बेहतर नियमों तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाए। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार के व्यापक अवसर खुलेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि नीति स्तर पर ऐसे कदम उठाए जाएं तो हिमाचल को देश के प्रमुख स्टार्ट–अप और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। अंत में उन्होंने सभापति से आग्रह किया कि युवाओं से संबंधित इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर केंद्र सरकार गंभीरता से विचार करे। उन्होंने कहा कि यदि अवसर प्रदेश में ही उपलब्ध हों तो हिमाचल के युवा दूसरे राज्यों में भटकने के बजाय अपने घर–परिवार के साथ रहकर प्रदेश की तरक्की में योगदान देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 रेंजर्स राज्यस्तरीय निपुण शिविर के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की रेंजर्स इकाई पांच दिवसीय राज्यस्तरीय निपुण एवं राज्य पुरस्कार शिविर जोकि 10 से 14 दिसंबर तक चलेगा, उसमें 16 रेंजर्स प्रतिभाग करने के लिए रिवालसर, जिला मंडी के लिए रवाना हुई। रवाना होने वाले दल का नेतृत्व रेंजर लीडर प्रो. आशा शर्मा तथा रेंजर लीडर शिल्पा ने किया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि यह शिविर रेंजर्स के व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के संकल्प को और मजबूत करेगा। रोवर लीडर हरीश कुमार ने सभी रेंजर्स को सफल एवं समृद्ध अनुभव की शुभकामनाएं दीं।

### राजपुर में 95 मरीजों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अंबिका क्लीनिक राजपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें अंबिका क्लीनिक की डॉ.शगुन ने बीपी, शुगर, थायराइड, एनीमिया तथा जोड़ों में दर्द आदि की फ्री जांच की। इस शिविर में लगभग 95 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस स्वास्थ्य शिविर में ऐमिल फार्मास्यूटिकल इंडिया लिमिटेड की ओर से मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर ऐमिल फार्मास्युटिकल इंडिया लिमिटेड की ओर से अश्विनी गुलेरिया, विजय कुमार, अनीश कुमार व चिराग शर्मा ने पूरा सहयोग दिया।

### भरमाड़ स्कूल में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, कोटला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमाड़ में मंगलवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनामिका चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मदन लाल चौधरी मुख्य अतिथि रहे, जबकि एसएमसी प्रधान अनिल कतनौरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनएसएस प्रभारी रविंद्र कुमार व कृष्णा देवी के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान स्वयंसेवी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को अनुशासन व समाजसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, बीएड प्रशिक्षु व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### किसानों को रविवार को मिलेगी सिंचाई सुविधा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नागिन, रेहलू कूहल के कोहली करनैल चौहान ने किसानों से अपील की है कि रेहलू, दुरगेला, गौहजू, नरेड कूहल से सप्ताह में एक दिन रविवार को दिन और उसी रात तक सिंचाई के लिए बसनूर, बागड़ू पंचायतों को पानी दिया जाएगा। यह फैसला बारिश का नहीं होने की वजह से लिया गया है। साथ ही पंचायत बागड़ू व बसनूर के प्रधानों के शिष्टमंडल की अपील पर यह फैसला लिया है।

### अंडर-14 ब्वॉयज टीम के लिए ट्रायल 11 को

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** क्रिकेट एसोसिएशन पठानकोट मौजूदा सीजन के लिए अंडर-14 ब्वॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट के जिलास्तरीय ट्रायल्स 11 दिसंबर को कूहर क्रिकेट ग्राउंड आयोजित करेगा। प्रतिभागियों की आयु पात्रता 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच होनी चाहिए। सभी खिलाड़ियों को सुबह 10:00 बजे सफेद यूनिफॉर्म और व्यक्तिगत किट बैग के साथ रिपोर्ट करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य हैं।

### इंडो-नेपाल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने जीते पदक



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल की तरफ से कोच राजेश कुमार की अगुवाई में टीम ने अपने वर्ग में खेलते हुए पदक जीते। महक और अंशिका ने अपने वर्ग में खेलते हुए रजत पदक प्राप्त किया, जबकि अनश्विव व प्रिंस ने अपने वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। आयुष और अंकित ने अपने वर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

# महिलाओं का सशक्त होना ही देश की प्रगति का आधार : ममता

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित, कहा- आयोग को मिल रही भारी संख्या में शिकायतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**राष्ट्रीय** महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई में 25 पंजीकृत तथा 5 नई शिकायतें प्रस्तुत हुईं, जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ममता कुमारी ने कहा कि सभी महिलाएं दिल्ली स्थित कार्यालय तक नहीं पहुंच पातीं, इसलिए जिला स्तर पर ऐसे कार्यक्रम महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान में सहायक हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना देश की प्रगति का आधार है और घरेलू उत्पीड़न किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। उन्होंने सलाह दी कि महिलाएं उत्पीड़न सहने के बजाय अपने अधिकारों के लिए आगे आएं और जिला न्यायिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग में भारी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं, इसलिए इनके प्रभावी निदान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला सुधार गृह में महिलाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रेरणादायक लेक्चर व परामर्श सत्रों की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### महिलाओं को शाम 5 बजे के बाद बुलाने से करें परहेज

**महिलाओं** को पढ़-लिखकर आगे बढ़ना चाहिए। आयोग न्यायसंगत मामलों में महिलाओं के साथ है, लेकिन किसी को भी कानून का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं से संबंधित मामलों में शाम 5 बजे के बाद थाने में बुलाने से परहेज किया जाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए।

### 70 फीसदी घरेलू हिंसा के मामले आ रहे सामने

**ममता** कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग में आने वाले 70 प्रतिशत मामले घरेलू हिंसा से संबंधित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा जिला स्तर पर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से तेरे मेरे सपने नाम से परामर्श केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। देशभर में 100 से अधिक केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं और जल्द कांगड़ा जिले में भी एक केंद्र शुरू किया जाएगा। महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आयोग द्वारा पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। जनसुनवाई के उपरांत उन्होंने उपस्थित जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# हर जिले में स्थापित होंगे काउंसलिंग सेंटर

**आयोग आपके द्वार में सुनी 25 महिलाओं की शिकायतें, पांच नए मामले : ममता**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**



जनसुनवाई के बाद प्रेसवार्ता करतीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता।

**तेरे,** मेरे सपने प्रोग्राम के तहत हर जिले में काउंसिलिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। आयोग आपके द्वार जनसुनवाई कार्यक्रम में 25 महिलाओं की शिकायतों को सुना गया है, जबकि 5 नए मामले भी पहुंचे हैं।

यह बात राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने जिला कांगड़ा की समस्याओं को सुनने के बाद मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए गए कि जहां से महिलाएं पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाने नहीं पहुंच सकती, वहां पुलिस महिला की शिकायत सुनने के लिए पहुंचना सुनिश्चित करे। आयोग आपके द्वार जनसुवाई की है, 25 केस का निष्पादन किया गया है, जबकि पांच नए केस आए हैं। इसमें घरेलू हिंसा के केस सबसे ज्यादा हैं, पुलिस पर महिलाओं का विश्वास कम है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। महिला आयोग देश में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के हित में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बेटियों का सिसकना, महिला आयोग को मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि 33 फीसदी आरक्षण आ चुका है, महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए। आयोग में देश की आधी आबादी के लिए काम होता है। तेरे मेरे सपने प्रोग्राम के तहत हर जिला में काउंसिलिंग सेंटर बनाए जाएंगे, जिसमें नए शादी करने वालों की काउंसिलिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं टोल फ्री नंबर 14490 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती हैं।

# शिवनगर कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश ने एनएसएस इकाई के उद्देश्यों और शिविर की प्रस्तावित गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. रीटा शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संगीता सिंह उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एनएसएस के लक्ष्यों और समाज सेवा के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पांडेय के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने अतिथियों का स्वागत किया और एनएसएस इकाई के उद्देश्यों और शिविर की प्रस्तावित गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सत्र का औपचारिक शुभारंभ विशिष्ट अतिथि और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह द्वारा किया गया।

उन्होंने नॉट मी बट यू के एनएसएस आदर्श वाक्य के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को निस्वार्थ सेवा की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामुदायिक सेवा छात्रों के व्यक्तित्व विकास में कैसे मदद करती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और घंडालवी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रीटा शर्मा ने छात्रों को सामाजिक रूप से सक्रिय, जिम्मेदार और नैतिक मूल्यों से संपन्न नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मुख्य अतिथि ने एनएसएस इकाई को 1100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। अन्य संकाय सदस्य और स्थानीय गण्यमान्य व्यक्ति प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल व डॉ. नीतिका शर्मा इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वयंसेवकों को स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम जैसी आगामी गतिविधियों के बारे में बताया गया। अंत में प्रो. राजेश कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।

# हवलदार संजीव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



ढडेरा गांव के हवलदार संजीव कुमार को अंतिम सलामी देते सिग्नल बटालियन के जवान।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** ब्लॉक पंचरुखी की दुर्ग पंचायत के ढडेरा गांव के हवलदार संजीव कुमार का राजकीय सम्मान के साथ मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोग संजीव की अंतिम यात्रा में शामिल रहे। सेना के जवानों ने संजीव की पत्नी के हाथों में तिरंगा दिया, तो सबकी आंखें नाम हो गईं। छोटे-छोटे दोनों बेटे कभी मां को रोते हुए देख रहे थे, तो कभी पिता की अर्थी को।

13 डोगरा रेजमेंट से जवानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। संजीव कुमार अमर रहे के नारों के साथ सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उनको अंतिम विदाई दी। पालमपुर से आए सिग्नल बटालियन के जवानों ने तरफ उन्हें सलामी दी। बड़े भाई संदीप ने उन्हें मुखाग्नि दी। संजीव कुमार 13 डोगरा रेजमेंट में थे और कर्नाटका में एनसीसी 4 बटालियन में बतौर एनसीसी कोच अपनी सेवाएं दे रहे थे। ड्यूटी के दौरान कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, जिसके कारण कर्नाटका में ही आर्मी अस्पताल में इनका इलाज चल रहा था। गंभीर बीमारी के चलते रविवार शाम चार बजे अंतिम सांस ली। लगभग 41 वर्षीय संजीव कुमार को 21 वर्ष देश की सेवा करते हो गए थे। संजीव के पिता भी भारतीय सेना से रिटायर हुए थे। संजीव कुमार की अंतिम विदाई में प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार अक्षत शर्मा, पुलिस के जवान, शासन की और से बैजनाथ विधायक किशोरी लाल व 13 डोगरा बटालियन से 30 सेवानिवृत तथा छुट्टी पर आए लगभग 20 जवान भी शामिल रहे।

# अमृतसर के युवाओं से 75 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**कोहली, अनंत ज्ञान**



सारनू में 75 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किए तीन युवक।

**शाहपुर।** जिला पुलिस की ओर से नशा माफिया के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत मंगलवार को थाना शाहपुर के तहत सुबह तड़के लगभग साढ़े तीन बजे के करीब पुलिस ने पठानकोट मंडी राष्ट्रीय मार्ग पर सारनू में गाड़ी (एचआर 41एफ1766) से 75 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना पर पुलिस सीआईए स्टाफ व शाहपुर पुलिस ने सारनू में नाकाबंदी की थी। इस दौरान पठानकोट की तरफ से आ रही गाड़ी को रोका गया और तलाशी के दौरान गाड़ी के डैशबोर्ड में रखा चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने संदीप सिंह (29) पुत्र कुलवंत सिंह निवासी धूपखड़ी संतनगर तहसील वेरका जिला अमृतसर पंजाब, विक्की (27) पुत्र अमरसिंह व विशाल (20) पुत्र सुखविंद्र सिंह सभी निवासी एक ही जगह से हैं। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी ने लोगों से भी अपील की है कि चिट्टा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें, उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। साथ ही उनको इनाम भी दिया जाएगा।

# प्रदेश में अरबों रुपए के सरकारी भवन हुए बेकार : काली दास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**कहा- सरकार के स्कूल बंद करने के निर्णय को दी जाएगी कोर्ट में चुनौती**

**प्रदेश** सरकार का स्कूलों का बंद करने का निर्णय समाज के प्रति लाभ हानि को बगैर सोचे समझे लिया गया निर्णय था, जिसको आम आदमी पार्टी कानूनी राय लेकर न्यायालय में जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती देगी। आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के सचिव काली दास ने कहा कि विकास खंड लंबागांव की नाहलना पंचायत का माध्यमिक विद्यालय और ग्राम पंचायत टंवर का प्राथमिक विद्यालय बंद होने जाने के कारण स्कूल के भवन की दुर्दशा हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार नियम 2010 में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है कि बच्चों के स्कूल को बंद किया जा सके।

संविधान के 86वें संशोधन द्वारा अनुच्छेद 21 में 6 से 14 साल तक के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा का मौलिक अधिकार है। लेकिन प्रदेश सरकार अपने कर्तव्यों को भूलकर स्कूलों को बंद कर रही है, जो बच्चों के साथ सरासर अन्याय है। विद्यालयों के बंद होने के कारण के प्रदेश में करोड़ों रुपए के बने स्कूलों के सरकारी भवन बने हुए हैं, वे बेकार हो गए हैं। इनका कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिसमें आम जनता का अरबों रुपए का धन खर्च हुआ है। उन भवनों को किसी इच्छुक संस्था को किराए पर देना चाहिए या वहां पर स्थानीय जनता की मांग पर कोई सरकारी संस्थान खोलना चाहिए। साथ ही बच्चे जो उन स्कूलों में पढ़ते थे, उनको भी दूरदराज के क्षेत्र जाने जोखिम में डाल कर पढ़ने के लिए जाना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी इस गलत निर्णय का विरोध करती है तथा आने वाले समय में शिक्षा के ऊपर एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बच्चों के अभिभावकों को संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार की रक्षा करने के लिए प्रेरित तथा जागरूक किया जाएगा कि यह आपका मौलिक अधिकार है यह किसी भी सरकार की दया दृष्टि नहीं है। जरूरत पड़ने पर उपमंडल स्तर पर पूरे हिमाचल में संघर्ष किया जाएगा।

# उपमुख्य सचेतक ने नवाजे हारचक्कियां स्कूल के मेधावी

## केवल सिंह पठानिया बोले- बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



केवल सिंह पठानिया ने हारचक्कियां स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में की शिरकत।

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हारचक्कियां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने 16 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कमरे का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कलस्टर प्रणाली लागू कर रही है, जिससे प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, पुस्तकालय एवं अन्य संसाधनों का बेहतर उपयोग कर विद्यार्थियों को उन्नत सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। उन्होंने नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई बाल पौष्टिक आहार योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि सप्ताह में एक दिन बच्चों को अंडा या स्थानीय फल उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे पोषण स्तर में सुधार होगा।

उपमुख्य सचेतक ने कहा कि विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 3.16 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जिससे क्षेत्र को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने अवगत करवाया कि आईटीआई हारचक्कियां के लिए 25 कनाल भूमि ट्रांसफर हो चुकी है, शीघ्र ही नया भवन निर्मित होगा और अतिरिक्त ट्रेड भी शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही हारचक्कियां तहसील भवन का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। पठानिया ने विद्यालय में एक और अतिरिक्त कक्ष निर्माण केलिए 10 लाख रुपए की घोषणा। 1 अप्रैल 2026 से सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को पानी की बोतलें उनके द्वारा उपलब्ध करवाई जाएंगी। वहीं, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। हारचक्कियां एक्स-सर्विसमेन लीग ने उपमुख्य सचेतक के माध्यम से विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स किट भेंट की। विद्यालय के एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी ने उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को उनकी स्वयं बनाई हुई पेंटिंग भेंट की।

# गाय को कुत्तों के हवाले करने वालों पर हो कार्रवाई : सत्येंद्र

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** डमटाल पंचायत के माजरा गांव में एक संस्था संचालकों द्वारा जिंदा गाय को कुत्तों के हवाले करने पर न केवल पशु क्रूरता हुई है, अपितु हिंदू समुदाय की भावनाओं को भी चरम सीमा तक आहत किया है। इस विषय को लेकर ब्राह्मण समाज जिला कांगड़ा के अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा जिला कांगड़ा के महासचिव सत्येंद्र गौतम ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ईमेल द्वारा घटना की शीघ्र और कड़ी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में छपी खबरों और बयानों के आधार पर यह प्रश्न भी उठता है कि बिना पंचायत और प्रशासन की अनुमति से चल रहे श्वान आश्रयस्थल को क्यों चलने दिया जा रहा था। पंचायत और स्थानीय लोगों द्वारा की पूर्व में की गई शिकायतों पर प्रशासन ने क्यों कार्यवाही नहीं की। गैर हिमाचली द्वारा कैसे जमीन खरीदी गई। सत्येंद्र गौतम ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजे ई-मेल में शीघ्र जांच और कार्रवाई की मांग की है।

**समारोह** जय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनूरी के होनहार किए सम्मानित

# शिक्षा और संस्कार राष्ट्र की नींव: आशीष

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



जय पब्लिक स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक अशीष रहे मुख्यातिथि।

**पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को जय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनूरी में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाएं और देश के जिम्मेदार नागरिक बनें। आशीष बुटेल ने शिक्षण संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे यह स्कूल बखूबी निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने लगभग 600 अध्यापकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश दौरे पर भी भेजा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में चिल्ड्रन पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है और कंडबाड़ी में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बुटेल ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे एंटी-चिट्टा (नशा विरोधी) अभियान पर विशेष बल दिया।

उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि कंडबाड़ी पहुंचने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से सात सड़कों का निर्माण किया गया है। बनूरी में पेयजल संबंधित समस्याओं की स्थाई समाधान सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया। विधायक ने बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 20 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। इससे पहले विधायक और वशिष्ठ अतिथि अमर शहीद कैप्टन सौरव कालिया के पिता डॉ. एनके कालिया का स्कूल के प्रबंध निदेशक त्रिलोक सिंह ने स्वागत किया। स्कूल प्रधानाचार्य बब्लेश समकडिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हिमाचल के 1,83,245 अभियर्थियों का किया चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में अब तक 1,83,245 अभियर्थियों का चयन किया गया है। यह जानकारी केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी को सदन में दी। उन्होंने बताया की इस योजना के अंतर्गत पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर और केंद्र शाषित राज्य चंडीगढ़ में क्रमश: 2,01,151 अभ्यर्थियों, 7,30,196, 2,77,364, 4,94,415 और 4,119 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। उन्होंने राज्य सभा सदस्य इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अब तक देश में कुल 2,72,52,986 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से सर्वाधिक कर्नाटक से सर्वाधिक 32,32,937 अभ्यर्थियों और केंद्र शाषित राज्य लक्षद्वीप से सबसे कम 1,446 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2027-28 के लिए कुल 13000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि 17.09.2023 को शुरू की गई इस केंद्रीय योजना के तहत 18 परंपरागत ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें हाथों और टूल्स से कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक 30 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 30 लाख कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चूका है।

# नूरपुर पुलिस ने 12 घंटे में दबोचा फरार आरोपी



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** नूरपुर पुलिस ने फरार आरोपी को 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाना जवाली के अधीन मुकाम गांव देहरी में रंजना देवी पत्नी मदन सिंह, सन्नी कुमार पुत्र मदन सिंह और सुनील कुमार उर्फ नोखा पुत्र मदन सिंह सभी निवासी गांव देहरी के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान 130 ग्राम चरस, 6.82 ग्राम चिट्टा, 102340 रुपए व डिजिटल तराजु बरामद की थी। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया था।

जिला पुलिस नूरपुर ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह फरार आरोपी सुनील कुमार को उसके गांव देहरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना जवाली में मामला दर्ज किया गया और आगामी कार्रवाई जारी है।

# अब ऑफलाइन 1500 रुपए में मिलेगी टिकट

## ऑनलाइन 1750 रुपए में बिकी, 12 दिसंबर को आएंगी भारत-साउथ अफ्रीकी की टीमें

भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच

**13 को पहले साउथ अफ्रीका फिर टीम इंडिया करेगी प्रेक्टिस**

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच की जो टिकट ऑनलाइन 1750 रुपए में बिकी, वही टिकट अब ऑफलाइन माध्यम से 1500 रुपए में उपलब्ध होगी। ऑनलाइन 1750 रुपए वाली टिकट की सबसे सस्ती है।

मैच के लिए दोनों टीमें 12 दिसंबर को धर्मशाला पहुंचेंगी, 13 दिसंबर को दोनों टीमों का प्रेक्टिस शेडयूल तय है, जिसके तहत साढ़े चार बजे से साढ़े सात बजे तक साउथ अफ्रीका और साढ़े सात बजे से दस बजे तक टीम इंडिया प्रेक्टिस करेगी।



### आज से स्टेडियम आगुंतकों के लिए बंद

**मैच** के मद्देनजर एचपीसीए द्वारा बुधवार से स्टेडियम को आगुंतकों के लिए बंद कर दिया जाएगा, जिसके 17 के बाद खुलने की संभावना है। धर्मशाला भ्रमण पर आने वाले देश-विदेश के पर्यटक स्टेडियम घूमना नहीं भूलते। वर्ष भर आने वाले पर्यटकों का स्टेडियम में आगमन लगा रहता है, लेकिन मैचों के दौरान स्टेडियम को कुछ समय के लिए पर्यटकों हेतू बंद रखा जाता है। उसी कड़ी में 10 से 17 दिसंबर तक मैच के मद्देनजर स्टेडियम पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

### एक पहचान पत्र पर मिलेंगे दो टिकट

**स्टेडियम** के बाहर काउंटर पर 11 दिसंबर से ऑफलाइन टिकट स्टेडियम के बाहर काउंटर पर बिकना शुरू होगी। आफलाइन टिकट में किसी तरह की छूट नहीं रहेगी। एक आधार कार्ड या पहचान पत्र पर एक व्यक्ति को दो टिकटों की बिक्री की जाएगी। मैच को लेकर एचपीसीए की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

### धर्मगुरु दलाईलामा को भी भेजा न्योता

**एचपीसीए** की ओर से 14 दिसंबर के मैच के लिए तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा, प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल और प्रदेश के चीफ जस्टिस को निमंत्रण भेजा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एचपीसीए की ओर से धर्मशाला प्रवास के दौरान मैच में आने का न्योता दिया गया है।



भारत- द. अफ्रीका टी-20 मैच की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। दोनों टीमें चार्टर प्लेन से 12 दिसंबर को पहुंचेगी तथा 13 दिसंबर को दोनों टीमों का प्रेक्टिस शेड्यूल तय है। रविवार को मैच होने के चलते क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है।

**विशाल शर्मा, संयुक्त सचिव, एचपीसीए**

## सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार, 1 हजार पुलिस जवान संभालेंगे मोर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**भारत**-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के लिए जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया है। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जिम्मा एक हजार पुलिस जवान संभालेंगे। मैच के चलते शहर को आठ सेक्टरों में बांटा जाएगा। वहीं इस दौरान टिकट ब्लैक करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पुलिस जवानों के साथ करीब 20 एएसपी व डीएसपी रैंक अधिकारी सुरक्षा-व्यवस्था देखेंगे। मैच देखने आने वाले दर्शकों को सुरक्षा जांच के बाद ही स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। मैच के दिन दर्शकों की सुविधा व पार्किंग व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस लाइन कॉम्पलेक्स, पुलिस मैदान, डीसी कार्यालय, मेला ग्राउंड दाड़ी, चरान स्थित फुटबॉल मैदान व चीलगाड़ी रोड पर वाहनों को पार्किंग स्थलों के लिए चिन्हित किया गया है।

**आठ सेक्टरों में बंटेगा शहर टिकट ब्लैक करने वालों पर रहेगी पैनी नजर**

**ऑनलाइन सस्ती टिकट का स्लॉट खुला :** मैच को लेकर मंगलवार को भी ऑनलाइन सबसे सस्ती 1750 रुपए की ऑनलाइन टिकट का स्लॉट खुला। ऑनलाइन टिकट बुकिंग ऐप में वेस्ट स्टैंड दो, ईस्ट स्टैंड दो और नोर्थ वेस्ट स्टैंड सबसे सस्ती टिकट की बुकिंग के लिए उपलब्ध रहे। जबकि 5000, 7000, 9000, 12500 और 20,000 रुपए की ऑनलाइन टिकट बुकिंग पहले से ही जारी है। उधर, एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि मैच को लेकर एक हजार पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। मैच के चलते शहर को आठ सेक्टर में बांटा जाएगा। टिकट ब्लैक करने वालों पर भी पुलिस कड़ी नजर रखेगी।

## चुप रहना देता हिंसा को बढ़ावा: अंकित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** 16 दिनों की लैंगिक आधारित हिंसा के खिलाफ वैश्विक मुहिम के अंतर्गत मंगलवार को जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट और वन बिलियन राइजिंग अभियान के सहयोग से सुनेहड़ पंचायत में चुप रहना नहीं, हिंसा सहना नहीं विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लगभग 150 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें पंचायत प्रतिनिधि, सरकारी स्कूल के विद्यार्थी और स्थानीय समुदाय के लोग थे।

विशिष्ट अतिथि उप अधीक्षक पुलिस अंकित शर्मा ने कहा कि चुप रहना हिंसा को बढ़ावा देता है और बदलाव की शुरुआत घर से होनी चाहिए। पंचायत प्रधान निर्मल पराशर ने महिलाओं को नारी अदालतों जैसी सुरक्षित जगहों का लाभ लेने और खुलकर सामने आने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन समुदाय द्वारा महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित, समान और सम्मानजनक समाज निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

**हैप्पी बर्थडे**



टक्का (ऊना) के आयुष शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## सूजा क्योरी में नो पार्किंग जोन पर गाड़ी खड़ी करने पर होगी कड़ी करवाई

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़-बिलिंग के तहत आने वाले सूजा क्योरी गांव में नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने वालों पर कड़ी करवाई होगी। एसडीएम संकल्प गौतम ने पुलिस को 7 दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। इन आदेशों के बाद नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने वालों पर अब शिकंजा कसने जा रहा है। गौरतलब है प्रदेश के उच्च न्यायालय ने एक दिसंबर को भी अपने आदेशों में यह स्पष्ट किया है कि अगर कहीं पर नो पार्किंग जोन बनाए गए हैं , तो उन आदेशों का पूरी तरह पालन हो, न कि वे नाम के नो पार्किंग जोन बनके रह जाए। उच्च न्यायालय का आदेश है कि अगर कहीं पर नो पार्किंग जोन बनाए हैं तो उन आदेशों की अनुपालना करवाने की जिम्मेवारी प्रशासन की है और प्रशासन को इस विषय में इन आदेशों का सम्मान करना चाहिए। बताते चलें कि बीड़ बिलिंग क्षेत्र में भी अनाधिकृत पार्किंग को लेकर ठेकेदार द्वारा काफी समय से प्रशासन और पर्यटन विभाग से गुहार लगाई जा रही थी, लेकिन पिछले छह महीनों में कोई भी सुनवाई नहीं हुई है और नो पार्किंग जोन में अनाधिकृत तौर पर टैक्सियां वह निजी गाड़ियां लगती रही। इकसे बाद ठेकेदार को भी कोर्ट का सहारा लेना पड़ा, जिसके बाद आदेश दिए गए।

## जेबीडी ग्रुप के चेयरमैन भारत भूषण ने वर्ष 2026 का कैलेंडर मां ज्वाला को किया अर्पित



भारत भूषण कपूर ने मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों की पूजा-अर्चना की।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर में मां ज्वाला का 2026 का कैलेंडर अर्पित किया गया। हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेबीडी ग्रुप और जेबीडी समाज कल्याण समिति करनाल हरियाणा के चेयरमैन भारत भूषण कपूर ने मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों की पूजा अर्चना की और मां ज्वाला से विश्व शांति और विश्व कल्याण की कामना की।

ज्वाला जी मंदिर पहुंचने पर मंदिर के कुल पुरोहित कपिल शर्मा ने उनका अभिनंदन किया और मां ज्वाला से उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जेबीडी ग्रुप के अध्यक्ष भारत भूषण कपूर ने कहा कि मां ज्वाला के चरणों में 2026 के कैलेंडर नववर्ष के अर्पित किया गया। यह मां ज्वाला की सेवा में उनकी और उनके परिवार की ओर से हाजिरी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष मां ज्वाला का कैलेंडर मंदिर ट्रस्ट को भेंट किया जाता है, जिसमें मां की मुख्य ज्योति के चित्र सहित यह कैलेंडर प्रकाशित किया जाता है जिसमें मां ज्वाला के वर्ष पर होने वाले आयोजनों को भी विशेष रूप से शामिल किया जाता है।

## व्यवस्था पतन' के 3 साल का जश्न यह प्रदेश का दुर्भाग्य : त्रिलोक कपूर

### एचआरटीसी को तबाह कर रैली के लिए 1500 बसें लगाना जनता के साथ धोखा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**भाजपा** प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता आज अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए त्रस्त है, लेकिन कांग्रेस सरकार 11 दिसंबर को व्यवस्था-पतन के तीन साल के पतन का जश्न मनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान को भी यह भली-भांति पता है कि हिमाचल में आज दु:ख की सरकार चल रही है। इसी कारण कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को भी इस तथाकथित जश्न में आने से कन्नी काट रहे हैं। यह साफ दर्शाता है कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी अपनी हिमाचल सरकार की पूर्ण विफलता को स्वीकार कर चुका है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी तीन वर्षों की विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए जश्न का नाटक कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश की जीवनरेखा माने जाने वाले हिमाचल पथ परिवहन निगम को सरकार ने गर्त में धकेल दिया है। एचआरटीसी का कुल घाटा 2200 करोड़ के पार पहुंच चुका है। 9000 से अधिक पेंशनरों का 500 करोड़ से ज्यादा का भुगतान लंबित पड़ा है। कर्मचारी अपने चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए भटक रहे हैं। वहीं दुर्घटना पीड़ितों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पा रहा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 11 दिसंबर की रैली के लिए करीब 1500 बसों की बुकिंग कर एचआरटीसी को और अधिक आर्थिक संकट में धकेल दिया है। सरकार इन बसों को मुफ्त या नाममात्र किराए पर रैली में झोंक रही है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस सरकार के पास पेंशनरों के भत्ते, कर्मचारियों के मेडिकल बिल और दुर्घटना पीड़ितों के मुआवजे के लिए धन नहीं है, वह इन बसों के किराए का भुगतान आखिर कब और कैसे करेगी। त्रिलोक कपूर ने कहा कि 11 दिसंबर को होने वाले जश्न के कारण प्रदेश के लगभग 50 प्रतिशत बस रूट यानी करीब 1500 रूट सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिक, छात्र, कर्मचारी, मरीज और मजदूर सबसे अधिक परेशान होंगे। निजी क्षेत्र में कार्यरत हजारों लोग समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पाएंगे, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।



## जिलास्तरीय मकर संक्रांति समारोह में होगी दो सांस्कृतिक संध्याएं

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

**बज्रेश्वरी** मंदिर कांगड़ा में जिलास्तरीय मकर संक्रांति समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिलास्तरीय मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर धृतमंडल मंडल पर्व के आयोजन को लेकर एसडीएम कांगडा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और ट्रस्ट सदस्यों साथ बैठक की। इस मौके पर मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर मौजूद रहीं। बैठक में इस पर्व के आयोजन को पहले से भव्य और सफल बनाने के लिए हर विषय पर चर्चा की गई। बैठक में घी से मक्खन बनाने, मक्खन चढ़ाने और मक्खन उतारने की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से करने और इसके मानदेय के विषय पर चर्चा की गई।

इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व के मौके पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा। 14 जनवरी को मंदिर के प्रांगण में माता का जागरण आयोजित किया जाएगा, जबकि 15 जनवरी के दिन नगर परिषद मैदान में मां बज्रेश्वरी का भव्य जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जागरण में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के चलते उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कैंप लगाने को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समय पर सफाई व्यवस्था, लंगर व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था, बिजली से संबंधित व्यवस्था और सीवरेज व्यवस्था को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम कांगड़ा सहित मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर, ट्रस्ट सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक कमलेश ने किया परिधि गृह देहरा के भवन का शिलान्यास

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**देहरा।** विधानसभा क्षेत्र देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने मंगलवार को देहरा में 98.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले संयुक्त कार्यालय भवन और 28.27 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले परिधि गृह के भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देहरा का विकास मेरी पहली प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त कार्यालय भवन और परिधि गृह जैसी परियोजनाएं देहरा क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगी।

उन्होंने कहा कि संयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण से विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही परिसर में स्थापित होंगे, जिससे आम जनता को सुगम ,त्वरित एवं समन्वित सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित परिधि गृह में 35 आधुनिक कमरों के अलावा जिम, क्लब एवं कम्युनिटी हॉल और पार्किंग सुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यदि उपयुक्त भूमि उपलब्ध होती है तो देहरा में बच्चों के लिए स्विमिंग पूल भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता के साथ तथा तय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे विकास की उम्मीद के साथ चुना है। मेरा संकल्प है कि देहरा में की गई प्रत्येक घोषणा को धरातल पर अमलीजामा पहनाऊंगी।



देहरा में जनसभा को संबोधित करतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

## पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़कों के निर्माण पर 248.25 करोड़ खर्च : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, जवाली।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के 25 वर्ष पूरे होने पर लोक निर्माण मंडल जवाली के तहत सपेल गांव में स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग वृत्त के अधिक्षण अभियंता महेंद्र पाल विशेष रूप में उपस्थित थे। लोक निर्माण विभाग नूरपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता महेंद्र पाल धीमान ने बताया कि इस योजना के तहत नूरपुर वृत्त के अधीन मंडल जवाली, फतेहपुर, इंदौरा, नूरपुर के इन विधानसभा हलकों में पीएमजीएसवाई स्कीम प्रथम व दूसरे चरण के अंतर्गत लगभग 861 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा चुका है इन पर अनुमानित 248.25 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इन चार विधानसभा हलकों में पीएमजीएस वाई-3 के तहत 19 सड़कों का निर्माण कार्य नई तकनीक के तहत चल रहा है, जिनकी कुल लंबाई 161.685 किलोमीटर है तथा इन सड़कों पर 197.28 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पीएमजीएस वाई-3 के तहत निर्माणधीन सड़कों का कार्य जुलाई 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीएमजी एस वाई-4 के तहत बनने वाली सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया शीघ ही विभाग द्वारा शुरू कर दी जाएगी।

पीएमजीएसवाई-4 के तहत इन सड़कों के निर्माण से दूरदराज के इलाकों के ग्रामीण लोग भी सड़क सुविधा से जुड़ जाएंगे। वहीं, योजना के सफल क्रियान्वन की कर्मचारियों ने शपथ भी ली। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता एमएल शर्मा, सहायक अभियंता नरेंद्र राणा, राजेश कुमार, अंकित चौधरी, प्रोजेक्ट मैनेजर अजय रामपाल तथा कनिष्ठ अभियंता अरुण गुलेरिया, विजय सिंह, सुशील धीमान, पंचायत स्पेल, कटोरा, वनतुंगली के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## परीक्षा सेंटर फीस न देने वाले स्कूलों पर नहीं लगगी पेनल्टी, सिर्फ लेट फीस वसूल करेगा शिक्षा बोर्ड

### एचजीटीयू की शिक्षा बोर्ड सचिव के साथ हुई बैठक में बनी सहमति

**फरवरी में पहुंचेगी आगामी वर्ष की पाठ्य पुस्तकें एडवांस**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में राज्य संघ की कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल सचिव, हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड से बीते दिन मिला। बैठक में बोर्ड से संबंधित सिलेबस, सेंटर रिटेंशन फीस, शिक्षा बोर्ड का पोर्टल, शिक्षकों के पेंडिंग मानदेय व यात्रा भत्ते तथा परीक्षाओं के संचालन संबंधी पूर्व तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने स्कूल शिक्षक हितों की जोरदार पैरवी करते हुए कहा कि जिन स्कूलों ने परीक्षा सेंटर फीस जमा नहीं करवाई है, उनकी लेट फीस के साथ-साथ पेनल्टी भी माफ की जाए।

इस पर सहमति बनी कि बोर्ड पेनल्टी नहीं वसूलेगा तथा लेट फीस ली जाएगी, जिसका तुरंत बोर्ड द्वारा खाता संख्या सहित पत्र जारी कर दिया जाएगा। शिक्षकों के पेंडिंग बिलों का भुगतान भी बोर्ड जल्दी करेगा और आगामी वर्ष की पाठ्य पुस्तकें एडवांस में फरवरी माह में स्कूलों को पहुंचा दी जाएंगी। संघ के शिष्टमंडल ने कहा कि बच्चों को प्रश्नपत्र बैंक उच्च स्तर के बनाए जाएं व ये ऑनलाइन उपलब्ध हों। प्रश्नपत्र की एक ही सीरीज के सैंपल बना कर भेजे जाएं व शिक्षा बोर्ड में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, सब्जेक्ट एक्सपर्ट के पद सृजित किए जाएं, ताकि परीक्षाएं व प्रश्न पत्रों में कोई त्रुटियां न हों। बैठक में लगभग हर मुद्दे पर सहानुभूति विचार-विमर्श कर सचिव द्वारा मौके पर निपटा दिया व शेष को अध्यक्ष शिक्षा बोर्ड की अनुमति के पश्चात विमर्श कर हल करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान के अतिरिक्त महासचिव तिलक नायक, उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सलाहकार राजेश पराशर, प्रेस सचिव डॉ. संजय आदि उपस्थित रहे।




शिक्षा बोर्ड के सचिव से मिला राज्य संघ की कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमंडल।

## एक्यूप्रेशर कैंप में दूसरे दिन पहुंचे 498 लोग

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में लगाए गए नि:शुल्क सात दिवसीय एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य महाअभियान शिविर में दूसरे भारी संख्या में लोग पहुंचे। विभिन्न इलाकों से 498 मरीज पहुंचे थे। सुबह 10 बजे से पहले ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। घुटने-कमर दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, बीपी-शुगर, थायरॉइड, किडनी समस्या से जूझ रहे लोगों से लेकर युवाओं की गुप्त तकलीफों तक हर बीमारी के लिए विशेषज्ञ टीम मौके पर मौजूद रही। वरिष्ठ समाजसेवी लाला बृज मोहन सूद ने बताया कि नियमित उपचार से पुराने रोगों में उल्लेखनीय सुधार संभव है। स्वयंसेवक दल मनोज कुमार, बलदेव अत्री, मनोज शर्मा, विभु सूद व टीम ने अपील की है कि जो भी व्यक्ति लंबे समय से बीमारी झेल रहा है, वह अवश्य पहुंचे, क्योंकि यह सेवा पूरी तरह निशुल्क और सभी के लिए खुली है। राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित यह कैंप 14 दिसंबर तक चलेगा।

**खेलकूद** बैजनाथ में अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला प्रतियोगिता का शुभारंभ

## ऊना कॉलेज ने थुरल टीम को हराया

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में दो दिवसीय प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 12 कॉलेजों की महिला टीमों ने भाग लिया। विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. कौंडल ने मुख्य अतिथि, गणमान्य अतिथियों, पुलिस अधिकारियों, विश्वविद्यालय अधिकारियों, टीम इंचार्जों और स्टाफ सदस्यों का स्वागत किया। इस मौके पर विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकूद में भागीदारी हमारे संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को संतुलित रूप से बढ़ावा देते हैं। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। आयोजन का संचालन आयोजन सचिव डॉ. राजेश चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ, हमीरपुर, ऊना, थुरल, रामपुर, जयसिंहपुर, ददाहू, खड्ड, घुमारवीं, बिलासपुर, मुल्थान तथा आरकेएमवी शिमला की टीमें शामिल हैं।

दिनभर खेले गए मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। पहले मैच में राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं ने राजकीय महाविद्यालय खड्ड को पराजित किया। दूसरे मैच में राजकीय महाविद्यालय ऊना ने राजकीय महाविद्यालय थुरल को हराया। तीसरे मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर ने राजकीय महाविद्यालय मुल्थान को मात दी। चौथा मैच पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ और राजकीय महाविद्यालय रामपुर के बीच खेला गया, जिसमें रामपुर ने मात्र एक अंक के अंतर से जीत हासिल की, जबकि बैजनाथ की टीम ने कड़े संघर्ष और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रतियोगिता के शेष लीग मैचों के बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।



विधायक किशोरी लाल ने खो-खो महिला प्रतियोगिता का शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

## 10 दिवसीय एनएसएस एडवेंचर कैंप संपन्न

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** क्षेत्रीय पर्वतारोहण संस्थान मैक्लोडगंज धर्मशाला में 10 दिवसीय एनएसएस एडवेंचर कैंप का संपन्न हो गया। यह कैंप 30 नवंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के 70 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रीति पाल सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर हिमाचल पिछड़ा वर्ग एवं विकास निगम द्वारा किया गया, जिन्होंने स्वयंसेवकों को साहस, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कैंप का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना था। कैंप के दौरान स्वयंसेवकों ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, झुमरिंग, सर्वाइवल स्किल्स और टीम बिल्डिंग गतिविधियों सहित कई रोमांचकारी अभ्यास किया। सभी गतिविधियां प्रशिक्षित पर्वतारोहण अनुदेशक और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराई गई। कैंप का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी के नेतृत्व में करवाया गया। अविनाश नेगी बताया कि वर्ष 2025 में अभी तक 750 प्रशिक्षणार्थियों को पर्वतारोहण का प्रशिक्षण क्षेत्रीय पर्वतारोहण संस्थान मैक्लोडगंज धर्मशाला द्वारा दिया जा चुका है।

## थुरल पंचायत के 2 गांवों को किया तंबाकू मुक्त घोषित



थुरल पंचायत की प्रधान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** थुरल काना सुभानं पंचायत के हेव व घुड़ गांव तंबाकू मुक्त घोषित किए गए। खंड विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने खंड चिकित्सा अधिकारी अनीता शर्मा की उपस्थिति में थुरल काना सभानं पंचायत की प्रधान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी अनीता शर्मा ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 (टीएफवाईसी 3.0) शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 9 अक्तूबर को शुरू किया गया यह एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसका लक्ष्य शैक्षणिक संस्थानों और गांवों को तंबाकू मुक्त बनाना, युवाओं को इसके खतरों से जागरूक करना और तंबाकू सेवन से दूर रखना है, जिसमें टीओएफईआई दिशानिर्देशों का पालन, जागरूकता कार्यक्रम और पंचायत स्तर पर तंबाकू मुक्त गांव बनाने पर जोर दिया जा रहा है। यह एक 60 दिवसीय अभियान है, जो युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने पर केंद्रित है, ताकि एक स्वस्थ्य और नशा मुक्त भारत का निर्माण हो सके और तंबाकू से होने वाली मौतों को कम किया जा सके। इस अवसर पर पंचायत सचिव सुरजीत कुमार व चिकित्सा पर्यवेक्षक जीवन कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कोठीपुरा में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में रैली का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को नशे से दूर रखना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। रैली की शुरुआत सुबह 9 बजे स्कूल परिसर से हुई। रैली कोठीपुरा के प्रमुख मार्ग से होते हुए स्कूल परिसर में समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने बैनरों व पोस्टरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली में लगभग 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर का कहना था कि नशे (चिट्टा) के बढ़ रहे प्रचलन को खत्म करने के लिए ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक माहौल बनाते हैं। सरकार, प्रशासन और समाजसेवी संगठनों को मिलकर नशामुक्त वातावरण बनाना होगा। इस मुहिम की सफलता आम नागरिकों की भागीदारी से जुड़ी है। नशा समाज को कमजोर करता है। युवाओं को जागरूक करना समय की मांग है। इस दौरान सभी अध्यापक व प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### ठठल जंगल स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल जंगल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने विभिन्न स्कूलों के होनहार बच्चों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवेक कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल प्रशासन द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों में आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि शिक्षक बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करें। बच्चे ही देश का भविष्य हैं, इन्हें संजोये रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के ढांचे को लगातार सुदृढ़ कर रही है। स्कूलों बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ.साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर कार्य कर रही है। ताकि पात्र वर्ग को लाभ मिल सके। उन्होंने स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि सभी बच्चे कड़ी मेहनत करें और अपने स्कूल, अपने अभिभावकों, अपने क्षेत्र का नाम चमकाएं।

### बरठीं अस्पताल परिसर में कटे पेड़ों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं स्थित सिविल अस्पताल परिसर में पिछले सप्ताह हरे-भरे पेड़ काट दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है, जिस पर उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा आज सिविल अस्पताल बरठीं मौके पर पहुंची। और बरठीं अस्पताल में कटे पेड़ों का निरिक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश कुमार, विकास खण्ड अधिकारी संजीव पुरी व अन्य स्टाफ मौजूद रहा। मीडिया से बातचीत करते हुए उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि बरठीं क्षेत्र में स्थित सिविल अस्पताल बरठीं से एक शिकायत आई थी कि यहां पर पेड़ काटे गए हैं। इसमें हमने जब ऑर्डर चेक किये तो केवल एक पेड़ को काटने के आदेश दिए गए हैं और पेड़ों की कांट छांट के आदेश थे। एक सफेदे का पेड़ था जो अनसेफ था। बाकी पेड़ों की जो टहनियां थी उन्हें काटने को कहा गया था। लास्ट सप्ताह की बात है यहां पेड़ काटे गए हैं। इसमें नियमों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ ने रखीं अपनी मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ जिला बिलासपुर ने 9 दिसंबर को जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता बिलासपुर के साथ शिष्टाचार भेंट की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को घुमारवीं में होने जा रही संघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों से अवगत करवाया गया। यह महत्वपूर्ण बैठक 12 दिसंबर को एचपीएसईबीएल रेस्ट हाउस बिलासपुर में आयोजित की जाएगी, जिसके साथ मंडल बिलासपुर की नई कार्यकारिणी का गठन भी निर्धारित है। जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख मुद्दे अधिकारियों के समक्ष उठाए। इनमें कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनाने, कई कर्मचारियों की लंबित कंफर्मेशन को समय पर पूरा करवाने तथा मंडल बिलासपुर के अंतर्गत आने वाले उन कर्मचारियों को सरकार और बोर्ड प्रबंधन द्वारा स्वीकृत 20,000 रुपए की किस्त शीघ्र जारी करने की मांग शामिल रही।

# शक्तिपीठों में बेहतर सुविधाएं देने पर व्यय होंगे 100 करोड़: संजय गुप्ता

## प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी ने दी जानकारी, श्री नयना देवी मंदिर का किया निरीक्षण

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**श्री नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं को व्यापक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी संजय गुप्ता मंगलवार को श्री नयना देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता जी की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार, मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम धर्मपाल उपस्थित रहे।

पत्रकारों से बातचीत में चीफ सेक्रेटरी ने मंदिर परिसर में चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शक्तिपीठों पर सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि मंदिरों के विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए विस्तृत खाका तैयार कर जिला प्रशासन को कार्रवाई हेतु भेजा जा चुका है, जिस पर डीसी बिलासपुर व्यापक रूप से काम कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने कहा कि माता नयना देवी मंदिर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, इसलिए यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा देने के उद्देश्य से आधुनिक लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है।



चीफ सेक्रेटरी को मूर्ति भेंट करते श्री नयना देवी मंदिर न्यास के अधिकारी व डीसी राहुल कुमार।

### धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

**प्रदेश** के चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। जिला बिलासपुर स्थित यह शक्तिपीठ पंजाब सहित कई राज्यों से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, इसलिए सुविधाओं के विस्तार से पर्यटन में और वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में श्रद्धालुओं को यहां और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। श्री नयना देवी पहुंचने पर मंदिर न्यास की ओर से उनका स्वागत किया गया। पुजारी प्रदीप शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। इस अवसर पर डीएसपी नयना देवी विक्रांत, मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर, अकाउंट ऑफिसर मनीष, सहायक अभियंता प्रेम शर्मा तथा न्यासी महेश कुमार और कैलाश कुमार भी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें उपभोक्ता: रविंद्र चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2 बिलासपुर रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा आरडीएसएस (संशोधित वितरण क्षेत्र योजना) के अंतर्गत जिला बिलासपुर में पुराने बिजली मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल की रीडिंग में होने वाली त्रुटियां पूरी तरह समाप्त होंगी तथा उपभोक्ताओं को अधिक तकनीकी, पारदर्शी और आधुनिक सुविधा प्राप्त होगी। भविष्य में इन स्मार्ट मीटरों पर उपभोक्ताओं को प्रीपेड बिजली का विकल्प भी उपलब्ध होगा। उपभोक्ता इन मीटरों के माध्यम से अपना रियल टाइम बिजली उपभोग डेटा भी देख सकेंगे, जिससे वह प्रतिदिन उपयोग का ब्यौरा प्राप्त कर अपने उपभोग पर नियंत्रण रख सकेंगे और बिजली की बचत के साथ-साथ गलत बिलों से भी छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं, वह अब अपना बिजली बिल एसएमएस और एचपीएसईबीएल मोबाइल ऐप के माध्यम से देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी या किसी प्रकार की सहायता के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी कनिष्ठ अभियंता या सहायक अभियंता कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। विद्युत संबंधी किसी भी शिकायत हेतु उपभोक्ता टोल फ्री हेल्पलाइन 1800-180-8060 तथा 1912 पर किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि पुराने मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाने में विभाग का सहयोग प्रदान करें।

## झंडूता अस्पताल में पर्ची शुल्क 10 रुपए निर्धारित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के दो प्रमुख अस्पतालों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता और सिविल अस्पताल बरठीं में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी अर्शिया शर्मा ने की। बैठक में अस्पतालों की कार्यप्रणाली, सुविधाओं में सुधार, स्टाफ की समस्याओं और मरीजों को बेहतर सेवाएं देने सहित कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बैठक में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता के पूरे परिसर को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है, ताकि एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुगम रहे। इसके अलावा अब अस्पताल में पर्ची शुल्क 10 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रति दिन 25 रुपए की वृद्धि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के वेतन में की गई है। डॉक्टर अखिलेश कुमार ने यह भी बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में शीघ्र ही सैड का निर्माण किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इन निर्णयों का स्वागत किया और अस्पतालों में मरीजों को मिल रही सुविधाओं में और सुधार लाने पर जोर दिया। उपमंडल अधिकारी अर्शिया शर्मा ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## परीक्षाएं नजदीक, बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण पर सवाल

### ठंड के मौसम में बच्चों को टूअर पर ले जाने पर अभिभावकों ने जताई कड़ी आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- **कहा- परीक्षाओं के नजदीक शैक्षणिक टूअर बच्चों की पढ़ाई में डालते हैं बाधा**
- **सरकार और विभाग से टूअर करवाने वाले स्कूलों पर शिकंजा कसने की अपील**

अब वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां अपने चरम पर हैं, ऐसे संवेदनशील दौर में किसी भी विद्यालय द्वारा छात्रों के लिए भ्रमण आयोजित करना गंभीर सवाल खड़े करता है। पढ़ाई का सबसे महत्वपूर्ण समय होने के बावजूद बच्चों को शैक्षणिक माहौल से बाहर ले जाना शिक्षा प्रणाली की प्राथमिकताओं पर ही प्रश्नचिन्ह लगाता है। इसके ऊपर से बदलता मौसम बच्चों के स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं है।

ठंड, बारिश और मौसमी बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में छात्रों को यात्रा पर ले जाना न केवल जोखिमपूर्ण] बल्कि गैरजरूरी कदम माना जा रहा है। अभिभावकों में भी इसको लेकर गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। अभिवावकों में शामिल अनिल कुमार, राजेश कुमार, अनीता देवी, अशोक कुमार, मदन लाल, किशोरी लाल सहित दर्जनों अभिवावकों ने शिक्षा विभाग पर असमय इस प्रकार के टूअर प्रोग्राम करने वाले स्कूलों पर शिकंजा कसने की मांग की है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूलों को इस परिपाटी पर तुरंत विराम लगाना चाहिए और बच्चों की तैयारी तथा सुरक्षा को सर्वोपरि रखना आवश्यक है।

ऐसे समय में किसी भी तरह का टूअर बच्चों की पढ़ाई में बाधा डालता है और अनावश्यक जोखिम भी पैदा करता है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने इस समय टूअर पर बच्चों को अनुमति देने वाले मुख्याध्यापकों व प्रधानाचार्य से संज्ञान लेने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की गैर जरूरी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके और छात्रों को सुरक्षित व पढ़ाई के अनुकूल वातावरण मिल सके।

कुल मिलाकर पढ़ाई के इस अहम दौर में बच्चों के टूअर आयोजित करने पर अब तत्काल रोक लगना बेहद जरूरी हो गया है। इस बारे में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नरेश सहोड़ ने बताया कि इस समय बच्चों को भ्रमण पर ले जाना उचित नहीं है जबकि ठण्ड भी ज्यादा है और परीक्षा का समय नजदीक है। सरकार व शिक्षा विभाग को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

इस बारे में शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर रेणु कौशल ने बताया कि कोई भी स्कूल बिना समग्र शिक्षा अभियान की परमिशन के भ्रमण पर नहीं ले जा सकता। इसके लिए बचट का प्रावधान सरकार के द्वारा किया जाता है। कुछ स्कूल भ्रमण पर जा रहे हैं तो एसएमसी के प्रस्ताव डालकर ले जा सकते हैं। फिलहाल इस समय शिक्षा विभाग के पास भ्रमण के लिए कोई बजट नहीं आया है।

## सरकार से आर-पार की लड़ाई के लिए कमर कसें पेंशनर्स: सीआर वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**स्वयंभू पेंशनर्स नेताओं के बहकावे में न आएं**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर के संयोजक चेत राम वर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि आठ नवंबर को शिमला में चंद पेंशनर्स जो विशेष विचारधारा से संबंध रखते है, उन्हें मुख्यमंत्री से पूर्व की भांति वार्ता करने का मौका मिल गया, क्योंकि 10-11 दिसंबर तक सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति के पूरे प्रदेश के कोने-कोने से आये लगभग पंद्रह हजार पेंशनरों के हजूम को देखकर मुख्यमंत्री ने 28 नवंबर को विधानसभा घेराव के दिन सयुंक्त संघर्ष समिति के साथ बैठक बुलाने की बात कही थी, तो अब अचानक प्रदेश के पेंशनरों द्वारा नकारे गए कुछ पेंशनर नेताओं के दबाव में आकर मुख्यमंत्री द्वारा एक प्रेस वार्ता करके पेंशनरों को गुमराह करने का कार्य ही किया है। जिला संयोजक चेत राम वर्मा ने कहा है कि सेवानिवृत के बाद हिमाचल प्रदेश के सभी पेंशनर्स स्वतंत्र हैं और किसी भी विचारधारा से बंधे नहीं ह। संगठन में सभी विचारधारा के सदस्य शामिल है। पिछले दिनों अखबारों में कुछ स्वंभू नेताओं द्वारा कहा गया था कि धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में में सिर्फ लगभग पंद्रह हजार पेंशनर्स सरकार के विरुद्ध भाजपा से संबंधित ही एकत्रित हुए थे जो वक्तव्य बहुत दुर्भाग्य पूर्ण था ऐसे लोगों से सावधान रहने कि जरूरत है। चेतराम वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री को समय रहते सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाये ताकि प्रदेश के पेंशनरों के हित की बात की जा सके तभी सरकार और पेंशनरों के बीच तालमेल बना रहे और पेंशनरों के हकों व मांगो पर विचार किया जा सके। अगर मुख्यमंत्री द्वारा वार्ता के लिए नहीं बुलाया जाता है कि सचिवालय घेराव और अगले संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा तथा स्वंभू लोगों की बातों में गुमराह होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि प्रदेश के पेंशनर्स पढ़े लिखे और अच्छे पदों से सेवानिवृत्त हुए है।

### भल्लू-बलघाड़ सड़क पर यातायात 15 तक बंद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि भल्लू से बलघाड सड़क पर निर्माण कार्य के सुचारु निष्पादन के लिए आगामी 15 दिसंबर तक यातायात बंद रहेगा। इस अवधि में यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान यातायात को वाया सेर-सुन्हाणी मार्ग से डायवर्ट किया गया है। इस अवधि में केवल आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस, वीआईपी वाहन, स्कूल बसें तथा अन्य आवश्यक सेवा वाहनों को इस अवधि में इस मार्ग पर आवागमन की अनुमति होगी।

## टिप्पर यूनियन को मिला नेताओं का समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**मांगों को लेकर दूसरे दिन भी धरने पर रहे ऑपरेटर्स**

दि टिप्पर यूनियन की मांगों को लेकर चल रहा धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि जब तक कंपनी उनकी जायज मांगों को नहीं मानती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि लगातार दो दिनों से धरने पर बैठे होने के बावजूद कंपनी प्रबंधन की ओर से अब तक किसी प्रकार की बातचीत नहीं की गई है, जिससे यूनियन सदस्यों में रोष बढ़ता जा रहा है। दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश कॉपरेटिव बैंक के निदेशक सुनील शर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और यूनियन को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि टिप्पर ऑपरेटरों की मांगें पूरी तरह से उचित हैं। उन्होंने कहा वह इस मामले पर मुख्यमंत्री ओर प्रशासन से बातचीत करेंगे। सुनील शर्मा ने कहा कि यूनियन की अनदेखी करना उचित नहीं है, क्योंकि इनके माध्यम से ही क्षेत्र में माल ढुलाई का बड़ा काम निर्भर करता है। जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह भी दूसरे दिन धरने पर बैठे रहे और यूनियन के साथ एकजुटता प्रकट की। उन्होंने कहा कि वह पूरी मजबूती से टिप्पर यूनियन के साथ खड़े हैं और जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से जल्द से जल्द समाधान निकालने की अपील की। धरना स्थल पर यूनियन के सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे और सरकार व कंपनी प्रबंधन से न्याय की मांग करते रहे। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों को जल्द नहीं माना गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## झंडूता के पंकज पटियाल बने अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल रेफरी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



**एवीसी इंटरनेशनल वॉलीबॉल रेफरी कोर्स की परीक्षा की उत्तीर्ण**

बिलासपुरए झंडूता क्षेत्र के युवा खेल प्रतिभा पंकज पटियाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने ताशकंद में 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित एवीएस इंटरनेशनल वॉलीबाल रेफरी कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। पंकज वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा अपने हुनर के बल पर साईं स्पोर्ट्स हॉस्टल में चयनित होकर वॉलीबाल के बेहतरीन खिलाडी रहे हैं। पंकज पटियाल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर वॉलीबाल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के सचिव मदन राणा तथा अंकित चोपड़ा का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इन सभी ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय कोर्स के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने शैलेंद्र शर्मा को भी हृदय से धन्यवाद दिया, जिनके निरंतर मार्गदर्शन को उन्होंने अपनी सफलता का आधार बताया। पंकज ने कहा कि गुरु के आशीर्वाद के बिना जीवन में दिशा पाना कठिन होता है। उन्होंने अपने गुरु रामेश्वर चैहान व नरेंद्र क्षत्रिय को विशेष रूप से याद किया और कहा कि प्रारंभ से अब तक हर कदम पर उनका सहयोग मिलता रहा है। पंकज ने वर्ष 2010 में एनआईएस पटियाला से वॉलीबाल कोच का डिप्लोमा तथा 2012 में राष्ट्रीय स्तर का वॉलीबाल रेफरी कोर्स पूरा किया था, तब से वह लगातार ऑफिशिएटिंग के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब अंतरराष्ट्रीय रेफरी बनकर उन्होंने न पूरे देश का मान बढ़ाया है।

## 'स्याले रिए धुप्पे मुईये नेड़े नेड़े आयां' ने बटोरीं तालियां

### बामटा में हुई कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी बामटा में संपन्न हुई। संगोष्ठी की अध्यक्षता जीत राम सुमन, बीना वर्धन और विजय सहगल ने सामूहिक रूप से की।

मंच संचालन नवनियुक्त प्रधान तृप्ता कौर मुसाफिर ने किया। सर्व प्रथम सीता देवी जसवाल ने कोई तो लौटा दे मेरा बचपन, लश्करी राम ने जितखा बि देखो आवा ई उत आ, सूबेदार बीरी सिंह चंदेल ने साज बाज के साथ गीत बंदे दस्स तैनू काहे दा गुमान वे, बाबू राम धीमान ने 'सियाले रिए धुप्पे मुईये नेड़े नेड़े आयां', रविंद्र ठाकुर ने बहुत कुछ छोड़ा जिंदगी, श्याम सुंदर सहगल ने जिस गली में तेरा घर न हो बालमा, बृज लाल लखनपाल ने हम उस देश के बासी हैं, चिंता देवी ने गंगा दे नहौने जांदा मेरे मोहना, राकेश मन्हास ने सख्त राहों में आसमान लगदा है, जीत राम सुमन ने प्यारा प्यारा म्हारा हमाचल, राम पाल डोगरा ने अगर मैं जल चढ़ाता हूं, शिव नाथ सहगल ने आप के हसीन रुख पे आज नया नूर है, विजय कुमारी सहगल ने आंसू न होते तो कभी खुशी का एहसास न होता, अमर नाथ धीमान ने एक ही चाहत थी तुमको चाहूं पर चाहने से कहां मिलते हो तुम, सुमन चड्ढा ने तुसां लगना इया लोका रिया गलाई, हामिद खान ने बांसुरी बजांदा गीता ने बुलांदा, आचार्य जगदीश सहोता ने मन को शांत करो, नरेंद्र दत्त शर्मा ने कुछ न कुछ तो जरूर होना है सामना आज उन से होना है, तृप्ता कौर मुसाफिर ने दे शिवा बर मोहे, परमजीत कहलूरी ने 'वह जुदा तो है पर जुदाई नहीं है' प्रस्तुत किया।

## युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ेगी 'लोकगीतों में जनजीवन' पुस्तक: उपायुक्त

### राहुल कुमार ने की साहित्यकार रामलाल पाठक की पुस्तक की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वरिष्ठ साहित्यकार रामलाल पाठक ने अपनी चर्चित पुस्तक लोकगीतों में जनजीवन' मंगलवार को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार को भेंट की। उपायुक्त ने पुस्तक के लिए रामलाल पाठक की सराहना करते हुए इसे लोक संस्कृति, लोकपरंपराओं और संस्कृति संरक्षण की दिशा में किया गया सराहनीय और उत्कृष्ट प्रयास बताया। उपायुक्त राहुल ने कहा कि यह पुस्तक बिलासपुर जिला सहित हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ों को समझने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि 'लोकगीतों में जनजीवन' पुस्तक युवाओं को पारंपरिक लोकगीतों, लोकनृत्यों और लोककथाओं से अवगत कराते हुए उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अनूठा माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि संस्कृति और लोक परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, और इस दिशा में रामलाल पाठक का प्रयास प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि इस पुस्तक में शामिल कहानियां, लोकगीत, नाट्य विधाएं और सांस्कृतिक तथ्य न केवल युवाओं को अपनी प्राचीन लोक संस्कृति से परिचित कराएंगे, बल्कि नई पीढ़ी को इसे संरक्षित और आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देंगे। उन्होंने कहा कि रामलाल पाठक ने कठिन परिश्रम और शोध के माध्यम से जिला की सांस्कृतिक पहचान को संजोने का कार्य किया है, जो प्रशंसा योग्य है।

### पुस्तक की विशेषता

**रामलाल** पाठक की 'लोकगीतों में जनजीवन' पुस्तक बिलासपुर की प्राचीन सांस्कृतिक पहचान को एक जीवंत दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करती है। पुस्तक में जन्म संस्कार गीत, विवाह संस्कार गीत, लोकनाट्य शैली दहाजा, मोहना गीत, गंभरी देवी की जीवनी, गुग्गा गाथा, फूला चंदेल के पारंपरिक लोक नृत्य और हिमाचली बोलियों का विस्तृत संग्रह शामिल है। यह पुस्तक लोक जीवन, लोक आस्था और पारंपरिक लोककला का प्रमाणिक अभिलेख है, जो इसे शोधार्थियों, युवाओं और संस्कृति प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण बनाती है।

**जयंती** — बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर में मनाया जिलास्तरीय यशपाल जयंती समारोह

## कवियों और साहित्यकारों ने रोचक रचनाओं से बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला भाषा एवं संस्कृति अधिकारी कार्यालय बिलासपुर द्वारा विभाग के बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर में जिलास्तरीय यशपाल जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

समारोह की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की तथा मंच संचालन इंद्र सिंह चंदेल द्वारा किया गया। पहले सत्र में 'साहित्यकार/कलाकार से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र मिन्हास के साहित्यिक जीवन और योगदान पर दिनेश कुमार ने विस्तृत जीवन-वृतांत प्रस्तुत किया। जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने उन्हें टोपी, मफलर और डायरी-पेन भेंट कर सम्मानित किया।



साहित्यकार सुरेंद्र मिन्हास को सम्मानित करतीं जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल।

**साहित्यकार और कवि सुरेंद्र मिन्हास को किया सम्मानित**

दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साहित्यकारों ने भाग लिया। अमरनाथ धीमान ने 'मेरा हाथ पकड़कर चलना सिखाया' प्रस्तुत किया। भीम सिंह ने 'लोकां जो धुलने रा प्यास बुरा' रचना सुनाई। रामलाल पाठक ने 'पहाड़ के सच्चे हिमायती होते हैं' प्रस्तुत की। केशव शर्मा ने 'हूण किती रईया भला से पुराणा जमाना' की प्रस्तुति दी। सुमन चड्ढा ने 'हां, हौसला रखती हूं' सुनाया। रवींद्र कुमार शर्मा ने पहाड़ी बोली में अपनी रचना पढ़ी। जीत राम सुमन ने 'आओ दीप जलाएं' प्रस्तुत करते हुए कहा, 'आओ दीप जलाए पथ पे, आशाओं की नैया कोई तो पार लगाता होगा।' डॉ. अनीता शर्मा ने 'देश के हित ये फर्ज निभाएं' सुनाई। सुशील पुंडीर ने 'ज़िंदगी अधूरी लगती है' प्रस्तुत की। बृजलाल लखनपाल ने 'महारा भी था इक जमाना' सुनाया। बाबूराम धीमान ने 'भारत माता के सात लाडले' रचना पढ़ी। कर्मवीर कंडेरा ने 'जहर बेच कर कमा रहे हैं पैसा' पर अपनी कविता प्रस्तुत की। सुरेंद्र मिन्हास ने ग्रामीण जीवन पर आधारित रचना सुनाई। तृप्ता ने 'पग रंग केसरी ते...' पढ़ा। प्रीति शर्मा ने 'तेरा मुझसे है क्या बंधन' प्रस्तुत किया।

कवि सम्मेलन में कौशल्या देवी, जावेद इकबाल, गोरखू राम शास्त्री, डॉ. जय महलवाल, रचना चंदेल, रत्न चंद निर्झर, शिवपाल गर्ग, मनीष और अंकित सहित बड़ी संख्या में कवि उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने उपस्थित साहित्यकारों और कलाकारों को 'बिलासपुर किताब घर' के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि जिले की साहित्यिक धरोहर का संरक्षण केंद्र है, जहां विभागीय पुस्तकों के साथ हिमाचल के वरिष्ठ और युवा कवियों की कृतियां उपलब्ध हैं। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार रामलाल पाठक और केशव शर्मा ने अपनी-अपनी स्वलिखित पुस्तकें भी 'किताब घर' को भेंट कीं। अंत में जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने सभी साहित्यकारों और कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### समरसता को अपने जीवन में अपनाएं युवा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई चंबा द्वारा समरसता दिवस के अवसर पर चंबा महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनी दिलवान ने की, जबकि मुख्य वक्ता अर्पित जरयाल रहे। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और सामाजिक समानता, न्याय व स्वाभिमान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलें और समरसता को अपने जीवन में अपनाएं। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सामाजिक समानता, समरसता व राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अभाविप ने ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभावना और सामाजिक एकता को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

### सड़क किनारे लटकी कार, लोगों ने बचाई जान

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह के नकरोड़ बाजार के पास एक कार सड़क के किनारे लटक गई, लेकिन मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य करते हुए रस्सियों की मदद से वाहन को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के समय कार में एक ही व्यक्ति सवार था और गनीमत रही कि किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। घटना स्थल पर सड़क का भाग तंग, कच्चा और अंदर से खोखली होने के कारण पहले भी कई बार हादसे होते रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग को शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि यहां एक पुलिया का निर्माण तो हो गया है, लेकिन इसके आगे-पीछे सड़क का हिस्सा कच्चा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### एमएस ने अस्पताल में जांची भोजन की गुणवत्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मंगलवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता तथा कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप सिंह ने अस्पताल के भोजनालय (मेस) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मरीजों को परोसे जा रहे भोजन में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर दोनों अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया। भोजनालय में सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता और कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप सिंह ने मेस संचालक को मौके पर ही तलब करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों के लिए तैयार होने वाले नाश्ते, दोपहर व रात्रि भोजन सहित सभी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों अधिकारियों ने कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि अस्पताल में उपचाररत रोगियों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो सके।

### रेडियम कॉलर से पशु संरक्षण में सुधार

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने कहा कि सदन में पिछले दो वर्षों से बेसहारा पशुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया और रेडियम कॉलर लगाने की मांग की गई ताकि रात के समय सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि बेसहारा पशु और वाहन चालकों दोनों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में विधायक ने भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल चौहारी के कार्यकर्ताओं को रेडियम कॉलर भेंट किए। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि सड़क पर बेसहारा गोवंश दिखाई देने पर उन्हें यह कॉलर पहनाएं। रेडियम कॉलर रात में चमकते हैं, जिससे वाहन चालक पशु को दूर से देख पाते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। विधायक ने बताया कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनसुरक्षा और गौ-सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

### मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण मामले दर्ज किए हैं। पहला मामला पुलिस थाना पांगी में मारपीट, गाली-गलौज व धमकी का है। शिकायतकर्ता लक्ष्मण सिंह ने आरोप लगाया कि देवी लाल, राम देई और रोशन लाल ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी राम देई ने उनका निजी पानी कनेक्शन काट दिया। दूसरा मामला पुलिस थाना चुवाड़ी में अवैध शराब से संबंधित है। पुलिस की चैकिंग के दौरान नारायण सिंह की दुकान से कुल 4500 स्र्न्नश्वरुअवैध शराब बरामद की गई। दोनों मामलों की जांच संबंधित थानों द्वारा प्राथमिकता के साथ जारी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने बच्चों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुरांह में बच्चों, अध्यापकों और स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्याध्यापिका कल्पना मिन्हास की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में केस वर्कर काजू राम ने बच्चों को टोल फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। बच्चों को बाल अधिकारों जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशे की बुराई, बाल तस्करी, यौन शोषण, घरेलू हिंसा और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया में चल रही ब्लैकमेलिंग और अनजान लोगों से सतर्क रहने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।

### तीसा में आग से निपटने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सिविल अस्पताल तीसा में अग्निशमन विभाग की देखरेख में आज एक व्यापक मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस अभ्यास में डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल टीम, प्रशासनिक कर्मचारी और सहायक स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। ड्रिल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने, मरीजों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम तथा अलार्म सिस्टम का सही संचालन सिखाना था। अभ्यास के दौरान स्टाफ को आपातकालीन निकासी मार्ग, टीम वर्क और वास्तविक आपदा प्रबंधन में शांत रहकर कार्य करने की तकनीक भी सिखाई गई। अस्पताल प्रशासन ने प्रतिभागियों की तत्परता की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सफल और उपयोगी अभ्यास बताया। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि मरीजों और अस्पताल परिसर की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

### विंटर फेस्टिवल की तैयारियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी में विंटर फेस्टिवल-2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। फेस्टिवल 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह उत्सव शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इसकी सभी तैयारियां समयबद्ध पूरी की जानी चाहिए। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम, हेरिटेज वॉक, स्वयं सहायता समूहों की दुकानें, कलाकारों और पर्यटकों के रहने की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने पर्यावरण हितैषी गतिविधियों और अग्नि से जुड़ी कलाबाजियों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम डलहौजी और जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने अब तक की तैयारियों की जानकारी दी। फेस्टिवल के दौरान स्थानीय लोक कलाकारों को अधिक मंच दिया जाएगा, ताकि चम्बा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को व्यापक पहचान मिल सके।

### खन्ना ने हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, चुराह।** ग्राम पंचायत जुंगरा के शहवा गांव में शादी समारोह के दौरान कच्चे मकान की छत गिरने से हुए हादसे में लगभग 30 लोग घायल हो गए। घटना के बाद कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना मौके पर पहुंचे और घायलों का हालचाल जानकर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को उचित राहत राशि प्रदान करने की मांग की। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### जोगिंद्रनगर में 'नो टोबैको जोन' की निशानदेही

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में मंगलवार को 'नो टोबैको जोन' का चिन्हांकन किया गया। कॉलेज परिसर से 100 गज की दूरी पर पीले रंग से विशेष मार्किंग की गई, ताकि तंबाकू निषेध क्षेत्र प्रभावी रूप से लागू हो सके। इस दायरे में तंबाकू उत्पाद ले जाना भी प्रतिबंधित है। प्रिंसिपल प्रो. निशा वैद्य सहित स्टाफ मौजूद रहा। अभियान के तहत आगे भी जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### 1500 करोड़ में से कुछ नहीं मिला: जगत सिंह नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने पूर्व भाजपा सरकार को प्रदेश की आर्थिक कठिनाइयों के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्हें भारी कर्ज की सौगात मिली। केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ में से एक रुपये भी नहीं मिला। नेगी ने बताया कि जन संकल्प सम्मेलन में लाभार्थियों को लाभ बांटे जाएंगे और नई योजनाएँ शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तीन वर्षों में आपदाओं और राजनीतिक षड्यंत्रों का मजबूती से सामना किया।

# नशा एक गंभीर समस्या, निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : पठानिया

## सिंहुता स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, भटियात**

भटियात उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहुता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।



पठानिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 31 हजार रुपए देने की घोषणा की।

संबोधन में कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार और ढांचागत विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि अगले वित्त वर्ष से प्रदेश के लगभग 100 स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू होगा, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहुता भी शामिल है।

विधायक ने कहा कि प्रदेश में नशा एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने अभिभावकों और युवाओं से नशामुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही स्थानीय युवक मंडल द्वारा किए

**शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित**

जा रहे नशा मुक्ति प्रयासों की सराहना की। कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क, पेयजल और विद्युत आपूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। सिंहुता-लाहड़ू डबल लेन सड़क जून 2026 तक तैयार हो जाएगी। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय प्रशासन, छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी। कुलदीप सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 31 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।

# शोणी गांव में पीएम ग्रामीण सड़क योजना का निर्माण विवाद में घिरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही व ग्रामीणों ने दबाव बनाने का लगाया आरोप**

ग्राम शोणी में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कुठेड़ से भड़ेला तक बनाई जा रही सड़क के किनारे चल रहे निर्माण कार्य को लेकर विवाद तेज़ हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क से सटे दो मकानों का निर्माण इस तरह किया जा रहा है कि पहले से संकरी सड़क और अधिक तंग हो जाएगी, जिससे आम लोगों के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न होगी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस अवैध निर्माण की शिकायत कई बार सलूणी स्थित लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता और अवर अभियंता को दी गई, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी शिकायतों को अनदेखा कर रहे हैं और सड़क निर्माण को प्रभावित करने वाले अवैध निर्माण को रोकने के बजाय आम जनता को ही गलत ठहरा रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों में मानसिक तनाव बढ़ गया है और सरकारी तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त चम्बा से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने ङ्गश्वह्र और स्ठह्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि सरकारी योजनाओं में हो रही मनमानी और भ्रष्टाचार पर रोक लग सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो सड़क और उसके आसपास का परिवहन नेटवर्क और भी अधिक प्रभावित होगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की उम्मीद जताई है। वर्तमान में मामला प्रशासनिक जांच के दायरे में है और आने वाले दिनों में किस प्रकार कार्रवाई होती है, यह समय ही बताएगा। ग्रामीणों की मांग है कि सरकारी अधिकारियों की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाए और आम जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# मेहुल राणा की कप्तानी में चंबा कॉलेज ने हॉकी में लहराया परचम



चंबा की हॉकी टीम ने इंटर कॉलेज हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अदम्य साहस, अनुशासन और टीम भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए पीजी कॉलेज चंबा की हॉकी टीम ने इंटर कॉलेज हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 7 से 9 दिसंबर तक गवर्मेंट कॉलेज ऊना द्वारा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर की 14 कॉलेज टीमों ने हिस्सा लिया।

कप्तान मेहुल राणा के नेतृत्व में चंबा कॉलेज की टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत से ही अपने आक्रामक खेल और रणनीतिक समझ का प्रभाव छोड़ा। सेमीफाइनल तक पहुँचने के सफर में खिलाड़ियों ने न केवल मजबूत विरोधियों को मात दी, बल्कि अपने खेल से दर्शकों और आयोजकों का ध्यान भी आकर्षित किया। चंबा जिला स्वयं हॉकी में अपनी ठोस पकड़ और समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है। यहां के खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता और खेल के प्रति समर्पण प्रदेश स्तर पर विशेष पहचान रखता है। इसी उत्कृष्ट परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस टीम ने एक बार फिर साबित किया कि चंबा की हॉकी स्टेट स्तर पर हमेशा मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है।

ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद कॉलेज प्रशासन, कोचिंग स्टाफ और छात्रों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कॉलेज प्रबंधन ने पूरी टीम की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में हॉकी के क्षेत्र में और भी बड़ी सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## जिला चंबा किसान कांग्रेस जन संकल्प सम्मेलन में लेगी भाग

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जिला चंबा डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि हिमाचल किसान कांग्रेस के सभी जिला, ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारीगण 11 दिसंबर को मण्डी में प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित जन संकल्प सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदाओं में केंद्र सरकार के सहयोग के बिना प्रदेशवासियों को राहत प्रदान कर रही है। इसमें गृह निर्माण, मुरम्मत, पशु मवेशी, जमीन और खेती के नुकसान की सहायता शामिल है। इसके अलावा, सरकारी संपत्ति व अधोसंरचना की क्षतिग्रस्त योजनाओं का पुनर्निर्माण भी जारी है। आर्थिक अनुशासन के साथ सरकार ने तीन वर्षों में विकास की गति नहीं रोकी और किसान, बागवान व सरकारी कर्मचारियों के कल्याण हेतु सकारात्मक कदम उठाए। जन संकल्प सम्मेलन में मुख्यमंत्री अगले दो वर्षों के विकास विजन को जनता के साथ साझा करेंगे।

# चंबा 'साथी' ऐप से तैयार होगा स्वयंसेवकों का डिजिटल डेटाबेस: मुकेश रेपसवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला प्रशासन द्वारा विकसित किए जा रहे 'चंबा साथी' एप के माध्यम से सभी प्रशिक्षित और सक्रिय स्वयंसेवकों का समग्र डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि इस एप का उद्देश्य आपदा, आपात स्थिति और प्रशासनिक जरूरतों के समय त्वरित संचार एवं प्रभावी सहयोग सुनिश्चित करना है।

उपायुक्त ने एलिगो क्रिएटिव सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक में बताया कि जिले में आपदा मित्र, नैसकॉम डिजिटल एम्बेसडर, स्वीप स्वयंसेवक, रक्तदाता समूह, स्वयं सहायता समूह, आशा वर्कर्स सहित अन्य स्वयंसेवी समूह प्रशासन को सहायता प्रदान कर रहे हैं। हालांकि इन सभी समूहों की कोई एकीकृत डिजिटल सूची उपलब्ध नहीं है, जिससे आपातकालीन संदेश और समन्वय में कठिनाई आती है। चंबा साथी एप एक कार्यप्रवाह आधारित



उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

आधुनिक स्वयंसेवक प्रबंधन प्रणाली के रूप में विकसित की जा रही है। इसमें सभी विभागों द्वारा प्रशिक्षित वर्तमान एवं भविष्य के स्वयंसेवकों की जानकारी नियमित रूप से अपडेट होगी। प्रारंभिक संचार एसएमएस और ईमेल के माध्यम से तुरंत भेजा जा सकेगा।

स्वयंसेवक अपने संपर्क विवरण स्वयं अपडेट कर सकेंगे, जबकि जिला प्रशासन प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल, कार्यक्रम और गतिविधियों का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में देख सकेगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एप सरल, उपयोगकर्ता-अनुकूल और त्रुटिरहित बनाया जाए। बैठक में एलिगो

**आपदा एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं में त्वरित समन्वय का लक्ष्य**

क्रिएटिव सर्विस के प्रतिनिधियों ने एप की कार्यप्रणाली और डिजाइन की विस्तृत जानकारी दी और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की आवश्यकताओं के अनुसार सभी फीचर्स विकसित किए जाएंगे। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला योजना अधिकारी जीवन कुमार और जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान सहित कंपनी के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## 'मुख्यमंत्री के पास नहीं जनता का दुखदर्द सुनने का समय'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों से आग्रह किया है कि जनता का दर्द आंखों से देखना है तो मंडी पड्डल मैदान रैली स्थल से मात्र 20 किलोमीटर दूर पंडोह के कुकलाह जाकर आएं और आपको जमीनी हक़ीक़त मालूम चल जाएगी कि आखिर जनता किस हालात में है। आपदा के पांच महीने बाद भी यहां एक वैली ब्रिज तक सरकार बना नहीं पाई जिसके चलते मध्य सराज की 15 पंचायतों के लोगों को आज भी पीठ पर सामान लादकर अपने दुर्गम गांवों तक पहुंचना पड़ रहा है। यहां 29 जून की रात बाखली खड्ड में बाढ़ आने के बाद कुकलाह का बगलामुखी मंदिर और कलहनी-कशौड सड़क मार्ग पुल बह जाने के बाद पूरी तरह आवागमन के लिये बंद है। उन्होंने सराज विधानसभा के कुकलाह में आपदा प्रभावित परिवारों के बीच उनकी मांगों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अंदर सम्पर्क मार्ग बहाल किया जाए और नदी को पार करने के लिए अस्थाई पुलिया बनाकर दी जाए ताकि लोग अपने वाहन आर पार कर सके।उन्होंने कहा कि मानसून में आई आपदा ने यहां काफी नुकसान किया था, जिसमें कुकलाह गांव को जोड़ने वाला सड़क मार्ग और पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जिन्हें बहाल करने के लिए इस सरकार ने अभी तक भी कोई सुध नहीं ली है। गाँववासी अभी भी आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग व पुल का उपयोग कर रहे हैं और कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कुछ समय रोपवे से राशन ढुलाई और आवागमन फ्री करने का उन्होंने आग्रह किया था लेकिन बाद में सरकार ने कोई सुध नहीं ली। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि मंडी रैली में अपनी उन गारंटियों पर भी जनता के बीच अपनी बात रखें जिनके सहारे आप सत्ता में आये हो ।

# जहां दर्द में जनता, वहां कांग्रेस का जश्न यह संवेदनहीनता नहीं तो क्या है?: जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की अरठी, कपाही, कलौहड़ और वीणा पंचायतों के व्यापक जनसम्पर्क अभियान के दौरान भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जहां जनता पिछले तीन साल से भारी तकलीफ में है, वहां कांग्रेस का जश्न मनाना उनके सुशासन की नहीं, बल्कि क्रूर और असंवेदनशील शासन की सबसे बड़ी तस्वीर है।

उन्होंने कहा कि आज भी आपदा में 33 लोग लापता हैं, जिनके परिवार रोज़ दरवाजे-दरवाजे फरियाद कर रहे हैं। हजारों परिवार मुआवजे और पुनर्वास के इंतजार में हैं। इन हालात में कांग्रेस का जश्न मनाना सीधे-सीधे जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। राकेश जमवाल ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग कांग्रेस सरकार की उपेक्षा का शिकार है। पिछली भाजपा सरकार की विकासात्मक योजनाओं पर ताला लग चुका है। हजारों बुजुर्गों और एकल महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पेंशन बंद, गौशालाओं को महीनों से एक रुपये की ग्रांट नहीं मिली, गरीब परिवारों को मकान की किश्तें तक नहीं दी गईं, और आपदा प्रभावितों को अभी तक समुचित राहत नहीं मिली। ऐसे में कांग्रेस सरकार मंडी में 'जश्न' मनाने जा रही है — यह जनता की पीड़ा का उपहास है। उन्होंने कहा कि

**कहा- मंडी में अब भी 33 आपदा पीड़ित लापता, ऐसे माहौल में जश्न जनता के जख्मों पर नमक**

कांग्रेस को जश्न नहीं, तीन साल की बरबादी का मातम मनाना चाहिए। भाजपा सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं के लाभार्थियों को कांग्रेस ने अंधेरे में धकेल दिया है और अब दिखावे के कार्यक्रमों के सहारे जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

विधायक ने कहा कि जिस सरकार ने जनता के आंसू भी नहीं पोंछे, वह आज स्वागत करने के नाम पर भीड़ जुटाना चाहती है। जनता पूछ रही है—किस बात का उत्सव? किस उपलब्धि का जश्न? किस विकास का स्वागत? उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दिखावे की नहीं, राहत, पुनर्वास और ईमानदार शासन की मांग कर रहा है। मंडी की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस का तीन साल का कार्यकाल वादाखिलाफी, करों की मार, महंगाई, आपदा प्रबंधन में विफलता और जनता की अनदेखी का प्रतीक बन चुका है। जम्वाल ने कहा कि भाजपा पूरी मजबूती से जनता के साथ खड़ी है। कांग्रेस चाहे जितनी कोशिश कर ले, जनता की पीड़ा और उनकी यादें मिटा नहीं पाएगी। उन्होंने कहा—जहां जनता रो रही हो, वहां जश्न मनाने का हक किसी सरकार को नहीं।

## जापानी फल उत्पादन से बागवानों को हर वर्ष 2.50 करोड़ की आमदनी का अनुमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिवा परियोजना के अंतर्गत बल्ह उपमंडल में निर्माणाधीन तमरोह क्लस्टर का निरीक्षण किया। इस कलस्टर में 18 हेक्टेयर भूमि पर 12,500 जापानी फल के पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे यहां के बागवानों को प्रति वर्ष लगभग 2.50 करोड़ रुपए की आमदनी होने का अनुमान है। अब तक 70 बागवान इस क्लस्टर से जुड चुके हैं और आगामी तीन वर्ष में पौधों पर फल आना प्रारंभ हो जाएगा। मंत्री ने लगभग पूरे क्षेत्र का पैदल निरीक्षण किया और अधिकारियों से अब तक हुई प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत यहां दो और तीन लाख लीटर क्षमता के दो वाटर टैंक तैयार किए जा रहे हैं। पौधारोपण 15 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा, जो 4 गुणा 4 मीटर की दूरी पर किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि शिवा परियोजना के अंतर्गत पौधारोपण, पौधे उपलब्ध करवाने, ड्रिप सिंचाई व्यवस्था, फेंसिंग तथा पानी की आपूर्ति सहित सभी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता संगठित होकर करें कार्य : विनय



प्रेसवार्ता करते हुए कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार व साथ में हैं कई नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने मंडी जिला के दौरे के दौरान मंडी पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट की, जहां पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, मिल्कफेड पूर्व अध्यक्ष चेतराम ठाकुर, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, सरकाघाट पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर, चमन राही परिषद महासचिव, सन्नी ईप्पन अल्पसंख्यक अध्यक्ष, कृष्णा टंडन, जगदीश रेड्डी, दीपक ठाकुर, महेंद्र ठाकुर व कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं, युवा नेताओं, महिला कांग्रेस तथा सेवादल पदाधिकारियों ने फूलमालाओं और जोशीले नारों के साथ विनय कुमार का उत्साहपूर्ण स्वागत किया तथा विनय कुमार मार्ग में स्थान-स्थान पर लोगों से मिलते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते रहे। संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करें और आगामी 11 दिसंबर को होने वाले प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम में अनुमानित पच्चीस हजार लोगों की उपस्थिति कांग्रेस की शक्ति का परिचय देगी। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला को 50 साल के बाद अध्यक्ष पद मिला है।

नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस तीन महीनों में प्रदेश, जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर संगठनात्मक ढांचा पूर्ण रूप से सुदृढ़ करेगी, जिससे आने वाले चुनावों में ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित होगी।

व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश।
मुकदमा न.
किस्म मुकदमा इन्तकाल मकफूल उलखबरी
तारीख पेशी 18.12.2025
नारायण दास बनाम आम जनता
रमेश कुमार पुत्र जोवनू पुत्र संगलोहू निवासी बनूरी खास, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.। ....प्रार्थी
बनाम आम जनता
इन्तकाल मखफूल उलखबरी:- धर्मू पुत्र संगलोहू पुत्र सुखिया निवासी बनूरी खास, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. के नाम खाता न. 408 खतौनी न. 564 खसरा न. 1295/381 रक्वा तादादी 00-24-42 है. निवासी बनूरी खास, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. का भाग कागजात माल में दर्ज करने बारे।
रमेश कुमार पुत्र जोवनू पुत्र संगलोहू निवासी बनूरी खास, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका चाचा धर्म पुत्र संगलोहू पुत्र सुखिया निवासी बनूरी खास, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. पिछले 40-45 वर्षों से लापता हैं और न ही स्थानीय पंचायत में किसी से और न ही हमारे किसी रिश्तेदार से उनका कोई सम्पर्क है। इसलिये उनको मृत घोषित करके उनकी सम्पति जोकि महाल बनूरी में स्थित है का इन्तकाल उतराधिकारी के नाम दर्ज किया जावे।
अतः आम जनता को अखबारी ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 18.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर हो कर पेश कर हो सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 05.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर

INC-26
[कंपनियों (संविलियन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के कार्यालय के समक्ष।
विषय: कंपनी अधिनियम, 2013 – कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के संबंध में।
-तथा-
M/S. Balasundari Real Estate Private Limited के संबंध में, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. 78, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़ – 160002 पर स्थित है।
...याचिकाकर्ता
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत अपने उपबंध (Memorandum of Association) में संशोधन की पुष्टि प्राप्त करने हेतु केंद्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र) के समक्ष आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है।
यह संशोधन उस विशेष प्रस्ताव के अनुरूप है, जो कंपनी की असाधारण आम सभा में सोमवार, 3 नवंबर 2025 को पारित किया गया था, जिससे कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़" से "हिमाचल प्रदेश राज्य"** में स्थानांतरित कर सके।
कोई भी व्यक्ति, जिसकी रुचि कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो सकती है, वह अपनी आपत्ति—अपने हितों का विवरण और आपत्ति के आधारों का उल्लेख करते हुए तथा शपथपत्र के साथ— क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है।
आपत्तियाँ निम्न पते पर भेजी जाएँ: बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, दूसरी मंजिल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110003
यह आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेजी जानी चाहिए, और उसकी एक प्रति याचिकाकर्ता कंपनी के पंजीकृत कार्यालय —
प्लॉट नं. 78, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, चंडीगढ़ – 160002 पर भी भेजी जाए।
कंपनी की ओर से
Balasundari Real Estate Private Limited
Sd/-
संदीप कुमार
(निदेशक)
Date: -10/12/2025
DIN: 10109823

INC-26
[कंपनियों (संविलियन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के कार्यालय के समक्ष।
विषय : कंपनी अधिनियम, 2013 – कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के संबंध में।
-तथा
M/S. Surkanda Devi Real Estate Private Limited के संबंध में, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित कंपनी है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. 78, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़ – 160002 पर स्थित है।
...वादी / याचिकाकर्ता
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत उपबंधों के संशोधन की पुष्टि प्राप्त करने हेतु केंद्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव रखती है। यह संशोधन कंपनी की असाधारण आम सभा, जो सोमवार, 3 नवंबर, 2025 को आयोजित की गई थी, में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुरूप किया जाना प्रस्तावित है, जिससे कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **"केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़" से "हिमाचल प्रदेश राज्य"** में स्थानांतरित कर सके।
कोई भी व्यक्ति, जिसकी रुचि कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो सकती है, वह अपने हित का विवरण एवं आपत्ति के आधारों का उल्लेख करते हुए— और शपथपत्र द्वारा समर्थित— अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकता है अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के कार्यालय, बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, दूसरी मंजिल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110003 पर भेज सकता/भेज सकती है।
यह आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेजी जानी चाहिए, तथा इसकी एक प्रति याचिकाकर्ता कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय – प्लॉट नं. 78, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, चंडीगढ़ – 160002 पर भी भेजी जानी चाहिए।
कंपनी की ओर से
Surkanda Devi Real Estate Private Limited
Sd/-
संदीप कुमार
(निदेशक)
Date: -10/12/2025
DIN: 10109823

लोग बुरे को देखते हैं तभी उन्हें पता लगता है कि क्या अच्छा है। बुरा नहीं हो तो क्या पता लगे कि अच्छा क्या है?

-विविध

## संपादकीय

### सोशल मीडिया और पुलिस

हिमाचल प्रदेश पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार लाने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए लगातार प्रयासरत है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है। पुलिस विभाग इस दिशा में कई तरह के सुधार कर भी रहा है। वर्तमान समय में सोशल मीडिया का महत्व और प्रभाव हर क्षेत्र में बढ़ गया है। सोशल मीडिया ने लोगों के संवाद करने के तरीके, सूचना साझा करने और नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। यही वजह है कि पुलिस विभाग ने अपने कर्मियों के सोशल मीडिया उपयोग को लेकर नई दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि विभाग की कार्यशैली और विश्वसनीयता में सुधार हो सके।

हाल ही में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने अपने कर्मियों को वर्दी पहने हुए सोशल मीडिया पर रील, वीडियो, फोटो या अन्य गैर-आधिकारिक सामग्री पोस्ट करने पर रोक लगा दी है। यह कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पुलिस कर्मी राज्य के अनुशासन और कानून व्यवस्था के प्रतीक होते हैं। यदि कोई पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करता है, तो इससे विभाग की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई बार देखा गया है कि पुलिस कर्मी अपने ड्यूटी समय के दौरान भी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं और मनोरंजन या व्यक्तिगत लाभ के लिए पोस्ट करते हैं। इस तरह की गतिविधियां आमजन के मन में पुलिस के प्रति अविश्वास पैदा करती हैं। लोगों की धारणा यह बन जाती है कि पुलिस विभाग अनुशासनहीन है, जबकि वास्तव में कुछ कर्मचारी अनुशासनहीनता करते हैं, और खामियाजा भुगतना पड़ता है पूरे विभाग को।

पुलिस विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। पुलिस कर्मी अब किसी भी सरकारी नीति, निर्णय या पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोई भी टिप्पणी नहीं करेंगे। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जांच की स्थिति, अपराध संबंधी सामग्री, आरोपियों या पीड़ितों की पहचान और ड्यूटी स्थान संबंधित जानकारी साझा करने की अनुमति भी नहीं होगी। केवल अधिकृत अधिकारी और कर्मी ही आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से जानकारी साझा कर सकते हैं। किसी भी पुलिसकर्मी को मनोरंजन, आत्म-प्रचार, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक या व्यक्तिगत विचार साझा करने के लिए सोशल मीडिया पर रील, वीडियो, फोटो या पोस्ट अपलोड करने की अनुमति नहीं है।

इस नीति का उल्लंघन करने पर विभागीय जांच, निलंबन, वेतन वृद्धि रोकना, पदावनति और यहां तक कि सेवा से बर्खास्तगी जैसी सख्त कार्रवाई हो सकती है। यह स्पष्ट संदेश है कि पुलिस अनुशासन का पर्याय है और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर अनुशासन बनाए रखना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पुलिस कर्मी समाज के लिए आदर्श का काम करते हैं। आमजन उनकी गतिविधियों पर ध्यान रखता है और उनका अनुकरण करता है। यदि पुलिसकर्मी ही अनुशासनहीनता करेंगे, तो समाज में कानून और व्यवस्था की भावना कमजोर होगी। इसी कारण सोशल मीडिया नीति को कड़ाई से लागू करना आवश्यक है।

पुलिस विभाग ने पहले भी सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर निर्देश जारी किए थे, लेकिन उनका प्रभाव सीमित रहा। नई एसओपी काफी सख्त और स्पष्ट है। ये नए निर्देश केवल रोकथाम तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने और विभाग की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए ठोस कदम हैं। पुलिस का मुख्य काम अपराधियों को पकड़ना और कानून का पालन कराना है, न कि व्यक्तिगत या सामाजिक मामलों में अपनी राय व्यक्त करना।

हिमाचल प्रदेश पुलिस का यह कदम काबिलेतारीफ है। सोशल मीडिया के माध्यम से तेजी से फैलने वाली सूचनाओं का गलत उपयोग रोकना जरूरी है। अपराधियों की जानकारी, जांच के विवरण या पुलिस संबंधित डेटा का अनुचित साझा करना कानून और अनुशासन दोनों के खिलाफ है। बहरहाल, पुलिस विभाग ने न केवल अपने कर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं, बल्कि समाज में पुलिस की साख और विश्वास को भी मजबूत करने का काम किया है। अनुशासनहीनता को रोकने और सोशल मीडिया के सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि पुलिस कर्मी इस नीति का पालन करेंगे, तो विभाग की कार्यप्रणाली और दक्षता में सुधार होगा और आमजन के मन में भरोसा कायम होगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के 'दादामुनी'

**अशोक** कुमार हिंदी सिनेमा के महान अभिनेता, निर्माता और निर्देशक थे। उनका वास्तविक नाम कुमुद कुमार गांगुली था और फिल्म जगत में उन्हें प्रेम से 'दादामुनी' कहा जाता था। भागलपुर में जन्मे अशोक कुमार ने अपने अभिनय से थियेटर शैली को बदलकर स्वाभाविक अभिनय को नई पहचान दी। 1936 में 'जीवन नैया' से शुरुआत कर उन्होंने 'अछूत कन्या', 'किस्मत', 'महल', 'चलती का नाम गाड़ी' और 'आशीर्वाद' जैसी कई यादगार फिल्मों में अद्भुत अभिनय किया।



अशोक कुमार
जन्म : 13 अक्तूबर, 1911
मृत्यु : 10 दिसंबर, 2000

उन्होंने पहली बार हिंदी सिनेमा में एंटी-हीरो की भूमिका निभाकर बड़ा जोखिम उठाया, जो अत्यंत सफल रहा। बाद में उन्होंने चरित्र भूमिकाओं से भी दर्शकों का दिल जीता। वे चित्रकार, संगीत प्रेमी और बेहतरीन होम्योपैथ भी थे। टीवी के प्रसिद्ध धारावाहिक 'हम लोग' में उनके सूत्रधार रूप को खूब सराहा गया। भारतीय सिनेमा में उनके अमूल्य योगदान के लिए 1999 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। ■



कविता | अनंत ज्ञान

### होते निशब्द शब्द हैं

शिव राज सन्याल, मकड़ाहन ज्वाली, कांगड़ा (हि.प्र.)

**होते** निशब्द शब्द हैं, बहुत शब्द का मोल।
शब्द जहां पर मौन हों, कैसे फूटें बोल।।
निशब्द होना ही सही, हों कुतर्क संवाद।
अच्छा लगता ही नहीं, करना वाद विवाद।।
रह जाते निशब्द सभी, लगता भितरघात।
रहें देख खामोश ही, होती ऐसी बात।।
विस्मित होते सुन कभी, अनहोनी सी बात।
होते निशब्द शब्द हैं, शीतल होते गात।।
होते निशब्द शब्द हैं, बहे नयन से नीर।
रोता रहता मन सदा, जब मन चुभता तीर।।
होते निशब्द शब्द हैं, जुड़े ईश से तार।
सिमरन मन चलता रहे, उमड़े मन में प्यार।।
होते निशब्द शब्द हैं, रहिये तब खामोश।
वक्त बुरा होता कभी, नहीं किसी का दोष।।
होते निशब्द शब्द हैं, जहां नहीं है प्यार।
बात बात पर ही सदा, करते जो तकरार।।
होती निशब्द शब्द में, कुदरत की आवाज।
उस धुन को पहचान लो, यह सुंदर 'शिव' राज।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के हों सकारात्मक प्रयास

हम 10 दिसंबर को मानवाधिकारों का उत्सव मनाते हैं। उस दिन की स्मृति में जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा हमारे समाजों के मानवाधिकार ढांचे की रीढ़ है, जहां हममें से प्रत्येक को बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ रहने और फलने-फूलने का अधिकार है।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 75 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर है, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है।

10 दिसंबर 2025 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ है । 2025 में मानवाधिकार दिवस की थीम हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं, तीन सरल सत्यों पर जोर देती हैं। मानवाधिकार सकारात्मक हैं, मानवाधिकार आवश्यक हैं, और मानवाधिकार प्राप्य हैं। मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं।

बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते हैं जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते हैं। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। देश के विशाल आकार व विविधता तथा संप्रभुता संपन्न धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अंदर एवं बाहर



आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई मनुष्य के लिए चिन्हित किए गए मानवाधिकारों की सार्थकता है।

भारत में 28 सितंबर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्तूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सर्ि य हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 24, 39, 43, 45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। मानवाधिकार वह मूल अधिकार हैं, जो हर मनुष्य को जन्म से प्राप्त होते हैं, लेकिन आज के समय में इन्हें पूर्ण रूप से लागू करना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। मानवाधिकारों की बातें तो खूब होती हैं, पर जब इन्हें देने की बात आती है तो राजनीतिक इच्छाशक्ति कमजोर पड़ जाती है। राजनेताओं को यह भय भी रहता है कि यदि जनता पूरी तरह जागरूक और अधिकार संपन्न हो गई, तो उनके प्रभाव और नियंत्रण में कमी आ सकती है।

संविधान ने भारतीय नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, सम्मान, न्याय, शिक्षा, सुरक्षा और शोषण से मुक्ति जैसे अनेक अधिकार दिए हैं, लेकिन इन पर अमल अक्सर कागजों में ही सीमित रह जाता है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कई संस्थाएं और आयोग बने हैं, फिर भी समाज में जाति, धर्म, लिंग, रंग और आर्थिक आधार पर भेदभाव लगातार देखा जाता है। भारत की संस्कृति में मानवाधिकारों का सम्मान सदियों से रहा है। भारत ने कभी किसी पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं की। विश्व युद्ध के बाद मानवाधिकार दिवस की नींव मानव पीड़ा को समझते हुए रखी गई थी। दुनिया के बड़े संघर्षों के पीछे अधिकारों का हनन ही मुख्य कारण रहा है, और आज भी कई देशों में लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कानून तभी प्रभावी बनते हैं जब समाज स्वयं जागरूक हो। यदि मनुष्य ही मानवता न निभाए, तो किसी विशेष दिन या कार्यक्रम का कोई महत्व नहीं रह जाता। जब तक समाज और सरकार दोनों मिलकर शोषण, हिंसा और भेदभाव को खत्म नहीं करेंगे, तब तक मानवाधिकारों की रक्षा अधूरी ही रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चाइना डोर के बेहद खतरनाक ट्रेंड को रोकने के लिए प्रयास जरूरी

बसंत पर्व और पतंग उड़ाने का परस्पर गहरा रिश्ता है। बसंत आने में अभी लगभग एक महीने का समय शेष है। इस बार बसंत का त्योहार 23 जनवरी, 2026 को मनाया जाएगा। बसंत के आते ही आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है।



वीरेंद्र शर्मा
ऊना (हिमाचल प्रदेश)
मो. 941728033
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

युवाओं और बच्चों के मन में पतंग उड़ाने का जोश नाचने-कूदने लगता है। हर तरफ से आई-बो, आई-बो का शोर सुनाई देता है। पतंग उड़ाना पुराने जमाने में भी होता था। यह राजा-महाराजाओं का शगल था। यूं तो पतंग उड़ाने का दौर आज भी जारी है लेकिन अब सूती धागे की जगह चाइना डोर से पतंग उड़ाने को ज्यादा पसंद किया जाता है। यह बहुत खतरनाक बात है। बेशक, समय-समय पर मौजूदा सरकारें इस गंभीर स्थिति से निपटने की पूरी कोशिश करती हैं लेकिन अफसोस की बात है कि रोक के बावजूद चाइना डोर की बिक्री बेरोकटोक जारी है। चाइना डोर से पतंग उड़ाने में नौजवानों को खुशी तो मिलती है लेकिन उनकी यह खुशी जानवरों, पक्षियों और इंसानों के लिए किसी सजा से कम नहीं है। यह जानलेवा डोर जानवरों और पक्षियों की जान ले सकती है। राहगीर, बेगुनाह लोग और गाड़ी चलाने वाले बुरी तरह घायल हो जाते हैं। जाहिर है, अगर चाइना डोर का इस्तेमाल और बढ़ा तो यह हमारे समाज के लिए बहुत घातक होगा।

कुछ दशक पहले भी पतंगें उड़ाई जाती थीं तब भी डोर कोई आम डोर नहीं होती थी। वह डोर भी एक मजबूत डोर होती थी। डोर को कांच के टुकड़े मिलाकर माझा लगाया जाता था। इससे डोर मजबूत हो जाती थी। यह डोर नुकसानदायक नहीं थी लेकिन दूसरी तरफ चाइना डोर प्लास्टिक की होने की वजह से टूटती नहीं है। इसलिए यह हमारे शरीर पर जहां भी स्पर्श करती है वहां गहरे घाव कर





देती है। इसका स्पष्ट प्रमाण गत वर्ष हमारे स्कूल के साथी का स्कूटर चलाते समय चाइनीज डोर से बुरी तरह घायल हो जाना है। किसी भी जीव, जानवर या पक्षी को घायल करने या मारने में खुश होना कोई अक्लमंदी नहीं।

इसके लिए कौ जिम्मेदार है? चाइनीज डोर पर बैन लगाना बहुत जरूरी है। बसंत पंचमी का त्योहार खुशी से मनाना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि त्योहार आपसी प्यार बढ़ाते हैं लेकिन अगर वे आपसी नफरत पैदा करें तो हमारा समाज किस दिशा में जाएगा? इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। पतंग उड़ाने में चाइनीज डोर ने लोगों और बेजुबान पक्षियों की जान को गंभीर खतरे में डाल दिया है। राहगीर, बच्चे और पक्षी इस तेज और खतरनाक डोर में फंसकर घायल हो जाते हैं, कभी-कभी अपनी जान भी गंवा देते हैं। पतंग और चाइनीज डोर बेचने वाले केवल अपने फायदे में लगे रहते हैं और किसी की जान की परवाह नहीं करते। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि समाज के लिए घातक भी है। स्वदेशी जागरण के दौर में भी लोग विदेशी चाइना डोर खरीदते हैं। बसंत पंचमी के समय यह व्यापार चरम पर होता है। पुलिस छापों और कानून के बावजूद दुकानदार जमानत पर छूटकर पुन: लालचवश इसे बेचते रहते हैं। बच्चों की सुरक्षा और युवाओं की नैतिक जिम्मेदारी इस खतरनाक प्रथा को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

समाज को जागरूक करना और परिवार में देसी डोर को अपनाना ही स्थायी समाधान है। पतंगों का त्योहार मनाएं, खुशियां बांटें, लेकिन किसी की जान को खतरे में न डालें।

यदि हम चाइना डोर का बहिष्कार करें और देसी विकल्प अपनाएं, तो इस घातक रिवाज को रोका जा सकता है। सुरक्षित और खुशहाल जीवन के लिए यह कदम अति आवश्यक है। यही जिम्मेदारी हम सभी की है कि हम त्योहारों में खुशी का आनंद लें, लेकिन किसी को चोट या नुकसान से बचाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भ्रष्टाचार और जिम्मेदारी से विमुख प्रतिनिधित्व : पंचायत व्यवस्था पर बढ़ते सवाल

पंचायत चुनावों को लेकर आजकल बहुत अधिक लोग दिलचस्पी दिखा रहे हैं। लोकतंत्र की प्रथम इकाई कहलाए जाने वाली पंचायतों की कार्यप्रणाली में सुधार किए जाने की अधिक जरूरत है। कुछेक पंचायत प्रधानों ने स्कूटी, घोड़े, खच्चरों और स्कूटरों के सहारे करोड़ों रुपए के फर्जी बिल लगाकर भ्रष्टाचार किए जाने के मामले सुर्खियों में रहने से पूरी व्यवस्था पर सवाल उठा है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसे मामलों को देखकर कहा जा सकता कि पंचायतें भ्रष्टाचार का अड्डा बनती जा रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का फोकस केवल सरकार से मिलने वाली फंडिंग पर ही रहता है। कहने को सरकारें बेशक दावे करती रहे कि पंचायतों का विकास किया जा रहा है। सचाई यह कि पंचायत प्रतिनिधि अपनी शक्तियों का फिलहाल सही उपयोग अब भी नहीं कर पा रहे हैं। पंचायतों में बहुत कम लोगों के आपसी विवाद सुलझाए जा रहे और सीधे पुलिस के सुपुर्द किए जा रहे हैं। पंचायतें अपनी जिमेदारियां सही तरीके से न निभाकर पुलिस के कंधों पर बोझ बढ़ाए जा रही हैं। पुलिस की ओर से पंचायतों में भेजे जाने वाले मामलों की अनदेखी हो रही जिसके चलते उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है।

सरकारें पंचायतों का विकास किए जाने को लेकर करोडों रुपए का बजट आंखें बंद करके उन्हें मुहैया करवा रही हैं। करोड़ों खर्च करने के बावजूद पंचायतों का विकास अधूरा नजर है। मनरेगा के तहत सालों से गांवों में विकास कार्य करवाए जा रहे, लेकिन फिर भी पंचायतों का कायाकल्प नहीं हो रहा है। ऐसे विकास कार्यों में गुणवत्ता कहीं देखने तक नहीं मिलती है, मगर पंचायत प्रतिनिधि मनरेगा की आड़ में अपना घर भरने में लगे हुए हैं।

पंचायत प्रतिनिधि चुनाव केवल अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए ही लड़ते जाते हैं और जनता से उनका कोई सरोकार नहीं होता है। पंचायतें न तो विकास कार्य निष्पक्षता से करवा पा रही और न ही पीड़ितों को ग्राम





सभाओं में न्याय दिला पा रही हैं। यही नहीं, पंचायतों की मिलीभगत से ही गांवों तक सरेआम अवैध शराब, चरस और चिट्टा युवाओं को बेचा जा रहा है। पंचायतों को पूर्व सूचना दिए बगैर पुलिस किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करके ले जा सकती है।

पुलिस की इस तरह की कार्रवाई पंचायत प्रतिनिधियों की जनता के प्रति गैरजिमेदारी को दर्शाती है। आखिर कब पंचायत प्रतिनिधि अपनी नैतिक जिमेदारियों को समझते हुए पंचायतों को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयास करेंगे। क्यों कोई भी पंचायत ऐसे नशा व्यापारियों के खिलाफ लामबंद नहीं होती है।

समाज को नशा मुक्त बनाने का काम केवल पुलिस का ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों और युवा पीढ़ी को बचाने की जिम्मेदारी भी हर किसी की है। पंचायतों के सशक्तीकरण के प्रयास सरकारों द्वारा लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन कई पंचायत प्रतिनिधि पंचायती राज एक्ट से पूरी तरह अवगत नहीं हैं। उन्हें जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और ग्राम सभा की बैठकों में सर्ि य भागीदारी की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। ग्राम सभा की बैठकों में जनता का नकारात्मक रवैया और फर्जी हस्ताक्षर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। कई बार पंचायत प्रतिनिधि अपनी मनमर्जी से विकास कार्यों के प्रस्ताव पास कर बजट का दुरुपयोग करते हैं। अधिकतर वार्ड पंचों को बजट और योजनाओं की सही जानकारी नहीं होती, और पंचायत प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक तथा विकास खंड अधिकारी अपने निर्णय से खर्च करते हैं।

मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत अनुसूचित जाति के लोगों के लिए रास्ते पक्के किए जाने का प्रावधान है, लेकिन बजट का अधिकांश पैसा अन्य समुदायों के विकास कार्यों पर खर्च हो जाता है।

सरकार नशा मुक्ति के प्रयास कर रही है, पुलिस पेट्रोलिंग टीम मिशन पर सक्रिय है और पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों की सुरक्षा राशि बढ़ाई जा चुकी है। स्पष्ट है कि न केवल प्रशासन, बल्कि जनता और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, ताकि ग्राम विकास योजनाएं सही दिशा में और निष्पक्ष रूप से लागू हो सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस : मानवता की रक्षा और सम्मान का संकल्प

हर वर्ष 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन बुनियादी अधिकारों की याद दिलाता है, जो जन्म से लेकर मृत्यु तक हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के प्राप्त हैं। इस दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अंगीकृत किया गया था, जिसने मानव गरिमा तथा स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों को विश्व पटल पर स्थापित किया।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मानवाधिकार वे प्राकृतिक अधिकार हैं, जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करते हैं। इनमें प्रमुख रूप से जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, विचार, अभिव्यक्ति और धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा और रोजगार का अधिकार, कानून के समक्ष समानता का अधिकार, यातना और अमानवीय व्यवहार से सुरक्षा का अधिकार तथा सम्मानजनक जीवनयापन और सामाजिक सुरक्षा का अधिकार शामिल हैं। ये अधिकार किसी सरकार या संस्था की देन नहीं, बल्कि मानव होने मात्र से प्राप्त मूल अधिकार हैं। वर्तमान समय में विकसित और आधुनिक होती दुनिया के बीच भी मानवाधिकार उल्लंघन के असंख्य उदाहरण सामने आते रहते हैं। कहीं जाति, धर्म, रंग, नस्ल, भाषा और लिंग के नाम पर भेदभाव, कहीं महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार, कहीं मानव तस्करी, बाल श्रम, साइबर अपराध या युद्ध के दौरान हिंसा आदि की घटनाएं अक्सर देखने में आती रहती हैं। ऐसे हालात इस दिन के महत्व को और अधिक बढ़ा देते हैं।

भारत का संविधान भी मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए अत्यंत मजबूत है। संविधान का भाग-3 (मौलिक अधिकार) नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और संवैधानिक उपचार का अधिकार देता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा राज्य





मानवाधिकार आयोग, इन अधिकारों की रक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं।

सरकारें कानून बनाती हैं, संस्थाएं संरक्षण देती हैं, परंतु मानवाधिकारों की वास्तविक रक्षा समाज और नागरिक के जागरूक होने पर निर्भर करती है। हमें अन्याय, हिंसा व शोषण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए तथा कमजोर वर्गों, दिव्यांग, वृद्ध, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा और सम्मान देना चाहिए। शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए और सोशल मीडिया पर अफवाहों और नफरत के प्रसार को रोकना चाहिए। वर्ष 2024-25 में मानवाधिकार दिवस का उद्देश्य दुनिया को याद दिलाना है कि शान्ति, समानता और विकास तभी संभव है जब सभी लोग एक-दूसरे के अधिकारों का सम्मान करें।

मानवाधिकार केवल कानून की किताबों में लिखे प्रावधान नहीं, बल्कि मानवता की मूल आत्मा हैं। ये हमें समानता, सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षित जीवन का अधिकार देते हैं। इसलिए इन्हें सुरक्षित रखना, सम्मान देना और हर व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मानवाधिकार दिवस हमें याद दिलाता है कि समाज तभी प्रगतिशील बन सकता है जब उसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव, हिंसा या अन्याय न हो।

आइए, इस संकल्प लें कि हम हर व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करेंगे, उनकी गरिमा की रक्षा करेंगे और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं होने देंगे। यही सच्ची मानवता है और यही मानवाधिकार दिवस का मूल संदेश भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### दसेहड़ा स्कूल में होनहारों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। दसेहड़ा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया तथा पंचायत प्रधान कुलदीप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य हुकम चंद द्वारा किया गया। समारोह में वर्षभर विभिन्न क्षेत्रों–शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अन्य सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव गुलेरिया ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में सुधार भविष्य निर्माण का मजबूत आधार है, और ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं। पंचायत प्रधान कुलदीप सिंह ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए निरंतर उन्नति की कामना की। अंत में प्रधानाचार्य हुकम चंद ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### बैठक और शपथ ग्रहण समारोह आज

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। ब्राह्मण सभा जिला मंडी की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह 10 दिसंबर को प्रातः 11 बजे होटल व्यास व्यू, कंट्रोल गेट के समीप, सुंदरनगर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंडी ब्राह्मण सभा द्वारा श्री शशि शर्मा को सम्मानित भी किया जाएगा। जिला अध्यक्ष जितेंद्र वशिष्ठ एवं महासचिव प्रकाश चंद शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी ने प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का शशि शर्मा को जल प्रबंधन बोर्ड का उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर आभार व्यक्त किया। महासचिव प्रकाश चंद शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री शशि शर्मा की नियुक्ति पूरे ब्राह्मण समाज के लिए उत्साहवर्धक है और विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के हितों को प्राथमिकता देकर उनके उत्थान में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में सभी जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं खंड प्रधान उपस्थित रहेंगे तथा नई कार्यकारिणी को शपथ भी दिलाई जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का जोरदार स्वागत



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार का मंडी जिले के सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहनलाल ठाकुर की अध्यक्षता में बलोह टोल प्लाजा और लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा नेता, महिला कांग्रेस और सेवादल पदाधिकारी उपस्थित रहे। विनय कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए संगठित होकर कार्य करें। उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हिमाचल के लिए घोषित पंद्रह सौ करोड़ रुपये राज्य को नहीं मिले और आपदा राहत में राजनीति की गई। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सीमित संसाधनों में राहत और पुनर्वास कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किए। उन्होंने आगामी प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम में बड़ी उपस्थिति और तीन महीनों में प्रदेश, जिला, ब्लॉक व बूथ स्तर पर कार्यकारिणी गठन के जरिए संगठन को सुदृढ़ करने का संकल्प जताया।

### प्रोमिला को मिला महानिदेशक पुलिस चिन्ह सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हवलदार प्रोमिला ठाकुर, निवासी गांव एवं डाकघर शिकावरी, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी, को इस वर्ष महानिदेशक पुलिस चिह्न सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रोमिला ठाकुर गृह रक्षा की छठी वाहिनी मंडी में पलटन हवलदार के रूप में कार्यरत हैं, जहाँ वे अग्नि सेवाओं तथा कार्यालय प्रबंधन से जुड़े दायित्वों को प्रभावी ढंग से निभा रही हैं। अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने, विद्यालयों, संस्थानों और पंचायत स्तर पर अभ्यास प्रदर्शन आयोजित करने तथा जनसाधारण को सुरक्षा उपायों की जानकारी देने में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान गृह रक्षा स्थापना दिवस पर राज्य मुख्यालय शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महानिदेशक गृह रक्षा सतवंत अटवाल त्रिवेदी द्वारा प्रदान किया गया। छठी वाहिनी मंडी में यह सम्मान प्राप्त करने वाली वह पहली महिला हैं, जिससे पूरी वाहिनी में गर्व का माहौल है।

### अंडर-19 लड़कों में कार्तिक चुने बेस्ट एथलीट

अनंत ज्ञान, महादेव। 6 से 8 दिसंबर तक बीएसएल प्रोजेक्ट सुंदरनगर में आयोजित तीन दिवसीय बीबीएमबी इंटर-प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड उपमुख्य अभियंता इंजी. कश्मीर सिंह ठाकुर की अगुआई में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरनगर के छात्र-छात्राओं ने अंडर-14 व अंडर-19 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-19 लड़कों में कार्तिक को बेस्ट एथलीट चुना गया, वहीं अंडर-14 लड़कों की शॉट पुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-19 लड़कियों की 400 मीटर रिले रेस और बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्कूल ने पहला स्थान पाया। अंडर-19 और अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिताओं में लड़कियों और लड़कों की टीमों ने क्रमशः द्वितीय स्थान हासिल किया। अन्य खेलों जैसे 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप और शॉट पुट में छात्र-छात्राओं ने भी पदक जीते। प्रधानाचार्य मनजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों की मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और टीम की जीत को स्कूल की सफलता बताया।

### चेस प्रतियोगिता में अरनव ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड़ में आयोजित जिला स्तरीय बाल मेला में सरकाघाट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। जूनियर कैटेगरी ग्रुप सॉन्ग में काजल और सहेलियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर क्विज में अनवी और रिद्धिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया। चेस प्रतियोगिता में अरनव प्रथम, इनोवेटिव मॉडल सीनियर वर्ग में वैष्णवी द्वितीय और टी एल एम कैटेगरी में आशिया द्वितीय स्थान पर रहीं। सीनियर कैटेगरी ग्रुप सॉन्ग में मनीषा और सहेलियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनिता कुमारी आजाद ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि अकादमिक के साथ-साथ नॉन अकादमिक गतिविधियों में भाग लेना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर विजय कुमार, संजय कुमार और द्वारका देवी ने बच्चों का मार्गदर्शन और सहयोग किया।

### समस्याओं पर सरकार की उदासीनता से नाराजगी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। हिम आंचल पेंशनर संघ जोगिंद्रनगर-चौंतड़ा इकाई की मासिक बैठक मिनी सचिवालय सभागार में प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों ने अपनी लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार बार-बार आग्रह के बावजूद पेंशनरों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही और आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर उन्हें अनदेखा किया जा रहा है। प्रधान शास्त्री ने बताया कि 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को उनकी देनदारियां, वेतन संशोधन, चिकित्सा बिल और महंगाई भत्ते की किस्तें लंबित हैं, जिससे स्थिति विकट बनी हुई है। पेंशनरों ने मांग की कि सभी विभागों के पेंशनरों की समस्याओं पर समग्र रूप से विचार किया जाए। बैठक में आगामी 17 दिसंबर को घुमारवीं-बिलासपुर में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में भागीदारी पर भी चर्चा हुई।

### 84 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। आईटीआई जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। 102 लोगों ने पंजीकरण कराया, जबकि 84 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। प्रशिक्षु छात्राओं स्मृति और अनुराधा को गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टांडा मेडिकल कॉलेज की डॉ. अंजली चौहान ने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन मरीजों की जान बचा सकती है। सिविल अस्पताल की डॉ. सेजल नायक ने रोटरी क्लब की पहल की सराहना की। प्राचार्य नवीन कुमारी ने कहा कि प्रशिक्षकों ने भी रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। वरिष्ठ रोटरी सदस्यों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने शिविर का समर्थन किया। प्रशिक्षक रमेश चंद नेगी, लव जम्वाल, विरेंद्र पाल और महेश कुमार ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# धर्मपुर–सरकाघाट में 3 साल से कई रूट बंद, लोग पैदल चलने को मजबूर

## बसों और स्टाफ की कमी के कारण तीसरे दिन कैंसिल होते हैं रूट, जनता परेशान

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट पथ परिवहन निगम के एक ड्राइवर द्वारा निर्धारित स्टेशन तक गाड़ी न ले जाने और एक स्कूली छात्रा को बीच सड़क में उतार देने और उसके पैदल चल कर देर शाम घर पहुंचने और फिर वह मुद्दा सोशल मीडिया में वायरल हुआ और उसके चलते बस ड्राइवर को आरएम द्वारा सस्पेंड किया जाना स्वागतयोग्य कदम है। जिससे मनमर्जी से कार्य करने वाले कर्मचारियों को कड़ा संदेश मिला है।

ये बात माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कही, लेकिन उन्होंने इसके साथ ये भी कहा कि ऐसी ही कार्रवाई उच्च अधिकारियों व यहां के सत्ताधारी पार्टी के नुमाइंदों के खिलाफ भी होनी चाहिए। क्योंकि पिछले तीन साल से सरकाघाट और धर्मपुर के दर्जनों ऐसे रूट हैं जो बसों व स्टाफ की कमी के कारण बंद हैं। दर्जनों ऐसे रूट हैं जिन पर हर तीसरे दिन बस सेवा बंद हो जाती है। पिछले कल ही दिन में सरकाघाट से गरली और बिंगा जाने वाली बसें नहीं भेजी गई और लोग परेशान होते रहे। अढ़ाई



अनंत ज्ञान मुद्दा

भूपेंद्र सिंह ने सरकार पर लगाया बसें और स्टाफ न बढ़ाने का आरोप

बजे चलने वाली बस जिसमें भराड़ी-सजाओपीपलू स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छुट्टी होने पर घर जाते हैं वे पिछले एक साल से पैदल चलने के लिए मजबूर हैं और ऐसे ही दर्जनों बस रूट हैं जिन पर कोरोना के बाद बसें नहीं चलती हैं। यही नहीं रविवार को तो आधे से ज्यादा बसें बंद रहती हैं, लेकिन पिछले तीन साल से दोनों डिपुओं में कोई नई बस नहीं आई है और न ही स्टाफ नियुक्त किया गया है। बहुत से रूटों पर बसें ड्राइवरों की कमी के कारण नहीं चल रही हैं, लेकिन इन्हें भरने में सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और लोगों में सरकार के प्रति भारी गुस्सा और नाराजगी है। आज मंडी में सरकारी पैसे से हो रही कांग्रेस पार्टी की रैली में भी सैकड़ों बसें तैनात कर दी गईं हैं और आमजनता को और ज्यादा दिक्कतें पैदा होंगी।

भूपेंद्र सिंह ने मांग की है कि सरकार को जश्न तब मनाना शोभा देता है जब सरकार ने कोई खास उपलब्धि हासिल की हो लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है केवल सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही किया जा रहा है। इसलिए बसों की कमी जो पिछले तीन साल से यहां चल रही है उसकी जिम्मेदारी भी सरकार और उसके नुमाइंदों को लेनी होगी अन्यथा जनता इस सरकार को जल्द ही निरस्त कर देगी।

# राजस्व खातों में विसंगतियों को लेकर नंबरदारों ने किया विरोध



समस्याओं को लेकर एसडीएम पधर सुरजीत सिंह से मिलते पधर के नंबरदार।

कविता, अनंत ज्ञान

पधर। नंबरदार जन कल्याण संघ तहसील पधर की बैठक संघ के प्रधान संत राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राजस्व संबंधी मामलों को लेकर आ रही दिक्कतों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

नंबरदारों का कहना है कि तहसील कार्यालय से जारी की जा रही कंप्यूटरकृत ढाल बाछ में राजस्व उगाही में भारी परेशानी हो रही है। एक ही व्यक्ति की अलग अलग मुहाल में यदि जमीन है तो उसके खाते अलग अलग दर्शाए गए हैं। जबकि जो ढाल बाछ पहले दी जाती थी उसमें सभी खाते इकट्ठा दर्शाए होते थे।

बैठक के उपरांत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर से मिला और पूरे मामले से उन्हें अवगत करवाया। एसडीएम ने आश्वासन देते हुए कहा कि जनवरी माह तक तहसील कार्यालय में लंबित त्रुटियों को दूर कर ढाल बाछ की व्यवस्था सुधारी जाएगी, ताकि लंबरदार अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकें। इस दौरान बैठक में नायब तहसीलदार पधर सहित क्षेत्र के सभी लंबरदार उपस्थित रहे।

# खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि परिश्रम धैर्य और अनुशासन की देते सीख : बिजेंद्र

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

बीबीएमबी इंटर प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड का शानदार समापन

महादेव। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'बीबीएमबी इंटर प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड-2025' का भव्य समापन गोल्ट बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरनगर में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता बीबीएमबी के सदस्य (सिंचाई) बिजेंद्र सिंह नारा ने की। कार्यक्रम में उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय कश्मीर सिंह ठाकुर, सुनीता ठाकुर, कार्यकारी अभियंता (नगर मंडल) गुलशन मान, प्रधानाचार्य मंजीत सिंह, बीबीएमबी के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यापक, कोच, अभिभावक और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बिजेंद्र सिंह नारा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया' और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' जैसे अभियानों ने बीबीएमबी को प्रोजेक्ट स्कूलों के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराने की दिशा में प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा मैदान में दिखाया गया उत्साह, अनुशासन और ऊर्जा इन पहलों की सफलता का प्रतिबिंब है।

उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल व बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि चेयरमैन के दूरदर्शी मार्गदर्शन और संरक्षण के बिना इतने भव्य आयोजन की कल्पना भी संभव नहीं थी। उन्होंने आयोजन समिति, अध्यापकों, खेल प्रशिक्षकों, प्रशासनिक स्टाफ और सभी सहयोगियों की सराहना की। नारा ने कहा कि खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि परिश्रम, धैर्य, अनुशासन की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि पदक चाहे किसी को मिले, पर सच्ची जीत वही है जो स्वयं को प्रतिदिन बेहतर बनाए। समारोह में विभिन्न खेलों के विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और बुलंद 'जय हिन्द' के नारों के साथ हुआ।

# छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

## पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या स्कूल में मनाया वार्षिक पुरस्कार समारोह

अभिषेक, अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। अनुशासन, सृजनात्मकता और उत्कृष्ट प्रबंधन के साथ आयोजित इस समारोह ने पूरे क्षेत्र में विशेष आकर्षण पैदा किया। छात्राओं की मनोहारी प्रस्तुतियों, विद्यालय की उपलब्धियों और कार्यक्रम की गुणवत्तापूर्ण रूपरेखा ने इसे क्षेत्र का चर्चित आयोजन बना दिया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पंजाबी भंगड़ा, पहाड़ी नाटी, शास्त्रीय व आधुनिक नृत्य, एकल और समूह गायन का आनंद लिया। दर्शकों ने तालियों से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने हिमाचल प्रदेश की शिक्षा क्षेत्र में प्रगति की सराहना की और स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल शिक्षा, खेल सुविधाओं और



वार्षिक समारोह के दौरान होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण को सरकारी स्कूलों की सफलता का प्रमुख कारण बताया।

प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 486 छात्राएं अध्ययनरत हैं और यह संस्थान कौशल आधारित एवं तकनीकी विषयों से सुसज्जित है। प्रमुख सुविधाओं में हेल्थ केयर लैब, टूरिज्म व हॉस्पिटैलिटी पाठ्यक्रम, कंप्यूटर व रिटेल ट्रेड लैब, अटल टिंकरिंग लैब, बॉक्सिंग रिंग, जिम, स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल अध्ययन सामग्री शामिल हैं। विद्यालय की कई छात्राएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत चुकी हैं। प्रधानाचार्य ने अगले सत्र से विद्यालय में सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई शुरू करने की घोषणा भी की। समारोह में अभिभावकों और नागरिकों ने कार्यक्रम की अनुशासित और सुगठित व्यवस्था की प्रशंसा की। समापन पर मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य ने छात्राओं के साथ पहाड़ी नाटी में भाग लेकर समारोह में उत्साह बढ़ाया।

# बास्केटबाल स्पर्धा में सरकाघाट की टीम बनी उपविजेता

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सीनियर वर्ग की राज्यस्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता नाहन के चौड़ा मैदान में 6 से 8 दिसंबर तक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 13 तथा महिला वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया। बीती देर शाम महिला वर्ग का फाइनल मैच बेहद ही रोमांचक हुआ, जिसमें डीएवी कांगड़ा के साथ गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट की टीम ने पूरे समय में कांटेदार भिड़ंत करके मैच टाई कर दिया। उसके बाद 5 मिनट का अतिरिक्त समय मिलने पर डीएवी कांगड़ा की टीम 4 अंकों से विजयी रही, लेकिन सरकाघाट की छात्राओं ने बहुत अच्छा खेल दिखाकर सबका दिल जीत लिया फाइनल स्कोर 74, 70 रहा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ डीसी सिरमौर ने किया जबकि प्रतियोगिता का समापन नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने किया। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की सीनियर वर्ग में स्कूल की छात्राओं का प्रदर्शन बेहद ही सराहनीय रहा। टीम का स्कूल पहुंचने पर सम्मानित किया।

# 17 पदकों के साथ विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

## राष्ट्रीय निंजा चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मंडी लौटने पर किया स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राष्ट्रीय निंजा चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मंडी लौटे आठ खिलाड़ियों का होटल राजमहल मंडी में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कोच अजय ठाकुर के नेतृत्व में प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 11 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 17 पदक हासिल किए, जिससे मंडी का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रो-वीसी डॉ. अनुपमा सिंह, रोटरी क्लब के अन्य सदस्य, पुष्पा सिंह (आर्ट ऑफ लिविंग विमेन क्लब), विमेन क्लब की अन्य सदस्याएं, राजेश कुमार, मुनीश सूद (रोटरी क्लब), तथा मंडी के प्रबुद्ध नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास जब बच्चों



कोच अजय ठाकुर के मार्गदर्शन में मंडी की टीम राष्ट्रीय स्तर पर चमकी।

को खेल की ओर प्रेरित करते हैं, तो हम उन्हें चिट्टे जैसे नशों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे होते हैं। स्वस्थ, जागरूक और अनुशासित युवा ही विकसित भारत के सपने को वास्तविक स्वरूप देंगे। उन्होंने आगे कहा 'युवाओं को केवल सपने दिखाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके साथ खड़े होकर उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग देना ही सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी है। जब समाज एक बच्चे का हाथ थाम लेता है, तभी उसका भविष्य मजबूत बनता है। रोटरी क्लब और आर्ट ऑफ लिविंग विमेन क्लब के प्रतिनिधियों ने भी संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि मंडी में खेल संस्कृति को भी सशक्त करते हैं।

कोच अजय ठाकुर ने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों, अभिभावकों और समुदाय के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। आयोजित यह समारोह मंडी में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और सामुदायिक एकजुटता की एक प्रेरक मिसाल रहा।

# अंशिका ने राज्यस्तरीय स्पर्धा पर चमकाया नाम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। वैदिक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शानन की मेधावी छात्रा अंशिका ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एस्पायर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में 53वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन ठाकुर एवं निदेशक मेघ सिंह ठाकुर ने अंशिका को इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दोनों ने कहा कि अंशिका ने कठोर परिश्रम और लगन से यह सफलता प्राप्त की है और विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। प्रतियोगिता में विद्यालय के अन्य छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य कंचन ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ही यह परिणाम है कि स्कूल के बच्चे लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# आत्मनिर्भर हिमाचल सम्मेलन को लेकर सरकाघाट से 1072 लाभार्थी होंगे शामिल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एसडीएम राजेंद्र गौतम ने परिवहन और प्रबंधन की तैयारियों की की समीक्षा

आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन को लेकर उपमंडल सरकाघाट में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी संदर्भ में एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने उपमंडल क्षेत्र से सम्मेलन में भाग लेने वाले लाभार्थियों तथा उनकी परिवहन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को मंडी में 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन तक बिना किसी असुविधा के पहुंचाया जाए।

उन्होंने बताया कि उपमंडल सरकाघाट से 13 योजनाओं के कुल 1072 लाभार्थी सम्मेलन में शामिल होंगे। इन लाभार्थियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मेलन में शिरकत करेंगे। सभी प्रतिभागियों को हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के माध्यम से सभा स्थल तक ले जाने के लिए रूट प्लान तैयार कर लिया गया है। परिवहन एवं समन्वय व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु 29 संपर्क अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।


बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गौतम ने कहा कि 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपने तीन वर्ष पूरे करने जा रही है। इस उपलक्ष्य में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन में मुख्यमंत्री आगामी दो वर्षों में आत्मनिर्भर हिमाचल के विजन को साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में लाभार्थियों को विशेष ग्रहण पैकेज 2025 भी प्रदान किए जाएंगे।

बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों द्वारा लाभार्थियों को दिए जा रहे लाभों व योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सरकाघाट सतीश कुमार, नायब तहसीलदार भदरोता संजीव कुमार, नायब तहसीलदार ढलवान जगदीश, नायब तहसीलदार बल्द्वाड़ा रिखी राम सहित स्वास्थ्य, वन, कल्याण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिमाचल को हर मोर्चे पर खोखला करने पर तुली कांग्रेस सरकार : अजय ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कांग्रेस प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला है। अजय ठाकुर ने कहा कि प्रदेश हर मोर्चे पर पिछड़ रहा है, जिससे हर वर्ग में असंतोष है। बेरोजगारी में पहले के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे प्रदेश के युवाओं का भविष्य दांव पर है। सरकार की यह बहुत बड़ी नाकामी है कि रोजगार सृजन तो हो नहीं पाया, उल्टे पहले से मौजूद रोजगारों में भी कमी दर्ज की गई है। पीएलएफएस के ताजा आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि भारत की औसत बेरोजगारी के मुकाबले कई गुना बेरोजगारी हिमाचल प्रदेश में है।



अजय ठाकुर ने आगे कहा कि नशे का व्यापार प्रदेश में खूब फल-फूल रहा है, जिसके पीछे कांग्रेस सरकार की पूरी मशीनरी सहयोगी की भूमिका में है। 2012 के आंकड़े जहां ड्रग्स के 500 केस आते थे वहीं अब 2200 मामले आ रहे हैं। ड्रग्स मामलों में तीन सौ प्रतिशत की यह वृद्धि दिखाती है कि प्रदेश सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह विफल हो गई है। अजय ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने पूर्व में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए थे, आज पूरे देश में रामराज्य की धर्मध्वजा लहरा रही है और कांग्रेस देश के लगभग हिस्सों से साफ हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राधे-राधे बोलने पर आपत्ति जताई है, अब वो दिन दूर नहीं हैं कि कांग्रेस का हिमाचल से बोरिया-बिस्तर सिमट जाएगा। भाजपा प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्टेल केवल अपने लाभ के लिए काम कर रहे हैं। प्रदेश की भलाई से उनका कोई वास्ता नहीं है। साइबर क्राइम, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, अपराध पर विभिन्न आंकड़े यह सिद्ध करते हैं कि प्रदेश की हालात लगातार बिगड़ रही है और हिमाचल की सुक्खू सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। प्रदेश की जनता इन्हें करारा जवाब देगी।

सौगात सस्ती व बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की ओर कदम, 15 तक मेगा हेल्थ चेकअप वीक

# धनोटू में आरपीएल लैब कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

धनोटू और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा का रास्ता खोलते हुए, आरपीएल लैब का कलेक्शन सेंटर अब धनोटू में शुरू हो गया है।

इस कलेक्शन सेंटर का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को उच्च गुणवत्ता वाली मेडिकल टेस्टिंग सुविधाएं सुलभ कराना है, ताकि उन्हें जांच के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़े। कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर ने पूजा अर्चना के साथ रीबन काटकर किया। इस अवसर पर लैब के संचालक विक्रांत चौहान ने बताया कि उद्घाटन के मौके पर ब्लड शुगर और यूरिक एसिड की जांच पूरी तरह से निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा, अन्य सभी प्रकार की जांचों पर विशेष छूट भी दी जाएगी। यह कदम स्थानीय लोगों को सस्ती और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने



आरपीएल लैब कलेक्शन सेंटर के शुभारंभ पर उपस्थित मुख्यातिथि व गणमान्य।

की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

कलेक्शन सेंटर के संचालक मंडल के सदस्य नरेंद्र सिंह और ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि इस सेंटर की शुरुआत से मरीजों को रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब वे अपने निकटतम स्थान से ही अपनी जांच करा सकेंगे और समय पर रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे। आयोजक ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि समाज के गरीब वर्ग को महंगे टेस्ट करवाने में काफी कठिनाई होती थी। इसी समस्या को देखते हुए हम कम दाम में अधिक टेस्ट उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि हर वर्ग के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें और समय पर इलाज करवा सकें। उन्होंने कहा कि इस उद्घाटन के साथ, धनोटू में स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया गया है, जो समाज के सभी वर्गों को

उद्घाटन के साथ मुफ्त ब्लड शुगर व यूरिक एसिड जांच अन्य टेस्ट पर विशेष छूट

सुविधाजनक और किफायती चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराएगा। ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित मेगा हेल्थ चेकअप वीक में, लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य जांचों का अवसर मिलेगा, और इस दौरान मरीजों को विशेष छूट के साथ जांच सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

लैब संचालक ब्रह्मदास चौहान ने मुख्य अतिथि पवन ठाकुर को शाल टोपी और स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने शुभकामनाएं देते हुए यह आग्रह किया कि टेस्ट करवाते समय सभी सावधानियां बरतें, ताकि सभी को अच्छी सुविधा मिल सके। इस मौके पर नरेश चौहान, सिद्धू राम भारद्वाज, मीरा ठाकुर, गौरजा चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अग्निहोत्री ने सेंसर-आधारित ड्राइविंग ट्रेनिंग ट्रैक एवं ट्रैफिक पार्क का किया निरीक्षण

## डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को कार्य में गति लाने और गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, ऊना


ड्राइविंग ट्रेनिंग ट्रैक का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार देर सायं हरोली के रोड़ा में 6.50 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे ड्राइविंग ट्रेनिंग ट्रैक एवं ट्रैफिक पार्क की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्य में गति लाने और गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह मॉडल पार्क पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बनेगा। यह पार्क प्रदेश का पहला सेंसर-आधारित अत्याधुनिक ट्रैफिक पार्क होगा। इसमें लाइसेंस ट्रायल के लिए नवीनतम तकनीक, वाहन पासिंग और जांच के लिए सेंसरयुक्त ऑटोमेटिक सिस्टम, सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों की आधुनिक व्यवस्था होगी। यहां वाहन चालकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ट्रैफिक नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मुकेश ने कहा कि इस तकनीक-संपन्न प्रणाली से लाइसेंस प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और निष्पक्ष बनेगी। वाहन फिटनेस और जांच प्रक्रिया में दक्षता आएगी, जिससे सड़क सुरक्षा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र विकास की नई दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह ट्रैफिक पार्क युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण दोनों के अवसर प्रदान करेगा।

# जीवन ज्योति स्कूल धुसाड़ा में मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )।** जीवन ज्योति पब्लिक हाई स्कूल धुसाड़ा में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश कौशल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना और उन्हें शिक्षा, खेल तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कौशल और उनकी धर्मपत्नी नीलम कौशल ने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समारोह में विद्यालय की प्रिंसिपल सुखवीर कौशल, सोनिका कौशल, नीलम, श्रुति लठ सहित अन्य शिक्षक तथा ग्राम पंचायत प्रधान नीरू बाहड़ा, पूर्व प्रधान राज कुमार, पूर्व उपप्रधान कृष्ण लाल लठ, हरदीप बाहड़ा, वार्ड पंच कुंता देवी, जमीला बेगम, राज कुमारी, मीना देवी और अभिभावक विकेश शर्मा, संजय जसल, मांगे शाह, मनदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य आकर्षण के रूप में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कला और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से दमक उठे, वहीं अभिभावकों ने विद्यालय की पहल की सराहना की।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 7 दोपहिया वाहनों के काटे चालान


वाहन चालकों से पूछताछ करते पुलिस जवान।

अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )

**अंब पुलिस ने यातायात नियमों को लेकर चलाया अभियान**

**थाना** अंब के अंतर्गत दिलवां भैरा और धुसाड़ा क्षेत्र में अंब पुलिस ने यातायात नियमों को लेकर सख्ती शुरू कर रखी है। हेड कांस्टेबल वरिंदर महता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नाका लगाकर वाहन चालकों की जांच की। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने व तय गति सीमा में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया। नियमों का उल्लंघन करने पर 7 दोपहिया वाहनों के चालान भी किए गए। पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट सही तरीके से पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के फायदे बताए। डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अब थाना अंब में एडवांस इंटरसेप्टर व्हीकल भी उपलब्ध हो गया है, अब लगातार नाका जारी रहेगा। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# मुद्रिका बस रूट को बंद करने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की चौली, टकोली, सोहारी से वाया बैरियां हिमाचल पथ परिवहन ऊना की मुद्रिका बस ऊना, भिंडला से सलेटी जो लगभग पिछले 45 वर्षों से चल रही है। जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारियों द्वारा इसे घाटे का रूट बताकर निजी ऑपरेटर को दिया जा रहा है। यह सब अफसरशाही की मिलीभगत से एक खास आदमी की मदद कर लाभ देने के लिए किया जा रहा है। इससे स्कूल, कॉलेज जाने वाले छात्र, अपंग, सीनियर सिटीजन जो हिमाचल पथ परिवहन की बस में रियायत पाते हैं। रविवार को केवल एक मात्र यही बस आम जनता को सेवा प्रदान करती है उससे वंचित हो जाएंगे। इस इलाके के सूबेदार कृपाल सिंह, देस राज, वीर प्रकाश,किशोरी लाल आदि ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू और उप मुख्यमंत्री अग्निहोत्री से मांग की है कि इस बस सर्विस को निजी ऑपरेटर के हाथों में न दिया जाए।

# माता चिंतपूर्णी मंदिर में दिल्ली के श्रद्धालु ने अर्पित की भव्य छतरी

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी


दिल्ली के श्रद्धालु नरेश अरोड़ा ने अर्पित की छतरी।

**शक्तिपीठ** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में दिल्ली के श्रद्धालु नरेश अरोड़ा ने माता रानी के चरणों में एक अत्यंत सुंदर और भव्य छतरी अर्पित की है। मंदिर के पुजारी अमित कालिया ने बताया कि नरेश अरोड़ा द्वारा अर्पित की गई यह भव्य छतरी माता रानी की भोग सेवा में विशेष रूप से उपयोग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय जब माता रानी को भोग लगाया जाता है, यह छतरी सेवा के दौरान उपयोग में लाई जाएगी। इस छतरी की खास बात है कि यह छतरी डबल है और इसे मंदिर की भोगशाला में विधि-विधान के साथ स्थापित किया गया है। इसके रंग, डिजाइन और पारंपरिक स्वरूप से मंदिर परिसर की शोभा और भक्ति वातावरण में और अधिक वृद्धि हुई है। श्रद्धालु नरेश अरोड़ा ने कहा कि यह भेंट उनकी माता चिंतपूर्णी के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है। मंदिर के पुजारी और सेवादारों ने भी नरेश अरोड़ा के इस सेवा-भाव की सराहना करते हुए कहा कि इससे दैनिक भोग सेवा में नई गरिमा और उत्साह जुड़ेगा।

# जिले को चिट्टा-मुक्त बनाने का लक्ष्य, डीसी ने शिक्षण संस्थानों की भूमिका को बताया अहम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

**प्रदेश** सरकार की एंटी-चिट्टा मुहिम को और गति देने तथा ऊना जिले को चिट्टा-मुक्त बनाने के लक्ष्य से उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को डीआरडीए सभा कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक में जिले के सभी कॉलेजों के प्रिंसिपल, आईटीआई संस्थानों के संचालक, प्रधानाचार्य और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने शिक्षण संस्थानों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल हो सकती है, जब प्रशासन, अभिभावक, समाज और संस्थान मिलकर संयुक्त प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थी यदि तनाव, उदासी या असामान्य व्यवहार प्रदर्शित करें, तो तुरंत परामर्श और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि स्कूल या कॉलेज परिसरों के बाहर नशा बेचने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों को अनावश्यक मोबाइल उपयोग से दूर रखने और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने की अपील की। संस्थानों को नियमित रूप से खेल, योग, संगीत, कला और स्वच्छता गतिविधियाँ करवाने तथा हर सप्ताह मीटिंग कर उसकी रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि चिट्टा तस्करों की सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार से 10 लाख रुपए तक का इनाम दिया जाएगा और उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि ऊना पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है और लगातार पेट्रोलिंग व छापेमारी जारी है। सभी संस्थानों ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## पीएनबी आरसेटी ऊना जल्द शुरू करेगा नए कौशल विकास पाठ्यक्रम : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** पीएनबी आरसेटी ऊना के निदेशक सुधीर शर्मा ने बताया कि संस्थान जल्द ही ग्रामीण युवाओं के लिए कई नए कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इनका उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। नए कोर्सों में कंप्यूटर की मूल बातें (टैली/एकाउंटिंग सहित), फास्ट फूड स्टॉल उद्यमिता, पेपर कवर व फाइल निर्माण, सॉफ्ट टॉय निर्माण, जूट उत्पाद निर्माण और मशरूम की खेती शामिल हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि संस्थान बेरोजगारी कम करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लघु अवधि के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है। इसमें बैंकिंग व वित्तीय जागरूकता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, बाजार सर्वेक्षण, स्वोट विश्लेषण और उद्यम संचालन से संबंधित कौशल सिखाए जाते हैं।

# धारा 118 में संशोधन हिमाचल की भूमि, अस्मिता पर सीधा हमला : गौरव

अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )

प्रदेश सरकार द्वारा धारा 118 में किए जा रहे प्रस्तावित संशोधन को लेकर प्रदेश में विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट, चिंतपूर्णी ने इस संशोधन को हिमाचल के मूल स्वरूप, भूमि सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन के लिए घातक बताते हुए कड़ा एतराज जताया। ट्रस्ट ने कहा कि यह संशोधन विकास नहीं, बल्कि हिमाचल की आत्मा से खिलवाड़ है।

गौरव ने कहा कि धारा-118 केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के अस्तित्व, पहचान और प्राकृतिक संतुलन की सुरक्षा कवच है। यह धारा बाहरी लोगों द्वारा अनियंत्रित भूमि खरीद पर रोक लगाकर प्रदेश की ज़मीन, संस्कृति और सामाजिक ढांचे की रक्षा करती आ रही है। इसे कमजोर करना हिमाचल को भूमि माफिया और बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हवाले करने जैसा है। उन्होंने दो टूक कहा कि धारा 118 को कमजोर करना हिमाचल की भूमि को खुले बाजार में नीलाम करने जैसा है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा स्थानीय लोगों, किसानों और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। यह संशोधन यदि लागू हुआ तो हिमाचल की जमीन हिमाचलियों के हाथों से फिसलती चली जाएगी। गौरव ने कहा कि पहाड़ी राज्यों में भूमि सिर्फ चार दीवारों की संपत्ति नहीं, बल्कि रोजगार, आजीविका, सांस्कृतिक विरासत, जल-संसाधन और पर्यावरणीय संतुलन की रीढ़ होती है। ऐसे संवेदनशील भौगोलिक क्षेत्र में भूमि संबंधी नीतियों में किसी भी प्रकार की ढील दूरगामी और विनाशकारी परिणाम ला सकती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धारा 118 में प्रस्तावित संशोधन लागू हुआ, तो इसके गंभीर और अपूरणीय दुष्परिणाम सामने आएंगे, जिनमें— स्थानीय लोगों की भूमि सुरक्षा पूरी तरह कमजोर हो जाएगी।

# सांसद डॉ. सिकंदर ने राज्यसभा में उठाया युवाओं के पलायन का मुद्दा

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**स्टार्टअप व वर्क फ्रॉम-हिमाचल मिशन की मांग की**

सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने हिमाचल प्रदेश से बढ़ते युवा पलायन और राज्य में उद्योगों की कमी का मुद्दा राज्यसभा में जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हजारों युवा पढ़-लिखकर नोएडा, दिल्ली, चंडीगढ़ और अन्य बड़े शहरों में नौकरी की तलाश में जा रहे हैं, जिससे न केवल उनका समय और पैसा खर्च होता है, बल्कि परिवार से दूर रहने का संघर्ष भी बढ़ता जा रहा है।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि हिमाचल में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, कमी है तो सिर्फ अवसरों की। यदि उचित उद्योग, टेक्नोलॉजी सेक्टर और रोजगार-आधारित योजनाएं उपलब्ध हों, तो हिमाचल के युवा अपने ही प्रदेश में बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष स्टार्ट-अप मिशन और वर्क फ्रॉम-हिमाचल मिशन तैयार किया जाए, जिससे आईटी प्रोफेशनल्स और युवा उद्यमियों को अपने ही घरों के पास रोजगार और व्यवसाय स्थापित करने के अवसर मिलें। उन्होंने मांग रखी कि प्रदेश में छोटे उद्योगों, आईटी सेवाओं, ई-कॉमर्स यूनिट्स, डिजिटल बिजनेस और पर्यटन आधारित उद्यमों को विशेष पैकेज और टैक्स इंसेंटिव दिए जाएं, ताकि निवेश को आकर्षित किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के हर जिले में नए स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाने चाहिए, जहां युवाओं को आधुनिक तकनीक पर आधारित कौशलों जैसे एआई ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी और हेल्थ टेक का प्रशिक्षण दिया जाए। उनके अनुसार, भविष्य के रोजगार आधुनिक तकनीकों से ही जुड़े होंगे और यदि हिमाचल इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाता है तो यहां से होने वाला पलायन काफी हद तक रुक सकता है।

# ठंड के चलते चिंतपूर्णी मंदिर में कम हुई श्रद्धालुओं की संख्या


बाजार में छाया सन्नाटा।

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

**शक्तिपीठ** चिंतपूर्णी में मंगलवार को श्रद्धालुओं की संख्या में भारी कमी दर्ज की गई। कड़ाके की खुश्क ठंड और कोहरे के कारण पंजाब और अन्य राज्यों से दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु अपने घरों में ही सिमटे रहे। हालांकि, धूप होने के कारण मौसम खुशनुमा रहा, लेकिन ठंड के कारण लोग अपने घरों से कम निकल रहे हैं।

मां चिंतपूर्णी के दरबार में आम तौर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की डबल लाइन लगी रहती है और मां के जयकारों से संपूर्ण मंदिर क्षेत्र परिसर भक्ति मय रहता है, लेकिन आज ठंड के कारण बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है। श्रद्धालु बड़े आराम से मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है, जिसके कारण पूरे बाजार में अच्छी खासी चहल-पहल के कारण रौनक बनी रहती है, लेकिन अन्य दिनों में ज्यादा भीड़ न होने के कारण श्रद्धालु सामान्य रूप से मां के दर्शन प्राप्त कर रहे हैं।

# ऊना में वकील से हरियाणा के गैंगस्टर ने मांगी 20 लाख रुपए की फिरौती

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में फिरौती मांगने के मामलों ने एक बार फिर चिंताओं को बढ़ा दिया है। ताजा मामला गगरेट क्षेत्र से संबंधित एक अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी का सामने आया है। अधिवक्ता को कथित गैंगस्टर ने धमकी देकर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। अधिवक्ता अरुण कुमार निवासी अंबोटा ने इस संबंध में ऊना थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता अरुण कुमार सोमवार को कोर्ट कॉम्प्लेक्स ऊना में मौजूद थे, तभी उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को हरियाणा का गैंगस्टर बताते हुए सीधे 20 लाख रुपए की मांग रखी। धमकी देने वाले ने पैसे न देने पर कभी भी गोली मारने की चेतावनी दी। इस घटना से चिंतित अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक ऊना को भेजे विस्तृत शिकायत पत्र में तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने और धमकी देने वाले अज्ञात अपराधी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने बताया कि अधिवक्ता की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

# निजी भूमि में खड़े पेड़ भी देंगे नियमित आय जिले में कार्बन क्रेडिट योजना शुरू : सुशील राणा

अनंत ज्ञान, ऊना

**जिला** ऊना के किसानों और जमींदारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब पेड़ों को काटने से नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखने से भी आय अर्जित की जा सकेगी। यह संभव हुआ है हिमाचल सरकार की नई पहल 'कार्बन क्रेडिट योजना' के तहत, जिसकी जानकारी जिला वन मंडल अधिकारी ऊना, सुशील राणा ने दी। उन्होंने बताया कि पहले किसानों को पेड़ काटने पर ही आमदनी होती थी, लेकिन अब निजी भूमि पर लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखकर भी किसान स्थाई आमदनी कमा सकेंगे। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से हिमाचल सरकार ने प्रॉकलाइन सर्विसेज लिमिटेड के साथ 'एवरग्रीन प्रोजेक्ट' के नाम से एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) किया है।

इस समझौते के तहत प्रदेश में 50 हजार हेक्टेयर भूमि पर 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के लिए वर्ष 2026 में 5 लाख और वर्ष 2027 में 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह पौधरोपण पूरी तरह निजी भूमि पर किया जाएगा, जिससे किसान सीधे आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकें। नई व्यवस्था के अनुसार, पौधे लगाने पर किसानों को कंपनी की ओर से प्रति पौधा 20 रुपए और पौधा सफल होने पर 50 रुपए दिए जाएंगे। पौधों के बढ़ने के बाद लगभग पांच वर्षों में कंपनी यह आकलन करेगी कि पौधों ने कितने यूनिट कार्बन क्रेडिट किया है। उत्पन्न आय का 65 प्रतिशत हिस्सा कंपनी, 30 प्रतिशत किसान और 5 प्रतिशत वन विभाग को मिलेगा।

## जिले में खैर के पौधों पर दिया जा रहा विशेष जोर

**सुशील** राणा ने बताया कि जिले में खैर के पौधों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, क्योंकि यहां की मिट्टी और जलवायु इनके विकास के लिए सबसे अनुकूल मानी जाती है। हालांकि, किसानों की मांग पर आंवला, हरड़ और बेरड़ा के पौधे भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। विभाग के पास वर्तमान में लगभग तीन लाख खैर के तैयार पौधे मौजूद हैं, जिन्हें आने वाले दिनों में लगाया जाएगा। वन मंडल अधिकारी ने जिला ऊना के किसानों से अपील की कि वे अपनी निजी भूमि पर पौधरोपण करवाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों या कर्मचारियों से संपर्क करें। उनका कहना है कि यह प्रोजेक्ट किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी शुद्ध और सुरक्षित बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रेबीज के लक्षण व रोकथाम के उपायों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय डिग्री कॉलेज अंब में रेबीज उन्मूलन विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें सीनियर वेटरनरी ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा ने छात्रों को रेबीज के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेबीज एक घातक बीमारी है, जो कुत्ता, बिल्ली सहित संक्रमित जानवरों के काटने से फैलती है, लेकिन समय पर उपचार मिलने पर इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि कुत्ते के काटने पर घाव को साबुन और पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोना चाहिए, जिससे संक्रमण का खतरा लगभग 80% तक कम हो जाता है।

उन्होंने घरेलू उपचार जैसे हल्दी या काली मिर्च लगाने से बचने की सलाह दी, क्योंकि इससे प्रभावी इलाज में देरी हो सकती है। साथ ही, उन्होंने तुरंत चिकित्सा सहायता लेने पर जोर दिया, क्योंकि देर होने पर रोग का उपचार कठिन हो जाता है।

**निरीक्षण** विधायक विवेक ने अधिकारियों को जल्द कार्य शुरू करने के दिए निर्देश

# खेल मैदानों के लिए भूमि का चयन

अनंत ज्ञान, बंगाणा


अपर कोटला कला व कोटला खुर्द में खेल मैदानों के लिए भूमि का निरीक्षण करते विधायक विवेक।

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र में युवाओं के लिए खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विधायक विवेक शर्मा ने अपर कोटला कला और कोटला खुर्द में प्रस्तावित खेल मैदानों के लिए भूमि का निरीक्षण कर चयन सुनिश्चित किया।

इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ एडीसी महिंद्र पाल गुज्जर सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों को जल्द कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र के युवाओं को खेलों के लिए बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध हो सके। विधायक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेलों की ओर अग्रसर हो, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कुटलैहड़ विस क्षेत्र में खेल सुविधाओं को विकसित करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगभग बीस-बीस लाख रुपए की लागत से आधुनिक खेल मैदानों का निर्माण किया जाएगा, जहां युवा नियमित रूप से अभ्यास कर सकेंगे। इन मैदानों से न सिर्फ खेल प्रतिभाओं को पंख मिलेंगे, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने में भी ये सुविधाएं एक प्रभावी भूमिका निभाएंगी। विधायक विवेक शर्मा ने कोटला खुर्द स्थित स्कूल का भी अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और छात्रों से संवाद भी किया। छात्रों ने विधायक के समक्ष अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं को साझा किया, जिनका समाधान किया गया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और छात्रों को खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी समान रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। विधायक विवेक ने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन मिलकर कुटलैहड़ को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे कई विकास कार्य क्षेत्र में शुरू किए जाएंगे, जिनका सीधा लाभ बच्चों और युवाओं को मिलेगा।

# आईएसबीटी ऊना में भी अब 10 रुपए से शुरू होगी पार्किंग शुल्क व्यवस्था

अनंत ज्ञान, ऊना

**जिला** दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल द्वारा जारी हालिया दिशा-निर्देशों के अनुरूप आईएसबीटी ऊना में भी अब नगर निगम ऊना की तरह 10 रुपए से प्रारंभ होने वाली पार्किंग शुल्क व्यवस्था लागू कर दी गई है। नगर निगम आयुक्त एवं एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ऊना ने पहले आधे घंटे के लिए अपनी सभी पार्किंग स्थलों पर 10 रुपए की एक समान शुरुआती दर निर्धारित की है। इसी नीति से सामंजस्य बनाते हुए आईएसबीटी प्रबंधन ने भी बस अड्डे और साथ लगते कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में नई दरें लागू करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत अब आईएसबीटी ऊना परिसर में भी पहले आधे घंटे तक सभी वाहनों के लिए न्यूनतम 10 रुपए शुल्क देना होगा।

इससे यात्रियों और आम नागरिकों को राहत मिलेगी तथा पार्किंग व्यवस्था और भी सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनेगी। गौरतलब है कि आईएसबीटी ऊना बीओटी मॉडल पर संचालित है और संचालन एवं रखरखाव व्यय में समय-समय पर वृद्धि के बावजूद यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से यह न्यूनतम शुल्क संरचना लागू की गई है। आईएसबीटी प्रबंधन के प्रस्ताव के अनुसार पहले आधे घंटे में एकसमान शुल्क के बाद वाहनों की श्रेणी और पार्किंग अवधि के अनुसार शुल्क तय किए गए हैं। तीन घंटे तक पार्किंग के लिए दोपहिया वाहन का शुल्क 15 रुपए, तिपहिया का 25 रुपए और चारपहिया का 50 रुपए होगा। तीन से नौ घंटे की पार्किंग पर दोपहिया का शुल्क 25 रुपए, तिपहिया का 35 रुपए और चारपहिया का 70 रुपए रहेगा। नौ से 12 घंटे तक पार्किंग करने पर दोपहिया के लिए 30 रुपए, तिपहिया के लिए 45 रुपए और चारपहिया के लिए 80 रुपए शुल्क तय किया गया है, जबकि 12 से 24 घंटे तक की पार्किंग पर दोपहिया के लिए 40 रुपए, तिपहिया के लिए 55 रुपए और चारपहिया के लिए 100 रुपए शुल्क निर्धारित हुआ है। आईएसबीटी प्रबंधन का कहना है कि नई शुल्क व्यवस्था से यात्रियों को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जनहितैषी पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी तथा परिसर में यातायात अनुशासन और भी सुदृढ़ होगा।

# वीरेंद्र कंवर ने लिया राष्ट्रीय वॉलीबाल चैंपियनशिप की तैयारियां का जायजा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** देश की 72वीं वरिष्ठ राष्ट्रीय वॉलीबाल चैंपियनशिप, जो 4 जनवरी से वाराणसी में शुरू होने जा रही है, उसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर वाराणसी पहुंचे और आयोजन स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की अधोसंरचना, कोर्ट लेआउट, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कंवर ने तैयारियों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन वॉलीबाल जगत में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वाराणसी जैसा सांस्कृतिक नगर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए आदर्श स्थल है। ऐसे आयोजनों से खेल को नई पहचान और खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलता है। इस अवसर पर वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी, फेडरेशन के सचिव-जनरल रमणंद चौधरी, विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षा प्रबंधन, टीमों के आगमन, ठहरने, परिवहन, मैच शेड्यूल और उद्घाटन समारोह पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी अधिकारियों ने एकमत होकर कहा कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश और वाराणसी के लिए गौरव का बड़ा अवसर होगा। कंवर ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से चैंपियनशिप आकर्षक और यादगार रूप में सामने आएगी।

# विवाहित महिला की आत्महत्या पर खोला मोर्चा

## सैकड़ों महिलाओं ने मनाली थाने का किया घेराव व मृतका की सास और ननद को गिरफ्तार करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के बलसारी गांव में विवाहित महिला की आत्महत्या के मामले में घाटी की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है । मंगलवार को सैकड़ों महिलाओं ने आक्रोश रैली निकली और मनाली थाना का घेराव किया। थाना में लगभग चार घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। प्रदर्शनकारी हत्या का मामला दर्ज करने और मृतक की सास व ननद को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे।

थाना के बाहर महिलाओं व अन्य प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबारी की। गौरतलब है कि बलसारी क्षेत्र कि कल्पना ने अपने घर की तीसरी मंजिल में फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति और ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पति रवि ठाकुर गिरफ्तार भी किया गया है।



विवाहित महिला की आत्महत्या के मामले में मनाली में सैकड़ों महिलाएं आक्रोश रैली निकालती हुईं।

मंगलवार को सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतर गई। दोषी को फांसी दो, कल्पना अमर रहे, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मनाली शहर में रैली निकाली। मालरोड़ से पुलिस थाना तक रैली निकलने के बाद लगभग चार घंटे धरना दिया। थाना के बाहर प्रदर्शनकारी ननद और सास को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। महिलाओ का आरोप था कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। इसमें हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। थाना प्रभारी महिलाओ को समझाते रहे परन्तु महिलाएं नहीं मानी। इसके बाद डीएसपी खुद थाना पहुंचे। तब जाकर दोपहर लगभग तीन बजे महिलाएं शांत हुई। गौर हो तीन दिसंबर को कल्पना फंदे से लटकी मिली थी। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर पति को गिरफ्तार किया है। आज महिलाओं ने राम बाग से थाने तक आक्रोश रैली निकाली और दोषी को कड़ी सजा देने की मांग की है।

डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि तीन दिसंबर को महिला कि आत्महत्या का मामले सामने आया था। पिता रेवती राम कि शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता कि धारा ममममम के तहत मामला दर्ज हुआ है। पति पुलिस रिमांड पर चल रहा है जबकि सास और ननद ने अग्रिम जमानत के लिए न्यायलय में याचिका दायरे की है। 15 दिसंबर को इसकी सुनवाई होनी है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मामले से जुड़े हर तथ्यों को इकट्ठा किया जा रहा है। मृतका के पति को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। अगर परिवार के अन्य सदस्य भी संलिप्त पाए गए तो उन पर भी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शलीन में सड़क हादसा, एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान- मनाली।** मनाली- शलीन मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिशन अस्पताल मनाली से दूरभाष के माध्यम से पुलिस को प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन संख्या एचपी-58-5826 में सवार दो व्यक्ति मनाली से शालीन गांव की ओर जा रहे थे। शालीन गांव से कुछ दूरी पहले वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गहरी ढांक में जा गिरा। हादसे में वाहन में सवार 43 वर्षीय हरदयाल सिंह, निवासी गांव शलीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति 32 वर्षीय आत्मा राम निवासी गांव शालीन को गंभीर चोटें आई। हादसे में घायल हुए आत्मा राम को प्राथमिक उपचार के बाद मरीज़ की गंभीर हालत को देखते हुए एम्स अस्पताल (ढुस्र्) के लिए रेफर किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल पसर गया है।

# एनएचपीसी चरण 2 में प्रभावित विस्थापित क्षेत्र के युवाओं को मिले अस्थायी रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**प्रभावित पंचायत रैला के युवाओं ने उपायुक्त कुल्लू को सौंपा ज्ञापन**

ग्राम पंचायत के स्थानीय युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने एनएचपीसी में अस्थाई रोजगार हेतु उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय युवाओं ने एनएचपीसी चरण दो में हो रही अस्थाई भर्ती में स्थानीय युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया है। स्थानीय युवा हरि सिंह ,धामी,घनश्याम,राहुल,हितेश,विजय श्री, गोरब,राकेश दुर्गा सिंह,शशि नेगी ने का कहना है कि ग्राम पंचायत रैला में एशिया की सबसे बड़ी पार्वती परियोजना का निर्माण हुआ है। राष्ट्रहित में इस पंचायत के लोगो ने अपनी जगह,जमीन,घर वार सब कुछ न्यौछावर कर दिया। उसकी एवज में केवल मात्र 20 लोगों को स्थायी रोजगार दिया गया। आज पार्वती जल विद्युत परियोजना बनकर तैयार है और करोड़ो रूपये की कमाई शुरू हो गई है। जो राष्ट्रहित में खुशी का विषय है। मगर परियोजना प्रबंधन अब स्थानीय रैला पंचायत के लोगो की कुरवानिया भूल रहा है। अस्थाई तौर पर नियुक्ति अपने स्तर पर परियोजना प्रभावित क्षेत्र से बाहर के लोगो को दी जा रही है जो एक खेद का विषय है। जिससे स्थानीय प्रशिक्षित युवा दरवदर की ठोकरे खाने को मजबूर है। स्थानीय युवाओं ने उपायुक्त कुल्लू से आग्रह रहेगा कि पार्वती जल विद्युत परियोजना के उच्च अधिकारियों को इस संदर्भ को प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है ताकि स्थानीय रैला पंचायत के युवाओं को राष्ट्रहित में अपने घर जमीन की आहुति देने के बदले अस्थाई रोजगार प्रदान हो सके। वहीं स्थानीय युवाओं ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अगर परियोजना प्रवंधन प्रभावित पंचायत रैला के प्रशिक्षित युबाओ को अस्थाई रोजगार मुहैया नहीं करती मजबूर परियोजना के खिलाफ खड़े होना को विवश होना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को दिए गर्म कपड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** अतिरिक्त उपायुक्त कल्याणी तिवाना ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर, केलांग में आगामी कठोर शीतकालीन सत्र के दृष्टिगत उपायुक्त कार्यालय एवं राजस्व विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। यह पहल भारी हिमपात एवं अत्यधिक ठंड के दौरान इन कर्मियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। वितरण अवसर पर कल्याणी तिवाना ने कहा कि जिला प्रशासन शीतकाल में ड्यूटी निभाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। पूर्व में भी क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों को विंटर प्रिपेयर्डनेस किट उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में आज गर्म कपड़ों एवं आवश्यक सामग्री से युक्त किट का वितरण किया गया।

### 14 तक करवाएं गेहूं, जौ और लहसुन का बीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कृषि उप-निदेशक रितु गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2025 की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले में गेहूं और जौ की फसल का बीमा करवाया जा सकता है। गेहूं का बीमा प्रति हेक्टेयर 60,000 रुपए व जौ का 50,000 रुपए है। प्रीमियम क्रमशः 72 और 60 रुपए प्रति बीघा है। लहसुन के लिए 2 लाख रुपए तक बीमा कराया जा सकता है, प्रीमियम 800 रुपए प्रति बीघा है। बीमा कराने की अंतिम तिथि गेहूं और जौ के लिए 15 दिसंबर, जबकि लहसुन के लिए 14 दिसंबर है। किसान अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र पर जाकर बीमा करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खंड के विषयवस्तु विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी या बीमा कंपनी से 70188-06168 एवं 86298-02474 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि, जिसे समरसता दिवस के रूप में मनाया जाता है, के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री धनदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में समानता, एकता और सहयोग का संदेश फैलाना था। एबीवीपी कुल्लू ने संकल्प लिया कि यह संदेश हर क्षेत्र तक पहुंचे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिले। डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, लेखक और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया और उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### इलेक्ट्रिक ऑटो की खुली अनुमति हो रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में सरकार ने अब इलेक्ट्रिक ऑटो की भी अनुमति जारी कर दी है। ऐसे में जिला कुल्लू के विभिन्न उपमंडलों में भी अब इलेक्ट्रिक ऑटो की खुली अनुमति दी गई है और सरकार के द्वारा इसके लिए आवेदन भी मांगे गए हैं। लेकिन जिला कुल्लू में ऑटो चालक खुली अनुमति का विरोध कर रहे हैं। ऑटो चालकों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि जहां पर ऑटो नहीं चल रहे हैं। वहीं पर इसकी अनुमति दी जाए। क्योंकि शहरों में पहले से ही सैकड़ो की संख्या में ऑटो चल रहे हैं और ऑटोचालक पार्किंग सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में ऑटो चालकों का एक प्रतिनिधिमंडल कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से मिला और इस बारे उन्हें अवगत करवाया।

### गुशैणी स्कूल के मेधावी आज होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुशैणी में बुधवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडी के रत्तन ज्वेलर्स से राजा सिंह मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे और विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश्वर प्रसाद डोड, वरुण भारती और महेंद्र चौहान भी मौजूद रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने सभी अतिथियों को निमंत्रण पत्र भेजकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। इस समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और छात्र-छात्राओं की प्रतिभा प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करना और उनके उत्साह को बढ़ावा देना है। आयोजन में शिक्षक, छात्र और स्थानीय लोग भी भाग लेंगे, जिससे समारोह की शोभा बढ़ेगी।

# गड्ढों में बदली पतलीकूहल बाजार की सड़क, हादसों को दे रही न्योता

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



अनंत ज्ञान मुद्दा

पतलीकूहल बाजार की मुख्य सड़क कई जगह गड्ढों से भरी हुई है। जिसने वाहन चालकों और राहगीरों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। दिन-ब-दिन गड्ढों की संख्या और गहराई में इजाफा हो रहा है, जिससे वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं है। खासकर दोपहिया वाहनों के लिए यह सड़क बेहद जोखिम भरी साबित हो रही है। राहगीर भी गड्ढों के कारण चलने में असुविधा झेल रहे हैं और कई बार गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोग भोप राम, सुशील, जितेंद्र, जग्गू, सुरेश, सोनू, सतीश, रामपाल, बॉबी, सुनील, सुभाष ने बताया कि बस अड्डे के प्रवेश द्वार के सामने, पतलीकूहल स्टेट बैंक के समीप सड़क में बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए जिससे कभी भी हादसों का अंदेशा बना रहता है उन्होंने बताया कि कई बार दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों का शिकार हुए हैं । लोगों ने लोक निर्माण विभाग से आपातकालीन मरम्मत कार्य शुरू करने की अपील की है ताकि हादसों को रोका जा सके और सड़क को सुरक्षित बनाया जा सके।

> **दो-तीन** दिनों में मजदूरों को भेजकर सड़क में पड़े गड्ढों को भर दिया जाएगा। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को आने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी और आवागमन सुरक्षित होगा ।
>
> **-अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग।**

# रैला की रितिका ठाकुर का भारतीय फुटबाल के टॉप सिक्स में चयन

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज घाटी की ग्राम पंचायत रैला की रितिका ठाकुर का भारतीय फुटबॉल टॉप सिक्स में चयन हुआ है। रितिका डिग्री कालेज कुल्लू में फिजिकल एजुकेशन तृतीय वर्ष की छात्रा है। बचपन से रितिका खेलों में अव्वल रही है। हाल ही में बेंगलुरु में 24 नवंबर से 28 नम्बर तक हुए ट्रायल में रितिका का ट्रायल गोआ फुटबॉल एसोसिएशन की तरफ से इंडिया कैम्प टॉप सिक्स में चयन हुआ है। रितिका ने बताया है कि वो हिमाचल प्रदेश से एकमात्र पहली लड़की है जिसका फुटबॉल इंडिया टॉप सिक्स में चयन हुआ है। रितिक ने इसके लिए अपने माता पिता और गुरुजनों का धन्यवाद किया है। रितिका ने कहा है ऐसा सब माता पिता और गुरुजनों की मेहनत से संभव हो पाया है। वहीं रितिका को इस उपलब्धि के लिए बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए है । और घाटी में खुशी का मौहोल बना हुआ है। साथ ही अगर कैम्प से रितिका की सलेक्शन हुई तो इसके वाद रितिक थाईलेंड में अपनी खेल का प्रदर्शन करेगी।



# भुंतर में अवैध शराब के चार मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, भुंतर**




हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के तहत सख्त प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए टीम एक्साइज कुल्लू ने भुंतर क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया। इस दौरान अवैध शराब की बिक्री और भंडारण के मामलों में चार आबकारी मामले दर्ज किए गए हैं। अभियान के दौरान एक ढाबे, एक चिकन कॉर्नर तथा एक वाहन सहित विभिन्न स्थानों से अवैध शराब बरामद की गई। सभी जब्त शराब की बोतलों पर 'फॉर सेल इन हिमाचल प्रदेश ओनली ' अंकित पाया गया। आबकारी विभाग ने भुंतर के एक टीन शेड से रॉयल स्टैग (9 बोतलें), ऑल सीजन्स (7 बोतलें), ओल्ड मोंक (2 बोतलें), टुबर्ग बीयर (12 बोतलें) तथा वीआरवी संतरा (6 बोतलें) बरामद कीं।

वहीं वार्ड नंबर-1, भुंतर स्थित एक ढाबे से ऑल सीजन्स (4 बोतलें) और वैट-69 (375 एमएल की 1 बोतल) जब्त की गई। इसी तरह जिया क्षेत्र के एक चिकन कॉर्नर से मामले संख्या - 3 के तहत ऑल सीजन्स की 10 बोतलें पकड़ी गईं। एक अन्य कार्रवाई में भुंतर में एक टाटा नैनो कार से गोल्फर शॉट (11 बोतलें), रॉयल स्टैग (5 बोतलें), ऑल सीजन्स (1 बोतल), ओल्ड मोंक रम (11 बोतलें) और वीआरवी संतरा (8 बोतलें) बरामद की गईं। सभी मामलों में पकड़ी गई शराब को मौके पर ही जब्त कर लिया गया है तथा आरोपियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के अंतर्गत मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

यह निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई एसटीईओ (आबकारी) फूल चंद राणा, एएसटीईओ (आबकारी) सुरेश कुमार शर्मा, एएसटीईओ बंजार सर्किल पंकज राणा, एएसटीईओ कुल्लू राकेश कुमार, कॉन्स्टेबल खीमा राम कौंडल, अशोक कुमार तथा ड्राइवर सुरेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

# मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्साह

## शैंशर स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



शैंशर स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान कृषि उपज विपणन समिति के अध्यक्ष राम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शैंशर जिला कुल्लू का शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कृषि उपज विपणन समिति कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मिंया मुख्य अतिथि रहे। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और स्वागत गीत के साथ स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशन सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य सुभाष भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। राम सिंह मिंया ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यालय की प्रगति का प्रतीक है और यह छात्रों की शैक्षणिक, खेल व सांस्कृतिक उपलब्धियों को सम्मानित करने का अवसर है।

इस अवसर पर सत्र 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा छठी से जमा दो तक के छात्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के अनुसार पुरस्कार प्रदान किए गए। हिंदी सुलेख में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर उनके उत्साह को बढ़ावा दिया गया। साथ ही राजकीय केन्द्र प्राथमिक विद्यालय शैंशर के मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति ने मुख्य अतिथि व दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशन सिंह ने प्रधानाचार्य से शिक्षकों और स्टाफ के रिक्त पदों को भरने, विज्ञान संकाय की कक्षा शुरू करने और खेल मैदान में पेवल लगाने के लिए बजट आवंटित करने का अनुरोध किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों के मनोबल को बढ़ाया बल्कि विद्यालय की प्रगति और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों की भी झलक दिखाई।

# सूखी ठंड से अस्पतालों में बढ़ी सर्दी-जुकाम के मरीज की संख्या



मरीज का चेकअप करते हुए चिकित्सक व शुष्क ठंड में सावधानी बरतने की सलाह दी।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हाल के दिनों में क्षेत्र में शुष्क ठंड के प्रकोप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सर्दी, जुकाम और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम की मार झेल रहे हैं, जिनमें लक्षण गंभीर रूप से दिखाई दे रहे हैं।

बीएमओ नग्गर डॉक्टर कर्ण सिंह के अनुसार, तापमान में अचानक बढ़ोतरी व गिरावट और हवा में नमी की कमी के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है, जिससे वे आसानी से इन बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शुष्क ठंड के कारण दमा, ब्रोंकाइटिस, एलर्जी और फेफड़ों के संक्रमण के मामले भी बढ़ सकते है। ऐसे में उन्होंने लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी हैं, गर्म कपड़े पहनने, गुनगुना पानी पीने और भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने या मास्क का प्रयोग करने का सुझाव दिया हैं। अगर आपको बुखार, सांस लेने में तकलीफ या गले में दर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जा रही है।

# कुल्लू जिले की 28 पंचायतों और नगर पालिकाओं में चिट्टे के खिलाफ चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**युवाओं व समुदाय को नशे के दुष्प्रभाव और निवारण उपायों की देंगे जानकारी**

जिला कुल्लू में चिन्हित संवेदनशील पंचायतों और नगरपालिकाओं में चिट्टा/ड्रग के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने निर्देश जारी किए हैं कि जिले की 28 ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं में दिसंबर माह के भीतर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में उपायुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

यह निर्देश 2 दिसंबर को तपोवन, धर्मशाला में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित छठी राज्य स्तरीय एनकोर्ड समिति बैठक के बाद जारी किए गए। बैठक में कुल्लू की 28 पंचायतों/नगरपालिकाओं को नशा एक्सपोज़र में उच्च संवेदनशील लाल क्षेत्र के रूप में दर्ज किया गया, जिसके बाद जिला प्रशासन ने विशेष अभियान की योजना बनाई। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक-आर्थिक नुकसान और निवारण उपायों के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम चिन्हित पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होंगे। प्रशासन ने जिला में नशा निवारण पर व्याख्यान आयोजित करने के लिए उपमंडल अधिकारी (नागरिक), पुलिस उपाधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला कल्याण अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की टीमें नामित की हैं। कार्यक्रम 12 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इसमें मुख्य स्थल और तिथियां इस प्रकार हैं। 12 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजौरा, डाइट जरड, 16 दिसंबर: माध्यमिक विद्यालय कलेहली, आरटीआई साढ़ाबाई, 17 दिसंबर: प्राइमरी स्कूल परगानू, आईटीआई शमशी, 18 दिसंबर: डीएवी मोहल, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल, 19 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डूघीलग, 20 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाशिंग, 22 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जिन्दौड़, 23 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसन एवं शिरड, 24 दिसंबर: माध्यमिक विद्यालय बैंची उच्च विद्यालय शिम, 26 दिसंबर: प्राइमरी स्कूल दुआडा, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराई, 27 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हलान 1, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगर, 29 दिसंबर: प्राइमरी स्कूल लूगड़ भट्टी, मिडिल स्कूल डोभी, 30 दिसंबर: वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खराहल, मनाली उपमंडल में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे: 16 दिसंबर को जीएमएस पतलीकुहल, 17 दिसंबर उच्च विद्यालय शलीन और जीएमएस मनाली, तथा 18 दिसंबर जीपीएस बाहंग और जीपीएस अलेऊ में। इस अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य हर स्तर तक नशे के खिलाफ संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाना और स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाना है।

**मांग** सत्या देवी को 1.75 लाख जुर्माना व कब्जा हटाने के आदेश पर उग्र हुई भूमिहीन कल्याण परिषद

# प्रदेश के 5 लाख अवैध कब्जाधारियों पर भी हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**कार्रवाई के नाम पर सिर्फ गरीबों को किया जा रहा तंगः ओम प्रकाश**

भुंतर के हाथीथान में गरीब सत्या देवी को अवैध कब्जे की एवज में 1.75 लाख का जुर्माना डालने व अवैध कब्जा खाली करने के आदेश के बाद भूमिहीन एवं आवासहीन कल्याण परिषद कुल्लू उग्र हो गया है। मंगलवार को भूमिहीन आवासहीन कल्याण परिषद कुल्लू उपायुक्त कुल्लू से मिला और मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजा।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि इस तरह की दोहरी नीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ धन्नासेठों को अवैध कब्जा करने में संरक्षण दिया जा रहा है और दूसरी तरफ गरीवों के अवैध कब्जों पर शिंकजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य देवी गरीब महिला है और उसे 1.75 करोड़ का जुर्माना डाला गया और साथ ही कब्जा उखाड़ने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आदेश देने है तो सभी को देने चाहिए न कि गरीवों को। एक तरफ धन्नासेठ बड़े-बड़े भवन बनाकर बैठें हैं और दिन के 5-5 लाख कमा रहे हैं उन्हें तो कुछ नहीं किया जा रहा है जबकि गरीबों को जुर्माना डाला जा रहा है और कब्जा हटाने के आदेश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हाईकोर्ट के आदेश नहीं थे बल्कि तहसील कोर्ट के आदेश हैं। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ हम कल राजस्व मंत्री से मिलने जा रहे हैं और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि फिर भी हमारी बात नहीं मानी तो हम उग्र आंदोलन करेंगें।



भूमिहीन एवं आवासहीन कल्याण परिषद का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन सौंपते हुए।

उन्होंने कहा कि भूमिहीन व आवासहीन लोगों के लिए स्थाई पॉलिसी बनाई जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाए हैं कि कुल्लू में जो दशहरा मार्किट बनाई है वह भी फारेस्ट लेंड है और उस पर तो सरकार ने कमाई के लिए भवन खड़े कर दिए हैं और एसपी ऑफिस कुल्लू, डीसी ऑफिस कुल्लू सहित कई भवन अवैध कब्जे में हैं। लेकिन सिर्फ गरीवों को तंग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यहां कई मंदिर,गुरुद्वारे व होटल अवैध कब्जे पर है जो दिन के लाखों कमा रहे हैं लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि गरीबों को तंग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक देश में दो कानून कैसे, कब्जे हटाने है तो पहले धन्नासेठों के हटाओ।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल आज सोलन जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 10 दिसंबर को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। शुक्ल 10 दिसंबर प्रातः 10.30 बजे डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### बांदल में आग से जलकर बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नौहराधार उपमंडल के बांदल गांव में देर शाम आग लगने से 65 वर्षीय हरी राम की दर्दनाक मौत हो गई। लकड़ी और मिट्टी से बना उनका घर देखते ही देखते आग की लपटों में समा गया। घटना के समय हरी राम घर में अकेले थे। ग्रामीणों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन आग और धुएं के कारण कोई अंदर नहीं पहुंच सका। तहसीलदार विनोद कुमार ने प्रभावित परिवार को 25,000 रुपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की और आगे मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी। संगड़ाह थाना पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए नाहन अस्पताल भेजा गया। आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

### कंडाघाट में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कंडाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 केवी कंडाघाट तथा 11 केवी दोची फीडर के आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 10 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल कंडाघाट के सहायक अभियंता ने बताया कि 10 दिसंबर को दोपहर एक बजे से सांय 3.30 बजे तक कंडाघाट बाजार क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, एयर फोर्स, नेवी कॉलोनी, सिरीनगर, पुलिस थाना के समीप का क्षेत्र, हाथों, पल्हेच, धाली, सिलहारी, मही, जदारी, शनेच, शलुमणा, कोहारी, सैंज, तुंदल, कल्होग, कोटला, दिल्ली पब्लिक स्कूल, क्यार कनेवला, कीन, कसौली, क्याटरू तथा आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बिहारी लाल बने हिमाचल भाषा एवं संस्कृति निदेशक

**प्रेम कुमार. अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** साहित्य एवं कला परिषद चायल ने बिहारी लाल को हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग का निदेशक बनने पर स्वागत प्रस्ताव पारित किया है। उन्हें सरकार ने उन्हें उपनिदेशक निष्पादन एवं ललित कला के पद पर नियुक्त किया है । परिषद ने इस प्रस्ताव में कहा है कि यह मंडी करसोग के ग्रामीण क्षेत्र से संबंध रखते है। इनकी नियुक्ति से हिमाचल प्रदेश के कलाकारों और सांस्कृतिक जगत में खुशी का माहौल बना हुआ है। यह प्रस्ताव परिषद के संरक्षक केशव मूर्ति, सलाहकार नारायण, तृषित, अध्यक्ष प्रेम कश्यप, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सचिव संजय आजाद, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश भारद्वाज, कृष्ण भान, एचएस कृष्णा सहित करीब दो दर्जन सृजनकारों की उपस्थित में हुई बैठक में पारित किया गया। परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि वह करीब 35 सालों से इस क्षेत्र से जुड़े है। इन्होंने लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक परिधानों, लोक वाद्यों एवं लोक सांस्कृतिक परंपराओं में गहरी विशेषज्ञता हासिल की है। भाषा एवं संस्कृति विभाग और संगीत नाटक अकादमी के अंतरराज्यीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत ये देश के अनेक राज्यों में हिमाचली लोक संस्कृति के सफल प्रदर्शन कर चुके हैं। इनके अनुभव का विभाग लेखकों और कला जगत से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा।

### नाहन में ई-रिक्शा के 15 परमिट होंगे जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राज्य परिवहन विभाग ने सुबे के तय उपमंडलो में ई-रिक्शा सेवा शुरु करने के लिए केबिनेट के फैसले के बाद अब सम्बंधित उपमंडलो में ई- रिक्शा चलाने के लिए परमिट जारी के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के बाद अब परमिट के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू होगी। परमिट जारी करने के लिए सम्बंधित क्षेत्रीय परिवहन प्रधिकर्णो को अधिकृत कर दिया गया है। इस कड़ी में जिला सिरमौर के नाहनमें 15 राजगढ़ में 2 परमिट जारी होने है। इसके अलावा पालम पुर 30, धर्मशाला, मैक्लोडगंज 36, चंबा 5, भटियात 9, कल्पा रिकोंगपियो 15, सांगला 10, जोगिंद्रनगर 15, पद्दर 35, सरकाघाट 5, धर्मपुर 5 एंव कुल्लू में 30 परमिट जारी होंगे।

### सिरमौर में एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं खरीद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में गेहूं की खरीद प्रक्रिया एक अप्रैल 2026 से शुरू होने जा रही है। जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शमशेर सिंह ने बताया कि सरकार ने गेंहू खरीद के लिए जिले में दो स्थायी केंद्र निर्धारित किए हैं। धौलाकुआं और एपीएमसी मार्केट यार्ड पांवटा साहिब। दोनों केंद्रों पर किसानों से प्रति क्विंटल 2,585 रुपए की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहू खरीदी जाएगी, जो पिछली बार की खरीद दरों से 160 रुपए अधिक है। अनाज मंडी अधिकारियों ने बताया कि नई दरें किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं। धौलाकुआं और पांवटा साहिब दोनों केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित होगी, ताकि किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रखा जा सके। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी फसल को केवल निर्धारित खरीद केंद्रों पर ही लेकर आएं, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होने में कोई समस्या न आए और किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े। गेंहू खरीद से संबंधित जानकारी के लिए किसान कार्य दिवसों में जिला नियंत्रक कार्यालय नाहन के दूरभाष नंबर 01702-222558 या राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सिरमौर के दूरभाष नंबर 01702-222258 पर संपर्क कर सकते हैं।

### शरद ऋतु में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभाग सतर्क : डॉ. प्रियंका

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद उपमंडल में शरद ऋतु के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु उपायुक्त सिरमौर के निर्देश पर उपमंडल अधिकारी डॉ. प्रियंका चंद्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को सड़कों पर आवागमन सुचारु करने और फिसलन वाले स्थानों पर रेत डालने के उपाय करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को बिजली आपूर्ति में बाधा न आने देने तथा मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने कहा गया। जल शक्ति विभाग को पानी की आपूर्ति और जलजमाव की समस्याओं के समाधान हेतु योजना बनाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को जीवन रक्षक दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। बैठक में पंचायत स्तर की भूमिका, होम गार्ड की मुस्तैदी और खाद्य आपूर्ति का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, सहायक अभियंता और अन्य विभागीय प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

# सोलन में सफाई का जिम्मा निजी हाथों में, फिर भी नहीं सुधरी व्यवस्था

## राजगढ़ रोड के कोटलानाला से शामति तक जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

अनंत ज्ञान मुद्दा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** शहर में बिगड़ती सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए नगर निगम ने 7 वार्डों की सफाई का जिम्मा निजी हाथों में तो दिया पर इससे अभी तक सार्थिक परिणाम सामने नहीं आए हैं। शहर के राजगढ़ रोड पर कोटलानाला से लेकर शामति तक कई ऐसे ब्लैक स्पॉट है जहां सड़क किनारे कूड़े के ढेर से शहर की सुंदरता को ग्रहण लगा है। इससे वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है।

वार्ड-11 में बावड़ी के नजदीक और शामति बाजार में कूड़े का ढेर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने दावे की धज्जियां उड़ा रहा है। कूड़े की गंदगी से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कते पेश आ रही है। जिससे लोगों में नगर निगम के खिलाफ रोष है। वहीं, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ने के बावजूद सोलन को स्वच्छ शहर समृद्ध शहर बनाने योजना को सिरे चढ़ाना चुनौती बन गया है। नगर निगम ने सोलन शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ व सफाई कर्मचारियों की कमी को दूर करने हेतु वार्ड नं. 3, 4, 9, 11, 15, 16 व 17 में सफाई कार्य को ठेके पर दिया गया है। इन वार्डों में 86 नए सफाई कर्मचारी, 5 पर्यवेक्षक व 4 गाडियां को कार्य पर तैनात कर दिया गया है।



शहर के शामति बाजार में लगा कूड़े का ढेर।

### निगम में मर्ज एरिया में सफाई की कमी: सुनील ठाकुर



**स्थानीय** निवासी सुनील ठाकुर का कहना है कि जब से नगर निगम में नए क्षेत्रों को विलय हुआ है। सफाई की व्यवस्था बिगड़ गई है। सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर से लोग परेशान हैं। इससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। नगर निगम को खुंडीधार से शामति तक के क्षेत्र में सफाई के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए।

### इन क्षेत्रों में की सफाई का जिम्मा ठेके पर

**ठेके** में दी गई सफाई व्यवस्था से वार्डों में सफाई का कार्य जैसे कि घरों, कार्यालयों, व्यवसायिक व अन्य संस्थानों से कूड़ा एकत्र करना, कूड़े का परिवहन कर सयंत्र तक पहुंचाना, गलियों की सफाई, नाले/नालियों की सफाई, झाड़ियों आदि की कटाई कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा कई उन क्षेत्रों में सफाई हेतु सफाई कर्मचारी नियुक्त किये गए, जहां नियमित सफाई नहीं हो रही थी। इसके अतिरिक्त ठेके पर दिए गए वार्डों से जो कर्मचारी सीएलसी के माध्यम से नियुक्त किए गए थे उन कर्मचारियों को अन्य वार्डों में उन क्षेत्रों में सफाई कार्य हेतु नियुक्त किया गया है जहां नियमित सफाई नहीं होती थी जैसे कि वॉर्ड नं एक में पाइन ईस्टेट कॉलोनी, उदय बिहार, विकास मोहल्ला, वार्ड नं 2 में आईटीआई, पावर हाउस रोड एंड कॉलोनी, वार्ड नं 5 में शक्ति नगर, पोस्ट ऑफिस के नीचे, वार्ड नं 6 में साबुन फैक्टरी व पीडब्लयूडी कॉलोनी, वार्ड-8 में नदोह, बजरोल व शक्ति नगर,वार्ड नं 10 में फॉरेस्ट रोड व नानक विला,वार्ड नं 11 में अपर सूर्या विहार,शिवा विहार ,पाजो, डमरोग रोड, वार्ड नं 12 में गोल पहाड़ी, वार्ड नं 13 में रेलवे लाइन, नर्सरी बाग एरिया ओर साथ लगते वार्ड,वार्ड नं 14 में एससीएआरटी वाला रोड, नियर कीवी फॉर्म हाउस एरिया व एचआरटीसी कॉलोनी तथा ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा वार्ड नं 3 में चामुंडा कॉलोनी व आर्मी एरिया के साथ लगती कॉलोनी,वार्ड नं 4 में डीआईसी रोड,करोल विहार, बरूरी से सलोगड़, वार्ड नं 15 में पटग़र, पवन विहार, विवेकानंद विहार, लोअर सूर्या विहार, नेगी कॉलोनी, साइंटिस्ट कॉलोनी, शामती बाईपास, कुआगड़ी, वार्ड नं.16 में वशिष्ठ कॉलोनी, नेगी कॉलोनी, कैलाश नगर, आंजी (राधा स्वामी ), वार्ड नं 17 में न्यू कथेर, वेयर हाउस, बेकरी एरिया, हैंड पंप एरिया, एचआरटीसी रोड, नाले वाला एरिया, झेल वाला एरिया, शिवालिक बैक साइड एरिया, हिमुडा फ्लैट एरिया, बसाल रोड से हेली पेड, गुरुद्वारा एरिया। इन सभी सड़कों/गलियों में शहर की मुख्य सड़को के अलावा, अब प्रतिदिन झाड़ू लग रही है।

### निगम का प्रयास अच्छा: रामकुमार



**स्थानीय** निवासी राम कुमार का कहना है कि निगम बनने के बाद शहर में कुल 17 वार्ड हो गए हैं। पिछले कुछ समय से कर्मचारियों की कमी खलने लगी थी। शहर के सात वार्डों में कूड़े के ढेर लगे रहते थे। गंदगी से राहगीर परेशान हो रहे थे, वहीं स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के दावे भी कमजोर पड़ने लगे थे। पर आउट सोर्स से 86 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति से शहर में सफाई व्यवस्था सुधारने में मदद मिलेगी। निगम का यह प्रयास सराहनीय है। इससे आने वाले दिनों में सुधार होगा।



**नगर** निगम ने ठेकेदार के माध्यम से नियुक्त किए कर्मचारियों को कलेक्शन सेंटरों से कूड़ा समय पर निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। शहर के सात वार्डों में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए 86 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। ठेकेदार के माध्यम से लगाए गए ये कर्मचारी समय पर कूड़ा निपटाने का कार्य करेंगे, जिससे सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। उम्मीद है कि इससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

– उषा शर्मा, महापौर, नगर निगम सोलन

# विधायक सोलंकी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर की विकास खंड नाहन की ग्राम पंचायत कालाअंब में विधायक अजय सोलंकी ने स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 के अंतर्गत 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित जिला की प्रथम क्रियाशील प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वच्छता को प्राथमिकता देती है और पंचायत स्तर पर कचरा एवं प्लास्टिक प्रबंधन को प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पंचायतों में स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों और युवा मंडलों के सहयोग से प्लास्टिक संग्रहण और संयंत्र के माध्यम से उचित निपटान की प्रक्रिया को महत्व दिया। विधायक ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शगुन स्वयं सहायता समूह सैनवाला और आशा स्वयं सहायता समूह मोगीनंद को अधिक मात्रा में प्लास्टिक संग्रह करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विधायक ने प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रीकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर नाहन विकास खंड की विभिन्न पंचायतों के लिए रवाना किया और उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं। जिला विकास अधिकारी द्विज गोयल ने लोगों से स्वच्छता अपनाने और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया। खंड विकास अधिकारी नाहन अंजली गर्ग ने बताया कि इस इकाई के निर्माण से नाहन विकास खंड की 35 पंचायतों और कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र से उत्पन्न प्लास्टिक का उचित प्रबंधन संभव होगा। एकत्रित प्लास्टिक को पुनः उपयोग में लाया जाएगा और इसके अपशिष्ट का उपयोग लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण एवं अन्य औद्योगिक कार्यों में किया जाएगा।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान कालाअंब रेखा चौधरी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।




जिला सिरमौर की प्रथम क्रियाशील प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन करते विधायक सोलंकी।

# कंडाघाट में 413 ग्राम चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना कंडाघाट के तहत पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 413 ग्राम चरस बरामद की। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना कंडाघाट की एक टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतु मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि करण कुमार व शाहरुख खान नाम के दो युवक गाड़ी में शिमला से सोलन की तरफ आ रहे है जो आपसी मिलीभगत से पिछले काफी समय से चरस/भांग की अवैध खरीद फरोख्त का धंदा करते है तथा आज भी इन दोनों के पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ चरस/भांग है, जिसे वह दोनों बेचने की फिराक में है।

इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तवरित कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को रोककर उसम बैठे दो युवकों जिनके नाम व पते करण कुमार पुत्र कुलदीप कुमार निवासी गांव बठोल तहसील कसौली जिला सोलन हिमाचल प्रदेश उम्र 22 वर्ष व शाहरुख खान पुत्र वसीम अहमद निवासी गांव बठोल तहसील कसौली जिला सोलन हिमाचल प्रदेश उम्र 30 वर्ष को 413 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना कंडाघाट में पंजीकृत किया गया। इस अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त गाड़ी टैक्सी डिजायर को जब्त करके कब्जा पुलिस में लिया गया। दोनों आरोपियों अदालत में पेश किया जा रहा है।

# संजय अवस्थी ने घनागुघाट में 33 .6 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण



विकास कार्यो का उद्घाटन करते विधायक संजय अवस्थी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने ग्राम पंचायत घनागुघाट में 33.6 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बेसहारा बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय सहायता कोष और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार देने वाली योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

लोकार्पित कार्यों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट का परीक्षा भवन, नवनिर्मित मंच, महिला मंडल भवन और महिला मंडल कुनी के भवन शामिल हैं। इसके अलावा, विधायक ने स्कूल परिसर में रेलिंग और टाइल्स लगाने, सड़क पक्का करने और सुरक्षा दीवार बनाने की घोषणा की।

विधायक ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। मौके पर जिला विपणन एवं उपभोक्ता संघ के निदेशक सुरेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान मधुबाला, उप प्रधान प्रवीण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल की बैठक में संगठन विस्तार और बूथ मजबूती पर जोर

**अनंत ज्ञान, पांवटा/ नाहन।** भारतीय जनता पार्टी पांवटा साहिब मंडल की विशेष बैठक लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में संगठनात्मक तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हितेंद्र कुमार धवन ने की। इस दौरान पांवटा साहिब के विधायक और पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर सभी कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से संवाद किया और उन्हें मार्गदर्शन दिया।

विधायक सुखराम चौधरी ने संगठन को एकजुट रखने, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में संगठन विस्तार अभियान को गति देने के लिए एक अहम निर्णय लिया गया है। तय किया गया कि सभी मोर्चे अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएँगे और प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस लक्ष्य को बूथ स्तर पर भाजपा की मजबूती और जमीनी संगठन के विस्तार की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। बैठक में मंडल कार्यकारिणी के सभी सदस्य, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष व महामंत्री, सभी बूथ अध्यक्ष-पालक-मंत्री, पंचायतीराज के निर्वाचित प्रतिनिधि, बीडीसी सदस्य, ग्राम केंद्रों के प्रमुख तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अपने क्षेत्रीय सुझाव और स्थानीय मुद्दे भी विधायक के समक्ष साझा किए। विधायक चौधरी ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कार्यकर्ताओं को तत्परता से आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष हितेंद्र कुमार धवन ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# मांगूधार-घुमारो में 12वें दिन भी खनन विरोधी धरना जारी



अवैध खनन के खिलाफ प्रदर्शन में डेट लोग।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

उपमंडल अर्की के मांगूधार और घुमारो क्षेत्रों में खनन विरोधी धरना सोमवार को 12वें दिन भी जारी रहा। अंबुजा और अदाणी सीमेंट कंपनी की ब्लास्टिंग के कारण घरों में दरारें, खेतों में पत्थर जमा होना और जल स्रोत प्रभावित होने जैसी समस्याओं ने स्थानीय लोगों को सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने पर मजबूर किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और खनन विभाग अब तक केवल आश्वासन दे रहे हैं, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दिनों हुई अनियंत्रित ब्लास्टिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अधिकारी और कंपनी मौके पर नहीं आते और समस्या का समाधान नहीं करते, आंदोलन जारी रहेगा।

डीएसपी दाड़लाघाट नवीन झाल्टा ने मौके का जायजा लिया और कहा कि कंपनी और ग्रामीणों के बीच जल्द बैठक कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपमंडल अधिकारी निशांत तोमर ने भविष्य में ब्लास्टिंग के सभी मानक पालन के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने सरकार और कंपनी पर राजनीतिक दबाव का आरोप भी लगाया।

# सामाजिक कार्यों में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय : डॉ. मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर संपन्न हुआ। मंगलवार को इसका समापन समारोह कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पंकज ठाकुर और प्रो. संगीता कुमारी ने सभी के स्वागत के साथ शिविर की गतिविधियों से अवगत करवाया। स्वयंसेवकों ने देशभक्ति और सेवा को प्रेरित करने वाला एनएसएस गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक किरण ने सात दिवसीय शिविर की मुख्य गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने कैंपस सौंदर्यीकरण, कैंपस की सफाई, स्थानीय मंदिर परिसर एवं बावड़ी की सफाई की। इसमें उन्होंने एनएसएस वाटिका की स्थापना, योग सत्र, आत्मरक्षा एवं कराटे प्रशिक्षण और जदारी गांव में स्वच्छता अभियान व चिट्टे के विरुद्ध जागरूकता अभियान जैसी जनहितकारी गतिविधियों आयोजित किए जाने बारे बताया। स्वयंसेवक अंजलि, सुमित और वंशज ने शिविर के दौरान अपने अनुभव साझा किए। स्वयंसेवकों ने चिट्टा विरोधी नुक्कड़ नाटक का सशक्त एवं प्रभावी मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इसमें किरण और सरवन को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में सात दिवसीय शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी। उन्होंने स्वयंसेवकों के किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए विशेष रूप से चिट्टा विरोधी जागरूकता अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने स्वयंसेवकों को भविष्य में इसी तरह सामाजिक कार्य करते रहने को प्रेरित किया। समारोह के अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि यह आयोजन स्वयंसेवकों, शिक्षकों, जदारी गांव की महिला मंडल प्रधान सुषमा ठाकुर सहित सभी शिक्षकों के सहयोग से पूर्ण हो सका।

**वेलकम** सरकार से क्लास-वन पद और खेल नीति की मांग, लोगों ने की सम्मान की अपील

# अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, शिलाई/नाहन**

खेल को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा विश्व कप जीतने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव मिल्ला, जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान पुष्पा राणा का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। राणा ने सर्वप्रथम अपने कुलिष्ठ देव शिरगुल महाराज के चौखट पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समस्त गांववासियों के साथ पहाड़ी नाटी रासे इत्यादि का आयोजन किया गया और फूल मालाओं से पुष्पा राणा का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और बुजुर्गों ने पुष्पा राणा का स्वागत किया। वहीं, युवाओं और महिलाओं ने शुभकामनाए दीं, जिस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर ग्राम से अपने गांव की इस होनहार बेटी पर फख्र महसूस कर रहा था तो वहीं पुष्पा राणा की माता का सीना भी गर्व से चौड़ा हुआ। ग्रामीणों ने एक स्वर में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से मांग की है कि पुष्पा राणा को उनकी खेल काबिलियत के आधार पर क्लास वन के पद पर पदस्थापित किया जाए ताकि भविष्य में अन्य खिलाड़ियों को भी एक प्रेरणा मिलती रहे। वहीं, पुष्पा राणा ने सरकार से खेल नीति बनाने की भी मांग दोहराई उम्मीद करते हैं कि सरकार इन मांगों को जल्द पूरा करेगी।



अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा का पैतृक गांव पहुंचने पर स्वागत करते लोग।


वहीं, सिरमौर जिला की तीन महिला कबड्डी खिलाड़ियों का जिला में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। महिला खिलाड़ियों के स्वागत के लिए सिरमौर जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा शिलाई क्षेत्र के रोनाहट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ मालाएं पहनाकर क्षेत्र बेटियों का स्वागत किया।

गौरतलब है कि भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रही रितु नेगी, उपकप्तान पुष्पा राणा और खिलाड़ी साक्षी शर्मा शिलाई क्षेत्र से ही ताल्लुक रखती है। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव कुलदीप राणा ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने के लिए महिला खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटियों के प्रदर्शन में न केवल क्षेत्र का बल्कि हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन लगातार प्रयास कर रही है कि प्रदेश में लगातार कबड्डी को बढ़ावा दिया जाए और प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके। वहीं, अपने स्वागत के लिए महिला कबड्डी टीम की कप्तान रही रितु नेगी ने लोगों का सम्मान देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि जब भी वह कबड्डी में अच्छा प्रदर्शन कर लौटती है तो उनका क्षेत्र में स्वागत किया जाता है जिससे उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवान्वित करने वाली बात है कि आज प्रदेश की पांच बेटियां भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा बनी और एक समय था जब हिमाचल से मात्र एक खिलाड़ी का चयन किया जाता है।

# दाड़लाघाट मंडल में भाजपा संयुक्त मोर्चा की हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट मंडल में भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक को दाड़लाघाट के झरने के पास आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की। बैठक में जिला सह प्रभारी वंदना योगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा की और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की बिहार में प्रचंड विजय के बाद होने वाली हिमाचल यात्रा तथा 13 दिसंबर को प्रदेश कार्यालय भूमि पूजन के कार्यक्रम की तैयारियों के लिए मार्गदर्शन दिया।

बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी और तैयारी को लेकर मार्गदर्शन भी दिया गया। बैठक में सुनील कश्यप, राकेश गौतम, संत राम, कला ठाकुर, नीम चंद, पुरुषोतम, भीम शर्मा, महेंद्र कुमार ठाकुर, धनी राम चौहान, मनोज गौतम, कृष्ण चंद भट्टी, जगदीश्वर शुक्ला, सुनीता ठाकुर शीला देवी, आशा चोपड़ा, पुष्पा, संगीता सोनी, कमलेश ठाकुर, रितु वर्मा, सुनीता भट्ठी, जया भट्ठी, सुनीता कंवर, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश पूरी, कुलदीप ठाकुर, मदन ठाकुर, तरुण ठाकुर, कमल ठाकुर, ओम प्रकाश, देवेंद्र कुमार, हेत राम, जोगिंदर शर्मा, मनोज ठाकुर, नागेंद्र सेन, भगत राम, वीरेंद्र शर्मा, श्याम चौधरी, नरेन्द्र हांडा, हेमंत, राधे श्याम सहित मंडल और जिला के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।




# मुख्यमंत्री सैनी ने किया 'हैंडबुक फॉर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट्स' का विमोचन

## हरियाणा में कार्यकारी मजिस्ट्रेट्स के लिए नई हैंडबुक जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को 'हैंडबुक फॉर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट्स' का विमोचन किया। पुस्तक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. केके खंडेलवाल और हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अपूर्व कुमार सिंह द्वारा लिखी गई है।

हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित समारोह में कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईएएस एसोसिएशन के सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह पुस्तक केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि लेखक की सोच, साधना और संवेदनाओं का संगम है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगी और संविधान सशक्त बनाने में योगदान देगी। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताया क्योंकि यह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के लागू होने के समय प्रकाशित हो रही है, जिसने क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1973 का स्थान लिया है। सैनी ने बताया कि कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की भूमिका अब और महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि वे कानून-व्यवस्था, जन सुरक्षा और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने के मुख्य स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार ने इन कानूनों को राज्य में पूर्ण रूप से लागू किया है।

# राज्यसभा में सांसद संधू बोले-प्राइवेट स्कूल टीचरों को भी मिले राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्यसभा के शीतकालीन सत्र में एमपी सतनाम सिंह संधू ने जीरो आवर में प्राइवेट एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के शिक्षकों को भी सरकारी शिक्षकों की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ग्लोबल रैंकिंग में सुधार, रिसर्च आउटपुट बढ़ाने और भारत की वैश्विक अकादमिक पहचान मजबूत करने में प्राइवेट टीचरों का योगदान बराबर का है, लेकिन उन्हें अब तक उचित पहचान नहीं मिली है।

संधू ने बताया कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में 6,239 भारतीय शिक्षक शामिल हैं और क्यूएस वर्ल्ड व एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में 294 भारतीय संस्थानों को जगह मिली है। क्यूएस एशिया में 'पेपर प्रति फैकल्टी' श्रेणी में भारत एशिया में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सरकारी और प्राइवेट दोनों संस्थानों के शिक्षक अहम भूमिका निभाते हैं। भारत में कुल 1.01 करोड़ शिक्षकों में से 38.45 लाख प्राइवेट स्कूलों में कार्यरत हैं, जो लगभग 9.59 करोड़ छात्रों को शिक्षित करते हैं।

एमपी संधू ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि या तो प्राइवेट स्कूल शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार में शामिल किया जाए, या उनके योगदान को सम्मान देने के लिए अलग राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में डॉक्टरों की हड़ताल, सरकार ने एस्मा किया लागू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। राज्य सरकार ने स्थिति को गंभीर मानते हुए छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाते हुए आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू कर दिया। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण यमुनानगर, पानीपत, फतेहाबाद, जींद, कैथल, हिसार, झज्जर और दादरी सहित करीब एक दर्जन जिलों में ओपीडी और नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही हैं। एचसीएमएसए ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी होने तक सभी सेवाएं बंद रहेंगी और बुधवार से आमरण अनशन की योजना है। सरकार ने रोहतक, अंबाला, भिवानी, सिरसा और कुरुक्षेत्र में जूनियर और सीनियर रेजिडेंट्स, एनएचएम, ईएसआई और आयुष विभाग के डॉक्टरों को तैनात कर सेवाएं सामान्य बनाए रखी हैं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि आवश्यक सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और सरकार हड़ताल समाप्त करने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है।

### घर में लगी आग, परिजनों ने छत से कूदकर बचाई जान

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** लाखनमाजरा स्थित एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। परिजनों ने छत कू कर अपनी जान बचाई और इसकी सूचना तुंरत पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मकान मालिक सत्यवान ने बताया कि वह घर की दूसरी मंजिल पर परिवार के साथ सो रहे थे कि तभी निचले फ्लोवर पर आग लग गई और पूरा घर धूंए से भर गया। परिजनों ने जंगले में लगी लोहे की जाली काटी और कमरे से बाहर निकले और छत से कूद कर अपनी जान बचाई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सत्यवान ने बताया कि अगर समय रहते परिवार के लोग नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन जान की कोई हानी नहीं हुई है। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है। मकान मालिक ने जिला प्रशासन से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई है।

# राजनीति और अपराध की कड़वी सच्चाई दिखाएगी वेब सीरीज 'राजधानी'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




सागा स्टूडियोज की क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'राजधानी' 12 दिसंबर से केबलवन पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज़ राजनीति, हिंसा, अराजकता और सत्ता के खेल से भरी दुनिया की हकीकत को तेज, रॉ और दमदार अंदाज में दिखाती है। कहानी-स्क्रीनप्ले-डायलॉग जीत जहूर ने लिखे हैं, निर्देशन अमरीप सिंह गिल का है और निर्माण सुमीत सिंह ने किया है। डीओपी अरुंदीप तेजी ने सीरीज के विजुअल टोन को आकार दिया है।

ट्रेलर लॉन्च के बाद सीरीज के प्रति दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। टीजर और शुरुआती डिजिटल एसेट्स को सोशल मीडिया पर शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसकी रॉ विजुअल स्टाइल, इंटेंस नैरेटिव और मजबूत माहौल को दर्शक खूब सराह रहे हैं। सीरीज का टाइटल ट्रैक भी रिलीज़ से पहले सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर चुका है। सागा म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत यह ट्रैक कई प्लेटफॉर्म पर वायरल है और दर्शक इसे शेयर और रीक्रिएट कर रहे हैं।

प्रोड्यूसर सुमीत सिंह के अनुसार, 'राजधानी' यह साबित करती है कि अच्छी कहानी, ईमानदार फिल्ममेकिंग और दमदार परफॉर्मेंस किसी भी बड़े सितारे की कमी को पूरा कर सकती है।

# रोहित हत्याकांड के फरार आरोपित होंगे पीओ घोषित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर और छह बार के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट रोहित धनखड़ हत्याकांड के फरार आरोपितों को पीओ (प्रख्यात अपराधी) घोषित किया जाएगा। मंगलवार को राष्ट्रीय धनखड़ खाप, 12 धनखड़ खाप, हुमायूंपुर-बखेता ग्राम पंचायत और पीड़ित परिवार के सदस्य हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह से मिले।

बैठक में परिवार और खाप प्रतिनिधियों ने गिरफ्तारी में देरी और प्रशासनिक निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। डीजीपी ने कार्रवाई में ढिलाई न बरतने का आश्वासन दिया और फरार आरोपितों की संपत्ति कुर्क करने, सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस जिप्सी तैनात करने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में स्पष्ट संदेश जाएगा कि अपराधी कानून से बच नहीं सकते। खाप और परिवार ने बैठक को सकारात्मक बताया और आगे की रणनीति के लिए गांव में बैठक आयोजित करने का निर्णय किया।

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने कुष्ठ आश्रम में बांटे गर्म वस्त्र और फल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस (9 दिसंबर) के अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ के सेक्टर-47 स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वाले परिवारों को गर्म वस्त्र और फल वितरित किए। कार्यक्रम में फाउंडेशन की चंडीगढ़ इकाई के प्रेसिडेंट किरपाल सिंह कटारिया, रविन्द्र नाथ, गुरमीत सिंह काका, पूजा बख्शी और अजय कुमार शामिल हुए।

फाउंडेशन प्रतिनिधियों ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति को कमजोर करने वाली गंभीर समस्या है और इसका समाधान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक जागरूकता से संभव है। किरपाल सिंह कटारिया और पूजा बख्शी ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता फाउंडेशन की सामाजिक पहल है, जबकि मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए जनजागरूकता बढ़ाना है।

इसके लिए नियमित रूप से जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में नागरिकों की स्वयं की पहल अहम है एकजुट होकर प्रयास करेंगे तो भारत को भ्रष्टाचार-मुक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स 436 और निफ्टी 121 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने रही। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 436 अंक की गिरावट के साथ 84,666 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही, ये 25,839 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर में गिरावट और 8 शेयरों में तेजी रही। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे ज्यादा 4% गिरा है। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.19% की गिरावट देखने को मिली है।

अमेरिकी सेंट्रल बैंक (फेडरल रिजर्व) के ब्याज दरों पर अनिश्चितता से निवेशकों में डर है, जिससे भारतीय बाजार पर दबाव पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत के चावल पर भारी आयात शुल्क लगाने की धमकी से एक्सपोर्ट सेक्टर प्रभावित हुआ, जो बाजार की गिरावट का बड़ा कारण है। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 0.14% ऊपर 50,655 पर और कोरिया का कोस्पी 0.27% गिरकर 4,143 पर बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.29% गिरकर 25,434 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37% गिरकर 3,909 पर बंद हुआ। 8 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.45% गिरकर 47,739.32 पर बंद हुआ था। 8 दिसंबर को भी शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 610 अंक (0.71%) गिरकर 85,103 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 226 अंक (0.86%) नीचे 25,961 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 में से 27 गिरकर बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

# पीएनबी सहित 6 बैंकों ने घटाईं होम-लोन की ब्याज दरें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक के रेपो रेट में 0.25% की हालिया कटौती का असर दिखने लगा है। 6 बड़े बैंकों ने होम लोन की ब्याज दरों में 0.25% तक कटौती की है। एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र इनमें शामिल हैं।

नई कटौती के चलते होम लोन की सालाना ब्याज दर 7.10% के निचले स्तर तक आ गई है। आरबीआई ने 5 दिसंबर को रेपो रेट 5.50% से घटाकर 5.25% कर दिया था। इससे बैंकों की फंड लागत घट गई है। इसका फायदा वे लोन सस्ता करके अपने-अपने ग्राहकों को दे रहे हैं। होम लोन किस ब्याज दर पर मिलेगा ये आपके क्रेडिट स्कोर, लोन-टू-वैल्यू रेशियो, लोन अमाउंट और टेन्योर जैसी बातों पर निर्भर करती हैं। ऐसे में मान लीजिए पहले आपके लिए बैंक की होम लोन ब्याज दर 8% थी जो 0.25% की कटौती के बाद 7.75% रह जाएगी। कटौती के बाद 20 साल के 20 लाख के लोन पर ईएमआई 310 रुपए तक घट जाएगी। इसी तरह 30 लाख के लोन पर ईएमआई 465 रुपए तक घट जाएगी। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा। कई बैंक समय से पहले लोन अदा करने पर पेनल्टी लगाते हैं। ऐसे में बैंकों से इस बारे में पूरी डिटेल ले लें, क्योंकि समय से पहले लोन अदा करने पर बैंकों को उम्मीद के मुताबिक कम ब्याज मिलता है। ऐसे में उनकी ओर से कुछ टर्म एडं कंडीशन लगाए जाते हैं। इसलिए होम लोन लेते वक्त इस बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें। क्रेडिट स्कोर से व्यक्ति की क्रेडिट हिस्ट्री का पता चलता है। पर्सनल लोन के मामले में बैंक आवेदक का क्रेडिट स्कोर जरूर देखते हैं। क्रेडिट स्कोर कई खास क्रेडिट प्रोफाइलिंग कंपनियों की तरफ से तय किया जाता है। बैंक समय-समय पर लोन लेने वालों को बेहतर ऑफर्स उपलब्ध कराते रहते हैं। ऐसे में आप लोन लेने से पहले सभी बैंकों के ऑफर्स के बारे में पता कर लें। (अनंत ज्ञान)

**अब इंटरेस्ट रेट 7.10% से शुरू**

# अनिल अंबानी के बाद बेटे पर एफआईआर

**एजेंसी, मुंबई।** सीबीआई ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के बड़े बेटे जय अनमोल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस से जुड़ी कंपनियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ 228.06 करोड़ रुपए का धोखाधड़ी किया। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड ने यूनियन बैंक से अलग-अलग लोन लिए थे। ये लोन जनरल पर्पज कॉर्पोरेट लोन के नाम पर लिए गए, लेकिन इनका इस्तेमाल नियमों के खिलाफ दूसरी जगह डायवर्ट कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# मुनीर की धमकी : भारत गलतफहमी में न रहे

## पाक के नए सीडीएफ बोले- अब हमला हुआ तो पाकिस्तान भी कड़ा जवाब देगा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अपना पद संभाल लिया। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में पाकिस्तान पर कोई हमला होता है तो उसका जवाब पहले से भी ज्यादा तेज और कड़ा होगा।

उन्होंने भारत को चेतावनी देते हुए कहा कि वह किसी गलतफहमी में न रहें। मुनीर ने कहा कि मॉर्डन युद्ध अब साइबरस्पेस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, स्पेस, इन्फॉर्मेशन वॉर, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे नए क्षेत्रों तक बढ़ गया है। फोर्सेज को आधुनिक चुनौतियों के मुताबिक खुद को ढालना जरूरी है। मुनीर ने कहा कि मई में पाकिस्तान ने उनके नेतृत्व में भारत को मुंहतोड़ जवाब दिया था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना और नागरिकों के धैर्य और सहनशीलता की तारीफ भी की।

आसिम मुनीर ने अफगान तालिबान को चेतावनी देते हुए कहा उन्हें पाकिस्तान तालिबान (टीटीपी) और पाकिस्तान सरकार में से किसी एक से ही बेहतर रिश्ते रखने चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति पसंद देश है, लेकिन देश की सुरक्षा और क्षेत्र की अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मुनीर ने कहा कि अफगान तालिबान पाकिस्तान में एक्टिव आतंकियों का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने पहले भी दावा किया था कि तालिबान उन ग्रुप्स का समर्थन करता है, जिन्हें भारत मदद करता है। पाकिस्तान टीटीपी को आतंकवादी संगठन मानता है और आरोप लगाता है कि इस संगठन को भारत से समर्थन मिलता है। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 195 और सोना 283 रुपए हुआ सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 283 रुपए गिरकर 1,27,974 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,28,257 रुपए का था। वहीं, चांदी के दाम में भी आज गिरावट रही। 1 किलो चांदी का दाम 195 रुपए गिरकर 1,78,893 रुपए पर आ गया है। सोमवार को चांदी ने 1,79,088 रुपए प्रति किलोग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, सोने ने 17 अक्तूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। बीते कारोबारी हफ्ते में सोना 2,001 रुपए और चांदी 13,851 रुपए महंगी हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली की हवा में मामूली सुधार, एक्यूआई 291 दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राजधानी** दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मंगलवार को मामूली सुधार दर्ज किया गया और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 291 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। सोमवार की सुबह दिल्ली का एक्यूआई 318 दर्ज किया गया था, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में था।

सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के अनुसार, दिल्ली के 38 निगरानी केंद्रों में से 18 ने वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' (एक्यूआई 300 से ऊपर) और 20 ने 'खराब' (एक्यूआई 200 से ऊपर) दर्ज की। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 101 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है। न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.4 डिग्री कम है। सुबह सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में कोहरे की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

# अखिलेश बोले-एसआईआर के बहाने एनआरसी किया जा रहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शीतकालीन** सत्र के 7वें दिन मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर चर्चा हुई। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के बहाने अंदर ही अंदर एनआरसी वाला काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा,

वहीं, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि एसआईआर वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है। इससे पहले चर्चा की शुरूआत कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि देश के 12 राज्यों में किया जा रहा स्द्ध, गैरकानूनी है। संविधान में पूरे राज्य में एक साथ एसआईआर को लेकर कोई कानून नहीं है, इसे तत्काल रोकें।

इसके साथ ही तिवारी ने कहा कि देश में चुनावों से पहले डायरेक्ट केस ट्रांसफर करने पर रोक लगनी चाहिए, चुनाव ईवीएम की जगह बैलट पेपर से कराए जाने चाहिए। साथ ही चुनाव आयुक्त के चयन करने वाली कमेटी में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को शामिल करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने गाजा का नया नक्शा बनाया, 50% जमीन कब्जाई

**एजेंसी, गाजा**

**इसराइल** ने गाजा की 50% से ज्यादा जमीन पर कब्जा करके उसे अपना इलाका घोषित कर दिया है। इसराइली सेना प्रमुख ऐयाल जमीर ने गाजा सीजफायर प्लान में जिस 'येलो लाइन' का जिक्र है, उसे नई बॉर्डर बताया है।

उन्होंने सोमवार को गाजा में तैनात सैनिकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह लाइन अब इसराइल की 'सुरक्षा सीमा' की तरह काम करेगी और सेना इससे पीछे नहीं हटेगी। जमीर ने कहा कि इसराइल अपनी मौजूदा सैन्य पोजिशन नहीं छोड़ेगा। इन पोजिशन्स की वजह से इसराइल गाजा के आधे से ज्यादा हिस्से को कंट्रोल कर रहा है। इसमें गाजा की ज्यादातर खेती की जाने वाली जमीन है। इसके अलावा इसी हिस्से में मिस्त्र से लगने वाला बॉर्डर क्रॉसिंग (राफा) भी शामिल है। इसराइली सरकार ने आर्मी चीफ जमीर के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक अधिकारी ने इतना कहा कि इजराइली सेना 'सीजफायर की शर्तों के अनुसार' तैनात है और आरोप लगाया कि हमास ही सीजफायर तोड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**आर्मी चीफ बोले- यह अब नई सीमा, कब्जे वाला इलाका नहीं छोड़ेंगे**

### गाजा को दो हिस्से में बांटेगा अमेरिका

**ट्रंप** के सीजफायर प्लान के तहत अमेरिका गाजा पट्टी को दो हिस्सों में बांटेगा। इसके लिए एक लॉन्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स और इसराइली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा। फिलिस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फिलिस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। इन दोनों इलाकों के बीच एक 'यलो लाइन' खींची गई है। हिंसा और हमले की वजह से ज्यादातर फिलिस्तीनी ये इलाके पहले ही खाली कर चुके हैं। अब लगभग 20 लाख से ज्यादा लोग गाजा के पश्चिमी हिस्से की एक छोटी-सी पट्टी में रहने को मजबूर हैं।

# यूक्रेन के पास अमेरिकी हथियार खरीदने के पैसे नहीं

**एजेंसी, कीव**

**यूक्रेनी** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि इस साल अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए करीब 6,800 करोड़ रुपए कम पड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यह फंडिंग यूरोपीय देशों से आनी थी, लेकिन समय पर पैसे नहीं मिल सके, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी हो सकती है। जेलेंस्की ने यह बात लंदन में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं के साथ बैठक के बाद कही। उन्होंने कहा कि नाटो की प्रेसिडेंशियल यूक्रेन रिलीफ लोन पहल के तहत हथियार खरीद जारी रखने के लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत है, लेकिन अमेरिका ने भी मदद देना कम कर दिया है। वहीं, जेलेंसेकी अमेरिका को एक संशोधित शांति प्लान सौंपेंगे। यह प्लान ट्रम्प के 28 पाइंट प्लान को घटाकर 20 प्वाइंट में बदली गई है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने बैठक में कहा कि शांति प्रक्रिया में यूक्रेन को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय फैसले खुद लेने का पूरा अधिकार है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने दावा किया कि यूरोपीय देशों के लगाए प्रतिबंधों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ना शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### कार्लोस अल्कराज ने मियामी में प्रदर्शनी मैच में फोंसेका को हराया

एजेंसी, मियामी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्कराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा। लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोंन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्कराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोंन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था। अल्कराज और पेगुला ने मिश्रित युगल में 10 अंकों के टाइब्रेकर में अनिसिमोवा और फोंन्सेका को हराया। (अनंत ज्ञान)

### सेसा फुटबॉल अकादमी की महिला टीम ने आईडब्ल्यूएल के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी, पणजी। सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और एसएफए के पूर्व कोच अरमांडो कोलासो ने कहा कि इससे गोवा में महिला फुटबॉल को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने महिला फुटबॉलरों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अकादमी को श्रेय दिया। वेदांता सेसा गोवा के सीईओ नवीन जाजू ने कहा, ''यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला फुटबॉल के विकास और जमीनी स्तर पर इसे मजबूत करने के प्रति अकादमी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'' (अनंत ज्ञान)

### कोलकाता दौड़ में ओलंपिक और विश्व चैंपियन सहित 23000 धावक लेंगे भाग

एजेंसी, कोलकाता। कोलकाता में 21 दिसंबर को होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25 किमी दौड़ में दुनियाभर के 23,000 से अधिक धावक हिस्सा लेंगे। दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी तथा महिला वर्ग की गत विजेता सुतुम असेफा केबेडे प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण होंगे। यह इवेंट विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल रोड रेस है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने घोषणा की है कि 1:11:08 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने वाले किसी भी धावक को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस मिलेगा। कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों के विजेताओं के लिए समान इनाम रखा गया है। शीर्ष तीन को क्रमशः 15,000, 10,000 और 7,000 डॉलर मिलेंगे, जबकि नया कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर 5,000 डॉलर का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### तानिया सचदेव का खूबसूरत अंदाज

नई दिल्ली। तानिया सचदेव एक भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंडमास्टर के कई खिताब जीते हैं। वह एक शतरंज प्रस्तोता और कमेंटेटर भी हैं। तानिया भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान, अर्जुन पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं, जो उन्हें 2009 में मिला था।



## जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

# भारत-अर्जेंटीना के बीच मुकाबला आज



एजेंसी, चेन्नई

जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी तो 9 साल बाद पदक जीतने के लिए उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा।

पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा, जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालंपुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबार्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके भारतीय टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश को बखूबी पता है कि यह पदक उनकी टीम के लिए कितना जरूरी है, लेकिन उन्हें यह भी अहसास है कि सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनटों में गोल गंवाकर 1-2 से हारी अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता।

दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था। राउंड रॉबिन चरण में शानदार फॉर्म में रही भारतीय टीम ने 29 गोल किए थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था, लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कड़ी चुनौती नहीं मिल सकी थी। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद तीन मिनट के भीतर कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी के गोलों के दम पर भारत ने बढ़त बना ली, लेकिन आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते गोल गंवाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में जाने दिया।

कोच श्रीजेश ने कहा था,''हमें अपने खेल पर नियंत्रण रखना सीखना होगा और बड़ी टीमों को इतने मौके देने से बचना होगा। पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मनप्रीत सिंह और खुद कप्तान रोहित को उसी लय में खेलना होगा। दूसरी ओर अर्जेंटीना टीम अपने पूल में तीन में से दो मैच जीतकर शीर्ष पर रही थी। अर्जेंटीना के कोरिया ब्रूनो टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और छह गोल कर चुके हैं। मैच शाम 5.30 से शुरू होगा जिसके बाद फाइनल जर्मनी और स्पेन के बीच खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

# रहाणे ने खेली ताबड़तोड़ पारी, शतक से चूके

एजेंसी, नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 37 साल की उम्र में भी हार नहीं मान रहे हैं। वह लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर हैं और लगातार घरेलू क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट खेल रहे हैं और शानदार प्रदर्शन भी कर रहे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में रहाणे ने ओडिशा के खिलाफ ताबड़तोड़ 95 रनों की पारी खेली।

रहाणे ने इस मैच में 56 गेंद पर 9 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 95 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 169.64 का रहा। यह उनके टी20 करियर का 53वां अर्द्धशतक था। इसी के साथ रहाणे ने टी20 क्रिकेट में 7500 रन पूरे कर लिए हैं। वह ऐसा करने वाले 10वें भारतीय बल्लेबाज हैं। रहाणे ने 291 टी20 मैचों की 274 पारियों में 30.36 की औसत से 7531 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक भी लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 105 रन है। अपने पिछले सीजन के फॉर्म को जारी रखते हुए रहाणे ने इस सीजन भी अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है और सात मैचों की छह पारियों में 57.80 के बेहतरीन औसत से 289 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 159.67 का रहा है। 2024 सीजन में रहाणे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 9 मैचों की आठ पारियों में 58.62 की औसत से 469 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 164.56 का रहा था। उन्होंने मुंबई को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। (अनंत ज्ञान)

# टी20: कटक में टीम इंडिया और द. अफ्रीका में कांटे की टक्कर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कटक




भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आए टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल कुछ खास नहीं कर पाए।

शुभमन गिल मात्र 2 गेंदों में 4 रन बनाकर आउट हो गए। गिल को मार्को यानसन ने लुंगी एनगिडी के हाथों कैच करवाया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव भी 11 गेंदों में 12 रन बनाकर चलते बने। सूर्यकुमार को कप्तान ऐडन मार्करम ने लुंगी एनगिडी के हाथों कैच करवाया। उसके बाद तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा का साथ देते हुए पारी को संभाला, लेकिन अभिषेक शर्मा भी 12 गेंदों में 17 रन बनाकर चलते बने, उन्हें मार्को यानसन ने लूथो सिपामला के हाथों कैच करवाया। फिर अक्षर पटेल और तिलक वर्मा ने थोड़ी देर पारी को संभाला, लेकिन तिलक वर्मा ने मार्को यानसन की गेंद पर लुंगी एनगिडी को कैच दे दिया। तिलक ने 32 गेंदों में 26 रन बनाए। उसके बाद हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी करने आए और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को खूब धोया, लेकिन अक्षर पटेल ने डोनोवन फरेरा की गेंद पर शॉट खेला और लुंगी एनगिडी को कैच दे दिया। शिवम दुबे भी 11 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 175 रन बनाए। हार्दिक पांड्या (59) और जितेश शर्मा (10) रन बनाकर नाबाद रहे। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-2026 ऑक्शन की फाइनल हुई लिस्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी के एतिहद एरेना में आयोजित किया जाएगा। यह लगातार तीसरा साल होगा, जब ऑक्शन भारत के बाहर हो रहा है। 2026 के आईपीएल ऑक्शन की फाइनल लिस्ट भी बीसीसीआई ने कंफर्म कर दी है, जिसमें 1355 नहीं, बल्कि 350 खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइजियां बोली लगाई जाएंगी। बता दें कि बीसीसीआई ने शुरुआत में 1355 खिलाड़ियों की बड़ी लिस्ट तैयार की थी और फ्रेंचाइजियों से कहा था कि वे उन खिलाड़ियों के नाम बताएं, जिन्हें वे ऑक्शन पूल में देखना चाहती हैं। इसके बाद छंटनी की गई, जिसकी वजह से 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों को बाहर किया गया और 350 खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट तैयार हो गई। फाइनल लिस्ट में 35 नए नाम शामिल हुए हैं, जो पहले इस लिस्ट में मौजूद नहीं थे। इनमें सबसे बड़ा नाम है साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बैटर क्विंटन डी कॉक का है। (अनंत ज्ञान)

# बांगड़ बोले-टी20 टीम में हार्दिक पांड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने हार्दिक पांड्या की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय टी-20 टीम में उनके जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है क्योंकि यह स्टार ऑलराउंडर विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज के रूप में भी टीम में जगह बनाने में सक्षम है।

एशिया कप के दौरान चोट लगने के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने वाले हार्दिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज से भारतीय टीम में वापसी करेंगे।

बांगड़ ने कहा, ''विश्व क्रिकेट के सभी ऑलराउंडर पर गौर करिए। क्या इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स की जगह लेने के लिए कोई खिलाड़ी तैयार है। नहीं। वनडे या टेस्ट क्रिकेट में भी रविंद्र जडेजा का कोई बैकअप नहीं है। हार्दिक पांड्या के साथ भी यही स्थिति है।'' उन्होंने कहा, ''वह (पांड्या) अकेले अपनी बल्लेबाजी के दम पर शीर्ष पांच में जगह बना सकते हैं। अगर वह केवल गेंदबाज होते तो किसी भी टीम के शीर्ष तीन तेज गेंदबाजों में से एक हो सकते हैं।'' बांगड़ ने कहा,''उस तरह का ऑलराउंडर बनने के लिए आपको अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में से किसी भी एक के दम पर टीम में जगह बनाने में सक्षम होना चाहिए। भारतीय टीम में हार्दिक पाड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है।''

हार्दिक के कार्यभार प्रबंधन पर बात करते हुए बांगड़ ने कहा कि इस ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम से कम पहले तीन मैच खेलने चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें देखना होगा कि वह परिस्थितियों से कैसे सामंजस्य से बिठाते हैं। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि उन्हें विश्व कप से पहले छह या सात टी20 मैच खेलने चाहिए या नहीं।'' (अनंत ज्ञान)

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए टॉम ब्लंडेल

एजेंसी, वेलिंगटन



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ब्लंडेल को यह चोट पिछले हफ्ते क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते समय लगी थी। ब्लंडेल के बाहर होने के बाद 25 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज मिचेल हे का टेस्ट डेब्यू तय माना जा रहा है। हे बुधवार (10 दिसंबर) से बेसिन रिजर्व में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की ओर से पहली बार टेस्ट क्रिकेट में उतरेंगे।

इससे पहले न्यूजीलैंड को एक साथ तीन और खिलाड़ियों के चोटिल होने का सामना करना पड़ा था। तेज गेंदबाज मैट हेनरी (काफ इंजरी), नाथन स्मिथ (साइड इंजरी) और ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर (ग्रोइन इंजरी) सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो चुके हैं। उनके स्थान पर न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को टीम में शामिल किया है। मिचेल हे अब तक न्यूजीलैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिसमें 12 टी20 और 7 वनडे शामिल हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48.58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 17 अर्द्धशतक और 146 रन का एक शतक भी दर्ज है। उधर, काइल जैमीसन रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की योजना के तहत टीम के सपोर्ट स्टाफ के साथ काम कर रहे हैं और हाल ही में उन्होंने प्लंकेट शील्ड में कैंटरबरी के लिए सेंट्रल स्टैग्स के खिलाफ मुकाबला खेला था। (अनंत ज्ञान)

## जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग की शुरुआत

एजेंसी, जमशेदपुर। भारतीय फुटबॉल में ऐतिहासिक कदम रखते हुए जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग आयोजित हुई, जिसमें सात टीमों ने भाग लिया। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों वाली टीमें लीग में शामिल हैं।

पहले केवल चार टीमों की योजना थी, लेकिन बाद में तीन और टीमों को जोड़ा गया। यह आयोजन जमशेदपुर सुपर लीग का हिस्सा है। उद्घाटन दिन जमशेदपुर एफटी ने चाईबासा एफसी को 7-0 से, और कोल्हान टाइगर एफसी ने चक्रधरपुर एफसी को 3-0 से हराया। इंदिरानगर एफसी और नोआमुंडी एफसी का मैच गोलरहित रहा। जमशेदपुर एफटी की चार गोल दागने वाली पूजा सोय ने कहा, 'पहली बार मुझे महसूस हुआ कि मुझे मेरे खेल के लिए देखा जा रहा है, न कि मेरे लिंग के लिए।' (अनंत ज्ञान)

# हेजलवुड एशेज से बाहर, कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी तय

एजेंसी, ब्रिस्बेन





आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं, लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की सीरीज के बाकी मैच में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से आगे है।

आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, ''वह एशेज सीरीज से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस सीरीज में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी।''

इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था।

तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है। कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई कर रहे हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, ''हमें लगता है कि वह पूरी तरह से तैयार होंगे। उन्होंने जिस तरह से अभ्यास किया है उसे देखकर हमें लगता है कि वह एडिलेड की चुनौतियों के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में होंगे।''

चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा। (अनंत ज्ञान)

# डेजर्ट वाइपर्स ने सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हराया

एजेंसी, दुबई



सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया।

जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया।

सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है।

इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया। अजमतुल्लाह उमरजई ने जायंट्स के लिए चार विकेट लिए। गल्फ जायंट्स ने आक्रामक शुरुआत की। उसकी तरफ से पथुम निसांका (29 गेंदों पर 56 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज (31 गेंदों पर 41 रन) ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 73 रन जोड़े। उनके अलावा जेम्स विंस ने 22 गेंदों पर 25 रन और उमरजई ने 13 गेंदों पर 20 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

# ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाला आखिरी कप्तान कहलाना पसंद नहीं : भास्करन

एजेंसी, चेन्नई

मॉस्को ओलंपिक 1980 में भारत को आखिरी हॉकी स्वर्ण दिलाने वाले कप्तान वासुदेवन भास्करन ने कहा है कि वह 45 साल से जारी इंतजार को 2036 में खत्म होते देखना चाहते हैं। उनके मुताबिक यह तभी संभव है जब समय पर नई प्रतिभाओं को टीम में जगह दी जाए। भास्करन ने कहा कि पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद बना खालीपन जल्दी भरना होगा और टीम के कम से कम 4-5 वरिष्ठ खिलाड़ियों को जगह जूनियरों के लिए छोड़नी होगी।

उन्होंने 1997 और 2016 जूनियर विश्व कपों का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंटों से भारत को कई बेहतरीन खिलाड़ी मिले हैं और बदलाव की प्रक्रिया यहीं से शुरू होनी चाहिए। 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी और क्रिकेट दोनों के शामिल होने पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल देशों में हॉकी का स्तर ऊंचा है, इसलिए यह युवा खिलाड़ियों के लिए 'मिनी वर्ल्ड कप' जैसा मंच होगा। टीम प्रबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि कोचों को बार-बार बदलना प्रदर्शन पर असर डालता है, इसलिए कम-से-कम चार साल का कार्यकाल दिया जाना चाहिए। स्टाफ में तीन कोच, फिजियो, ट्रेनर और सपोर्ट स्टाफ का होना भी जरूरी बताया।

अगले साल नीदरलैंड-बेल्जियम विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच कम अंतर होने पर उन्होंने कहा कि भारत को विश्व कप को प्राथमिकता देनी चाहिए। एशियाई खेलों में कठिन मुकाबला केवल कोरिया या जापान से होगा, और यदि सीधा ओलंपिक टिकट न भी मिले तो क्वालीफायर का रास्ता मौजूद है।

भास्करन के अनुसार भारत के पास 35 खिलाड़ियों का मजबूत कोर ग्रुप है, और दो हफ्ते के विश्व कप के बाद 15 दिन की रिकवरी लेकर टीम एशियाई खेलों में उतर सकती है। (अनंत ज्ञान)

## मेस्सी-सुआरेज मुंबई में करेंगे रैंप वॉक

एजेंसी, कोलकाता। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी भारत दौरे के दौरान मुंबई में एक धर्मार्थ फैशन शो में रैंप वॉक करेंगे। मेस्सी, लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डे पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के इस शो में शामिल होंगे। आयोजकों ने मेस्सी से अनुरोध किया है कि वह 2022 विश्व कप जीत से जुड़ी कुछ यादगार वस्तुएं नीलामी के लिए लाएं। मुंबई का कार्यक्रम वानखेड़े स्टेडियम में शाम पांच बजे शुरू होगा, जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में पेडल कप आयोजित होगा। सुआरेज एक म्यूजिक शो में भी हिस्सा लेंगे। कोलकाता चरण में मेस्सी की 70 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण सुरक्षा कारणों से वर्चुअली होगा। मेस्सी शनिवार तड़के कोलकाता पहुंचेंगे, जहां 'मीट-एंड-ग्रीट', फ्यूजन फूड फेस्टिवल और सॉल्ट लेक स्टेडियम में 70 हजार दर्शकों की मौजूदगी वाला कार्यक्रम तय हैं। उनका दुर्गा पूजा के लिए बना विशाल भित्ति-चित्र भी उन्हें भेंट किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम फाइनल्स में एरिगैसी ने कार्लसन को हराया



एजेंसी, नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के यूटबोस प्राइवेट नेचर रिजर्व में जारी फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम फाइनल्स में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को राउंड-रॉबिन चरण में मात दी।

सात राउंड के बाद अर्जुन एरिगैसी ने 4.5 अंक जुटाए और तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। जावोखिर सिंदारोव 5.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जबकि लेवॉन एरोनियन ने 5 अंकों के साथ दूसरा स्थान पाया। ग्रुप स्टेज के शीर्ष तीन खिलाड़ियों को क्वार्टरफाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी चुनने का अधिकार मिला। इस अधिकार के साथ सिंदारोव ने सबसे पहले चयन किया। नॉकआउट चरण में अर्जुन एरिगैसी का सामना जर्मनी के विंसेंट कीमर से होगा, जबकि कार्लसन का मुकाबला फैबियानो करुआना से तय हुआ है। यह प्रतियोगिता सालभर चलने वाले फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर की पांचवीं कड़ी है, जिसके पहले चरण जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में आयोजित हो चुके हैं। फाइनल्स के विजेता को 2025 फ्रीस्टाइल चेस चैंपियन का खिताब मिलेगा।

हालांकि, टूर स्टैंडिंग्स में मैग्नस कार्लसन अब भी शीर्ष पर हैं। यदि वे फाइनल्स में चौथे स्थान पर भी रहते हैं, तो पूरे टूर के विजेता बनना उनके लिए सुनिश्चित हो जाएगा, जिसके साथ एक लाख डॉलर का बोनस पुरस्कार जुड़ा है। (अनंत ज्ञान)